

# भोर

सामाहिक राशिफल



ज्योतिषीय दृष्टि से भी खास छठ महापर्व

बोले सितारे

गोरखपुर, रविवार १५ नवम्बर २०२६ सौर २९, कार्तिक शुक्ल ६, सं. २०८३ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना (कोलकाता संस्करण), रांची तथा जमशेदपुर से प्रकाशित, (वर्ष-४६ पू.सं. २०४१२९३ | * नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये




# यूपी में अग्निवीरोंको २० प्रतिशत आरक्षण-योगी

## शहीदके परिवारोंको ५० लाखकी सहायता, वीरता पुरस्कार राशि होगी दोगुनी

मेरठ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किये जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए।



वर्दीधारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# भारतमें २०१४ में खत्म कर दिया गया था लोकतन्त्र-राहुल

हैदराबाद (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन 2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और निर्वाचन आयोग को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसा मतदाता बताया गया जिसका कोई अस्तित्व नहीं था या फिर ऐसा व्यक्ति बताया गया जिसने वोट ही नहीं दिया था। अगर निर्वाचन आयोग ने 14



### कहा-१४ करोड़ मतदाता अवैध होनेपर वैध कैसे हो सकता है चुनाव

करोड़ मतदाताओं को अवैध गैर-मतदाता घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने आगे कहा महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ। हमारे गठबंधन ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। लेकिन तीन महीने बाद ही हम बुरी तरह हार गये। जब हमने इसकी बारीकियों को देखना शुरू किया, तो पाया कि दोनों चुनावों में हमें बिल्कुल बराबर वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नये मतदाता जुड़ गये। इन सभी 70 लाख मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया। इसके बाद भाजपा चुनाव जीत गयी। राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा। ऐसा चुनाव हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में लाखों-करोड़ों डॉलर लगाये गये। जिस चुनावी व्यवस्था का इस्तेमाल करीबी मुकाबलों और गठबंधन की राजनीति के लिए किया जाता था, उसे अचानक पूरी तरह बदल दिया गया। अगर मैं ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# अन्तिम गेंद पर भारत चैम्पियन

## अण्डर-१९ एशिया कप में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया

अल अमेरात (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाजों लक्ष्य रायचंदानी (८०) और आर्यवीर सहवाग (५८) के अर्द्धशतकों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों मोहित उल्वा (नाबाद ४९) और मनल चौहान (४७) के बीच नौवें विकेट के लिए की गयी ५७ रन की साझेदारी से भारत ने बेहद रोमांचक फाइनल में गत चैम्पियन पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर एक विकेट से हराकर नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब जीत लिया। पाकिस्तान के ३३८ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर के बीच पहले विकेट की ९५ रन की साझेदारी से एक विकेट पर १४६ रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। हालांकि इसके बाद ४२वें ओवर तक पाकिस्तान ने भारत का स्कोर आठ विकेट पर २५२ रन कर दिया। मोहित ने इसके बाद मनल के साथ मिलकर भारत को वापसी दिलाई और अहमद हुसैन की मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर भारत को नौ विकेट पर ३३९ रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी। भारत ने इससे पहले १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९, २०२१ में यह ट्राफी जीती थी। इस जीत के साथ टीम इण्डिया ने लीग चरण और पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया।



# कांग्रेसने यूपी में सपा से मांगी १८१ सीटें

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे की चर्चा तेज हो गई है। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुलासा किया है कि कांग्रेस ने विधानसभा की 403 सीटों में से 181 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग की है। उन्होंने ये बातें शनिवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में कहीं। सीटों की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस ने 100 सीटों से अधिक की मांग की है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने 200 सीटें मांगी हैं, तो उन्होंने कहा कि इससे कुछ कम। इसके बाद 180 सीटों के सवाल पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा 180 में एक और जोड़ लीजिए। उनके इस बयान से कांग्रेस की ओर से 181 सीटों की मांग किए जाने का संकेत मिला। सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर 17 नवंबर को बैठक होने की संभावना है। हालांकि, सीटों की संख्या पर अंतिम फैसला होना बाकी है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने 12 दिसंबर को अयोध्या जाने के अपने कार्यक्रम की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हालिया चुनाव में अयोध्या के लोगों से जो आशीर्वाद मिला है, उसका धन्यवाद देने वहां जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मिला है, तो धन्यवाद देने जाना पड़ेगा। जहां आशीर्वाद मिला हो, वहां कौन ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### सीट बंटवारेको लेकर १७ को बैठककी सम्भावना

### लखनऊ में वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ (आससे)। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में वकीलों ने प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ रहे अधिवक्ताओं ने पुलिस की एक बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद कुछ वकील दूसरी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। अधिवक्ताओं का पैदल मार्च कैसरबाग स्थित न्यायालय परिसर से शुरू हुआ। यहां से परिवर्तन चौक और अटल चौक होते हुए वकील विधानसभा की ओर बढ़े। प्रदर्शन को प्रदेश के कई अधिवक्ता संगठनों का समर्थन मिला है। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून की जरूरत है। वहीं, विधानसभा घेराव के ऐलान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। हजरतगंज समेत मार्च के पूरे रास्ते पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कई थानों की पुलिस के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल भी लगाया ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# छठ पूजा पर २४ घंटे मिलेगी निर्बाध बिजली

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दीपावली के बाद अब छठ पूजा पर भी 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि त्योहार के दौरान गांव से लेकर शहर तक उपभोक्ताओं को सुचारु, सुरक्षित और भरोसेमंद बिजली मिले। पावर कारपोरेशन अलर्ट मोड पर हैं। छठ पूजा घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं यूपीपीसीएल के अध्यक्ष रणबीर प्रसाद ने छठ पूजा पर प्रदेशवासियों को अनवरत, सुचारु विद्युत आपूर्ति करने को कहा है। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंताओं और अधिकारियों को कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय बिजली बाधाओं को तत्काल दूर करने, पर्याप्त मरम्मत गैंग, ट्रॉली ट्रांसफार्मर और जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। रणबीर प्रसाद ने अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग, ट्रांसफार्मर व फीडर का लोड जांचने तथा ढीले तारों और झुके बिजली पोलों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूजा स्थलों पर किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।वहीं बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमांचल समेत सभी डिस्कॉम के जनपदों में विभागीय टीमें लगातार अनुरक्षण और मेंटेनेंस कार्य कर रही हैं। बिजली लाइनों, ट्रांसफॉर्मरों और अन्य विद्युत उपकरणों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को सुरक्षित और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में फील्ड पर तैनात बिजलीकर्मियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विभागीय टीमें बिजली लाइनों के रखरखाव से लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान तक पूरी तत्परता से जुटी हैं।






# ई-कामर्स कम्पनी इंस्टाकार्ट सर्विस से ६.५१ करोड़ की धोखाधड़ी

**अपराध संवाददाता**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। जनपद में ई-कामर्स और लॉजिस्टिक्स कम्पनी इंस्टाकार्ट सर्विस से ६.५१ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार कम्पनी से जुड़े एडनेक्स के डायरेक्टर व अन्य ने कैश ऑन डिलेवरी के दौरान ग्राहकों से वसूली गई रकम इंस्टाकार्ट के खाते में जमा करने की जगह दूसरे के खाता में जमा कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कम्पनी की तरफ से पुलिस को दिये शिकायत पत्र में कहा गया है कि अगस्त २०२५ से कम्पनी प्रदेश के ३४ डिलीवरी हब का संचालन कर रही थी, जिसकी जिम्मेदारी ग्राहकों से कैशन ऑन डिलीवरी की रकम लेकर तय प्रक्रिया के तहत इंस्टाकाट्ट के बैंक खाता में जमा कराने का था। सामान्य दिनों में इन ३४ हब से प्रतिदिन २० से २५ लाख रुपया जमा होते थे, बिग बिलियन डेज जैसे फेस्टिवल सेल के दौरान यह धनराशि ३० से ३५ लाख प्रतिदिन तक होती थी। आरोप है कि ग्राहकों से वसूली गई रकम दूसरे खाता में जमा की जाने लगी। कम्पनी ने जब इस संबंध में

❖ ग्राहकों से कैश ऑन डिलीवरी से वसूली गई रकम बैंक खाता में जमा नही करने का है आरोप

हिसाब मांगा तब आरोपियों ने नगदी की कमी बताया। आरोप है कि ईमेल के जरिये आरोपियों ने ग्राहकों से मिले कैश का उपयोग राइडर्स के वेतन और आफिस खर्च में व्यय होने की बात स्वीकार की थी। बाद में कम्पनी ने आरोपियों को १५ अक्टूबर २०२६ को नोटिस भेजकर चकाया धनराशि जमा कराने को कहा, तब १९ अक्टूबर को एडनेक्स की ओर से ईमेल कर ३ करोड़ का लोन लेने और बकाया चुकाने का दावा किया। लेकिन भुगतान नही किया गया अब एडनेक्स के निदेशक अजीत कुमार तिवारी और अंकित पाण्डेय कार्यालय और अपने फोन बंद करके फरार हैं। मामले में पुलिस शाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की है।

## पैसों के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, तीन के खिलाफ केस

गोरखपुर, १४ नवम्बर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 मुंडेरा बाजार में पैसों के लेन-देन के विवाद में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर महिलाओं समेत परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा गया। पीड़ित की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार मुंडेरा बाजार निवासी सोनू गुप्ता पुत्र बजरंगीलाल ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को चंदन वर्मा, दीपक वर्मा और कुंदन वर्मा गाड़ी से उनके घर पहुंचे। पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद आरोपियों ने सोनू, उनके भाई मोनू, बहन शोभा और भाभी प्रमिला देवी की पिटाई कर दी।

## हरिओम यादव का किया गया भव्य स्वागत

गोरखपुर, १४ नवम्बर। तहसील क्षेत्र के गगहा में आयोजित गोरखपुर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में बांसगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत महसिन खास निवासी हरिओम यादव पुत्र राधेश्याम यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर केसरी का खिताब अपने नाम कर लिया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शनिवार को गाड़ियों काफिले के साथ भ्रमण कर रहे हरिओम का बांसगांव में लोगों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार गोरखपुर केसरी का खिताब जीतने के बाद गाड़ियों के काफिले में समर्थकों संग बांसगांव पहुंचे हरिओम यादव का हिन्दूवादी नेता मृत्युंजय सिंह द्वारा सहयोगियों के साथ अपने आवास पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मृत्युंजय सिंह ने कहा कि हरिओम यादव के गोरखपुर केसरी बनने से क्षेत्र के लोगों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से हरिओम यादव का जोरदार स्वागत किया। तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किडनी रोग बन रहे हैं 'साइलेंट किलर'

गोरखपुर, १४ नवम्बर। किडनी (गुर्दे) की बीमारियां आज तेजी से गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही हैं। शुरुआती चरणों में स्पष्ट लक्षण सामने नहीं आने के कारण अधिकांश मरीजों को बीमारी का पता तब चलता है, जब किडनी काफी हद तक प्रभावित हो चुकी होती है। यही वजह है कि किडनी रोगों को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है। नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर पहचान और उचित उपचार के माध्यम से इस बीमारी की गंभीरता एवं बढ़ते बोझ को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इन्हीं महत्वपूर्ण विषयों पर चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा जानकारी उपलब्ध कराने तथा विभिन्न विशेषज्ञताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से स्टार हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, गोरखपुर एवं ग्लोम्स डायलिसिस केयर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 14 नवंबर को सरोवर पोर्टिको, गोरखपुर में एक विशेष कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (CME) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 60 चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के



♦ शुरुआती जांच और समय पर उपचार से बचाई जा सकती हैं अनमोल जिंदगियां

मुख्य वक्ता डॉ. अनिंद्य बिस्वास (DNB-नेफ्रोलॉजी), सीनियर कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष, शांति मुकुंद हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने किडनी रोगों के बढ़ते मामलों, उनके कारणों, शुरुआती लक्षणों, जांच एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किडनी रोगों का प्रभावी प्रबंधन केवल नेफ्रोलॉजिस्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, सर्जन एवं नेफ्रोलॉजिस्ट के बीच बेहतर तालमेल, समय पर रेफरल और मरीज की स्थिति के अनुसार उपचार की उचित योजना बेहद आवश्यक है।डॉ. बिस्वास ने कहा कि किडनी की बीमारी का असर शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों पर भी पड़ सकता है। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में डॉ. वजाहत करीम (सीनियर लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. विरेश गुप्ता (एमडी-जनरल मेडिसिन) एवं डॉ. नवनीत जयपुरियार (एमडी-कार्डियोलॉजी) चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जागरूकता कार्यक्रम-डॉ. सुषमा

गोरखपुर, १४ नवम्बर। ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. सुषमा भास्कर माटे ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम मरीजों एवं आमजन के स्वास्थ्य संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहा है, जिससे बचाव के लिये संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सभी लोगों से समय-समय पर रक्त शर्करा की जांच कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। चिकित्सा निदेशक डॉ. मो. ए.ए. खान ने उपस्थित लोगों को मधुमेह सम्बन्धी लक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार भूख लगना, बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, थकान एवं



कमजोरी महसूस होना तथा घाव भरने में देरी होना मधुमेह के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। डॉ. खान ने मधुमेह से बचाव एवं नियंत्रण के उपायों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि संतुलित एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करना, नियमित रूप से व्यायाम एवं योग करना, शरीर का वजन नियंत्रित रखना, मीठे एवं अत्यधिक कैलोरी युक्त पदार्थों के सेवन में कमी करना तथा समय-समय पर रक्त शर्करा की जांच कराना अत्यंत आवश्यक है।संगोष्ठी में मुख्य सर्जन डॉ. सुरेश पाल, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिशियन डॉ. एम. नाथ, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक, बाल रोग डॉ. उमेश मौर्य तथा वरिष्ठ मंडल चिकित्साधिकारी डॉ. पवन पाल ने मधुमेह से बचाव हेतु जागरूक रहने, नियमित दिनचर्या अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाये रखने तथा समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा मधुमेह के सम्भावित लक्षणों को गंभीरता से लेते हुये समय पर रक्त शर्करा की जांच कराने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. नन्द किशोर प्रसाद, डॉ. यशांशु गुप्ता सहित मरीज, उनके परिजन तथा चिकित्सालय के चिकित्साकर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## भारतीय रेलवे ने नेपाल के जनकपुर धाम को भारत के अयोध्या से जोड़ने वाली साप्ताहिक ट्रेन सेवा को मंजूरी दी

गोरखपुर, १४ नवम्बर। भारत-नेपाल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय रेलवे ने नेपाल के जनकपुर धाम और भारत के उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या के बीच एक नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरू करने को मंजूरी दी है।यह सेवा रामायण परंपरा से गहराई से जुड़े दो स्थानों-माता सीता की जन्मस्थली माने जाने वाले जनकपुर धाम और प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या-के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क स्थापित करेगी। यह पहल दोनों देशों के यात्रियों को इन प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगी, साथ ही उनकी साझा सभ्यतागत विरासत को भी मजबूत करेगी। लगभग 604 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह साप्ताहिक सेवा जनकपुर धाम को अयोध्या कैंट से जोड़ेगी, जो बिहार और उत्तर प्रदेश के कई महत्वपूर्ण कस्बों और शहरों से होकर गुजरेगी। अपने टर्मिनल स्टेशनों के अलावा, यह ट्रेन जयनगर, मधुबनी, सिंशो, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर और अयोध्या धाम में भी रुकेगी।यह सेवा सप्ताह में एक बार चलेगी; जनकपुर धाम से यह शनिवार को और अयोध्या कैंट से सोमवार को रवाना होगी। इस नई सेवा से तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और अन्य यात्रियों के लिए सीमा पार यात्रा अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। इससे जनकपुर और अयोध्या के बीच धार्मिक यात्राओं को बढ़ावा मिलेगा, रामायण से जुड़े पर्यटन सर्किट को प्रोत्साहन मिलेगा, और शिक्षा, व्यापार तथा पारिवारिक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

बेहतर रेल संपर्क से इस मार्ग पर पड़ने वाले क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे पर्यटन संचालकों, हॉस्पिटैलिटी (आतिथ्य) क्षेत्र, स्थानीय व्यापारियों और पारंपरिक कारीगरों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

## इंटरैक्टिव हाइजीन लर्निंग एक्सपीरियंस के साथ बाल दिवस मनाया

गोरखपुर, १४ नवम्बर। बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेकिट के प्रमुख जनस्वास्थ्य अभियान 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' ने बाल दिवस के अवसर पर गोरखपुर स्थित डेटॉल हाइजीन प्ले पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 100 से अधिक बच्चों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। खेल, रचनात्मक गतिविधियों और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, सही तरीके से हाथ धोने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में गोरखपुर के मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट इन चीफ डॉ. संजय कुमार वर्मा और जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर के कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ. प्रशांत अस्थाना भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की गतिविधियों में भागीदारी की सराहना की, उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किए और उनके साथ स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बिल्डिंग ब्लॉक्स गतिविधि रही, जिसका संचालन संडे ब्रिक्स की संस्थापक एवं चीफ प्ले प्रमोटर मृणाल शाह ने किया। इस गतिविधि में बच्चों ने समूह बनाकर ब्लॉक्स और ईंटों की मदद से विभिन्न मॉडल तैयार किए।

## केडीआरटी पीजी कॉलेज के संस्थापक की मनाई गई पुण्यतिथि

गोरखपुर, १४ नवम्बर। कबूतरी देवी राजेश्वर त्रिपाठी स्मारक पीजी कॉलेज, बालेन्द्रपुरी डुमरी खास में कालेज के संस्थापक स्व. बालेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी की पूर्णतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर उनके पुत्र ई. राधेश्याम त्रिपाठी, अमिता त्रिपाठी कालेज के प्रबंधक मनीष वर्मा, उषा दूबे, जयंती पाण्डेय द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना, 44 बटालियन और 15 गर्ल्स बटालियन एनसीसी और रेंजर रोवर्स, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यवान कुमार यादव, डॉ. राम प्रभाकर धर द्विवेदी, डॉ. बलजीत, डॉ. साधना त्रिपाठी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ.राघवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ. शैलेश पाण्डेय, डॉ.शैलेश, डॉ. मंजुला त्रिपाठी, डॉ. रामू गुप्ता, लेफ्टिनेंट बंदिता त्रिपाठी, डॉ. ममता श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में बुजुर्ग पर हमला

गोरखपुर, १४ नवम्बर। चिलुवाताल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एकजुट दबंगों ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया, चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे बुजुर्ग के बेटे और उसकी बेटी को भी लाठी डंडासे मारकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महिला सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल थानान्तर्गत बरियारपुर ग्रामसभा निवासी गजानंद यादव को बेटी खुशबू यादव ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि उनके गांव के निवासी बृजानंद यादव और उनके घर के बीच पुरानी रंजिश है। बृजानंद यादव व उनकी पत्नी विन्दावती देवी एकजुट होकर गाली गुफ्ता देते हुए उनके दरवाजे पर चढ़ गये। दरवाजे पर मौजूद उनके पिता ने जब विरोध किया तब दबंगों ने घर पर चढ़ कर उनपर हमला कर दिये। शोर सुनकर मौके पर जब बीच बचाव को वह पहुंची तब सभी ने उसके साथ ही गाली-गलौज व अभद्रता की। शोर सुनकर उसके दोनों भाई मौके पर पहुंचे तो मनबढ़ों ने सभी को ईंट और लाठी मारपीट कर घायल कर दिया घटना की सूचना पर डॉयल ११२ पर पुलिस को दी गई तो आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए घर लौट गये। इस संबंध में थाना प्रभारी चिलुवाताल सूरज सिंह ने बताया कि मामले में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## जगदीशपुर में तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को मारी टक्कर

गोरखपुर, १४ नवम्बर। एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कस्बे में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां सड़क पार कर रहे एक 50 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में वृद्ध के साथ-साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनपुर निवासी बनारसी निषाद (50), जो राजबली के पुत्र हैं, शुक्रवार को अपने घर में आगामी 26 नवंबर को होने वाली शादी का कार्ड बांटने के लिए अपनी ससुराल बेलवार, गोरखपुर जा रहे थे। जब वे जगदीशपुर कस्बे की दक्षिणी मुख्य लेन पर संदीप वस्त्रालय के पास पहुंचे और सवारी पकड़ने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी कुशीनगर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल

गोरखपुर, १४ नवम्बर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सिद्धिविनायक मैरिज हॉल के सामने तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार बाल खुर्द निवासी अवधेश राय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 नवंबर को वह अपने साथी सूर्यनाथ यादव उर्फ छोटे के साथ ट्रैक्टर का पार्ट लेने दुमरी खुर्द जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से सूर्यनाथ को एम्स में भर्ती कराया गया।

# प्राचीन शिव मंदिर में छह महीने के भीतर दूसरी बार तोड़फोड़

गोरखपुर, १४ नवम्बर। गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड़ गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा एक बार फिर तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार शाम मंदिर परिसर में माता पार्वती की प्रतिमा को खंडित अवस्था में देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। खास बात यह है कि पिछले छह महीने के भीतर मंदिर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। सहजनवां प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार शाम करीब पांच बजे गांव की एक महिला रोज की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची थी। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही उसकी नजर खंडित प्रतिमा पर पड़ी। महिला ने तत्काल शोर मचाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जुट गए और घटना को लेकर अपना विरोध जताया।घटना की सूचना तत्काल गीडा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (सीओ) गीडा भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया।

# छठ पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा

गोरखपुर, १४ नवम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पांच कालिदास मार्ग के सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छठ पर्व की तैयारियों, कानून व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने छठ पर्व को श्रद्धा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का महत्वपूर्ण महापर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाबों, पोखरों और अन्य जलाशयों के किनारे एकत्र होते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जहां घाटों पर पानी अधिक गहरा है या फिसलन की संभावना है, वहां बैरिकेडिंग कराई जाए। खतरनाक स्थानों को चिह्नित कर श्रद्धालुओं को वहां जाने से रोका जाए। घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल, गोताखोर, जल पुलिस और आपदा राहत से जुड़े कर्मियों की तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा के दौरान महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में घाटों पर पहुंचते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। घाटों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की जाए। गोरखपुर मंडलायुक्त सभागार में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एडीजी जोन राम कुमार, डीआईजी रेंज एस. चन्नप्पा, मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, नगर आयुक्त अजय जैन, जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, गीडा के सीईओ विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी आदि उपस्थित रहे।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज : ३, लीडर रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, आपलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं.-३, फरमाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-ai gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

---

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा 2016 अनुक्रमांक 2786878 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **अविनाश यादव** पुत्र श्रवण, परसहता कसया जिला कुशीनगर।

**Notice-** I hitherto known as HAGRAT ALI S/o YUSUF ALI R/o 181 , Gulhariya , Pipraich , Jhungiya Bazar , Gorakhpur , Uttar Pradesh – 273013 . have changed my name and shall hereafter be known as **HAJARAT ALI SHEKH .**

**Notice-** I hitherto known as KAMLE SVR GUPTA S/o RAM ASHRE GUPTA R/o H N 143 , Mahewa MU . Gorakhpur , Gorakhpur , uttar Pradesh – 273001 . have changed my name and shall hereafter be known as **KAMLESVR GUPTA .**

**सूचना**-मैं **करन कुमार यादव** उर्फ **गम्हा यादव** पुत्र रामाकान्त, ग्राम पिपरही कान्ही टोला, अमवा खास, पो० दशहवां, जनपद कुशीनगर। मेरा नाम किसी कागजात में करन कुमार यादव अंकित है तो किसी कागजात में गम्हा यादव अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अब मुझे करन कुमार यादव उर्फ गम्हा यादव पुत्र रामाकान्त के नाम से जाना जाए।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Hdfc Life की पॉलिसी नंबर 04155953 में मेरा नाम Manoj Kumar दर्ज हो गया है जो की गलत है, मेरे आधारकार्ड के अनुसार मेरा सही नाम Manoj Kumar Gaur है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनोज कुमार गौर** पुत्र सुबाष चन्द्र गौर, निवासी 780, कैलाशपुरी लेन नं 3, जिला देवरिया, 274001.

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.-01**, ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं. "ई-जीकेपी-एसब्लूएस-2026-27" "सफाई, रिमूवल एंड एप्लीकेशन ऑफ कास्ट विनाइल ग्राफिक फिल्म फॉर एक्सटीरियर ऑफ मेसर्स एंड अल्योदय कोचेज कॉर्प ज पैरियड ऑफ 24 मंथ्स इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर।" अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 3,78,93,658.08, धरोहर राशि (रू०में): ₹ 7,57,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०में): शून्य, निविदा समाप्त की तिथि एवं अवधि 11:00 बजे दिनांक 08-12-2026, संविदा की अवधि: 24 माह।

• उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी०/कार्य, यां० कार० गुजाधि/यांत्रिक-103 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2514344 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र खो गया है। **मो.आमिर** पोस्ट लियाकत अली, ग्राम व पोस्ट खुखुंदू जिला देवरिया।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2873897 का सह प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **अभिनव कुंवर** पुत्र उपेन्द्र कुंवर, माता विन्दु देवी,ग्राम कनकपुरा, पोस्ट सोहनरिया, जिला देवरिया।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर राममूरत पुत्र शिवरतन की मृत्यु दिनांक 07-02-1993 को अपने निवास पर हो चुकी है। **राजकुमारी पटवा** पत्नी स्व. रमेश कुमार पटवा, मकान नं.-0023, उर्दू बाजार, गोरखपुर।
मो.-9112536628

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Sudarshan Yadav से बदल कर Ram Sudrshan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **Ram Sudrshan** पुत्र Brijnath, निवासी बेलदार शिवपुर, थाना-गगहा, गोरखपुर-273412

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम बलेशर व जन्मतिथि 2-5-1988 अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बलेशर चौहान व जन्मतिथि 2-5-1998 अंकित है। मुझे बलेशर चौहान के नाम से जाना पहचाना जाए। **बलेशर चौहान** पुत्र सुगन चौहान, ग्राम शेरवा बभनौली पोस्ट खुखुन्दु थाना खुखुन्दु, जिला देवरिया।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर द्वारा आवंटित राप्तीनगर विस्तार स्थित पत्रकारपुरम विस्तार मानबेला स्थित मेरे फ्लैट जिसका प्रदेशन पत्र संख्या 973 मौजा-फ्लैट संख्या 15/204 है, जो कि दिनांक 03-09-2026 को बरगदवा रेलवे क्रॉसिंग के पास कहीं खो गया है। **गरिमा सिंह** पत्नी राहुल सिंह निवासी म.न. -230/1 पुर्दिलपुर गोलघर नेशनल मेडिकल स्टोर के पीछे तहसील सदर गोरखपुर 273001

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2219123 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया। **जहूर अंसारी** पुत्र मुजफर अंसारी, ग्राम व पोस्ट रामापासी जिला सिवान।

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा 2013 अनुक्रमांक 2941718 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **कुनाल सिंह** पुत्र विजय प्रताप सिंह ग्राम व पोस्ट भलुअनी जिला देवरिया।

**Notice-** I, SATOSH SAH S/o SUKHDEV SAH R/o Luxmipur , Luxmipur , Luxmipur , Kushinagar , Uttar Pradesh – 274303 . have changed the name of my minor Son PRINS KUMAR aged 16 years and he shall hereafter be known as **PRINCE SAH .**

**Notice-** I hitherto known as KM MAMATA CHAUDHARY W/o VINOD KUMAR R/O Semarahani , Mudila , Chandanpur , Laxmipur , Maharajganj , Uttar Pradesh – 273162 . have changed my name and shall hereafter be known as **KM MAMTA CHAUDHARY .**

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में नाम सुमौती दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम सुगान्ती है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुगान्ती** पत्नी बिनय कुमार, ग्राम बनकटिया बरछौली, पोस्ट बड़कागांव, जिला देवरिया, उ०प्र०, 274601.

**INFORMATION-** It is hereby, informed to the General Public that, I, Shree Narayan Sharma S/o Sh. Dwarika Prasad Sharma, R/o Andar Kila (SDO Road), Hajipur, Vaishali, Bihar-844101, have lost the following Original Provisional Allotment Letter No's JGNKRH142803 dated 06-12-2012, Unit No. KRH0142803, JGNKRH 182803 dated 06-12-2012, Unit No. KRH0182803, JGNKRH 182804 dated 06-12-2012, Unit No KRH0182804 in KRESCENT HOMES project at JAYPEE GREENS Wishtown, Sector 134, Noida-201304, U.P. Any one finding the said documents is requested to kindly

# आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं

**निज प्रतिनिधि**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को आज खरना हुआ। खरना में व्रती महिलाओं ने पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत भी हो गई। रविवार 15 नवंबर को व्रती महिलाएं नदी, तालाब और अन्य जलाशयों के घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। सोमवार 16 नवंबर को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। इसके बाद व्रती महिलाएं पारण कर व्रत पूरा करेंगी। आज सुबह से ही घरों में महिलाएं पूजन सामग्री व्यवस्थित करने में जुटी रहीं। कहीं अनाज सुखाने तो कहीं ठेकुआ बनाने के लिए आटा, गुड़ और घी की व्यवस्था की जा रही है। परिवार के अन्य सदस्य भी पर्व की तैयारियों में हाथ बंटा रहे हैं। छठ में कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए और मौडियों से लेकर फुटपाथ तक अस्थायी दुकानें लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। केरवा जे फरेला घवद से जैसे पारंपरिक गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। परिवार के सदस्य छठ पूजा की तैयारियों में रम गए हैं। छठ को लेकर बाजारों में भी भीड़ बढ़ गई है। फल सजी हैं। केला, नारियल, सेब, संतरा, अनानास सहित पूजन में इस्तेमाल होने वाले मौसमी फलों की खरीदारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। बांस के सूप, दउरा, ढकनी, मिट्टी के दीपक और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी चहल-पहल है। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए सामान की उपलब्धता बढ़ा दी है। व्रती महिलाएं और उनके स्वजन पूजा में चढ़ाए जाने वाले फलों और अन्य सामग्री की सूची के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। उधर, छठ पूजा को लेकर महानगर के प्रमुख घाटों पर भी तैयारियां तेज हैं। राप्ती नदी के राजघाट और तकियाघाट, सूर्यकुंड धाम, रामगढ़ताल, चिलुआताल सहित अन्य प्रमुख जलाशयों के किनारे साफ-सफाई, वेदी निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और सजावट का काम कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने और अर्घ्य के दौरान सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



♦ खरना का पारण करने के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

# छठ महापर्व: पू.रे. ने यात्रियों के लिए किया व्यापक प्रबंध

गोरखपुर, १४ नवम्बर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर अपने घरों को आ रहे यात्रियों की सहज, सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने व्यापक प्रबन्ध किये हैं। सांसद, गोरखपुर रवि किशन शुक्ला ने आज छठ पर्व पर आने एवं जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखकर गोरखपुर जं. स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिये यहाँ बनाये गये यात्री आश्रय स्थल (पैसेंजर होल्डिंग एरिया) का निरीक्षण किया तथा यहाँ बैठे यात्रियों से संवाद किया। यात्रियों के लिये पैसेंजर होल्डिंग एरिया में उपलब्ध सुविधाओं पर सांसद श्री शुक्ला से प्रसन्नता व्यक्त की और रेल प्रशासन को साधुवाद दिया। यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिये गोरखपुर स्टेशन परिसर में 5 अस्थाई यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। 4 होल्डिंग एरिया स्टेशन के प्रमुख द्वार की ओर तथा एक स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर बनाये गये हैं। सांसद श्री शुक्ला ने पैसेंजर होल्डिंग एरिया में उपलब्ध ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, शुद्ध पेय जल, सहायता बूथ, मोबाइल यू.टी.एस., प्राथमिक चिकित्सा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, कूलर, बैठने की व्यवस्था, उत्तम प्रकाश व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ उपलब्ध कराये गये यात्री सुख-सुविधाओं तथा वहाँ बज रहे छठ गीत की प्रशंसा की। पैसेंजर होल्डिंग एरिया में मोबाइल यू.टी.एस. जिसके माध्यम से यात्रियों को बिना लाइन में लगे तत्काल टिकट उपलब्ध हो रहा है, को उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे का अनुपम उपहार बताया। सांसद ने गोरखपुर जं. स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर भी यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा यात्रियों से सीधा संवाद कर रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर उनकी प्रतिक्रिया जानी एवं बेहतर यात्रा अनुभव हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री शुक्ला ने स्टेशन के वॉर रूम का निरीक्षण कर सभी प्लेटफार्मों पर यात्रियों की स्थिति एवं व्यवस्थाओं को निगरानी की तथा सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु किये गये प्रबन्धों का जायजा लिया। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे सुमित कुमार ने छठ महापर्व पर भीड़ प्रबन्धन के अन्तर्गत यात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्धन के लिये रेल प्रशासन द्वारा उठाये गये कदमों से सांसद रवि किशन शुक्ला को अवगत कराया और बताया कि गत दिवस छठ महापर्व के अवसर पर गोरखपुर जं. स्टेशन पर लगभग दो लाख यात्रियों का आवागमन हुआ। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि समरेन्द्र विक्रम सिंह, स्टेशन निदेशक, गोरखपुर जं.रतनदीप गुप्ता सहित अन्य रेल अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



♦ सांसद रवि किशन शुक्ल ने 'यात्री आश्रय स्थल' का किया निरीक्षण






# सी.एम. योगी ने आदिल अमीन और डॉ. अजीज समेत कई को भेजा 'सम्मान पत्र'

गोरखपुर, १४ नवम्बर। प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज सेवा आदिल अमीन और सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अजीज अहमद समेत कई शहर के कई लब्ध प्रतिष्ठित समाज सेवियों को 'सम्मान पत्र' भेजकर उनका हौसला आफजाई किया है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रेषित सम्मान पत्र प्राप्त होने पर समाजसेवी आदिल अमीन सहित सभी सम्मानित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। आदिल अमीन ने कहा कि यह सम्मान वर्षों की समाज सेवा के प्रति मिला अनमोल स्नेह और प्रोत्साहन है। यह सम्मान आगे भी गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी और प्रेरणा देता रहेगा। सम्मान पत्र प्राप्त करने वाले प्रमुख लोगों में डॉ. सुधाकर पांडेय, सैयद इरशाद अहमद अब्दुल्ह, विजय श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रिया कुमारी शुक्ला, डॉ. सरवर हुसैन, फादर संजय बिसेंट, मुदिर अहमद, सलमान मलिक, तनवीर अजहर शम्सी, देवेंद्र कुमार आदि। शामिल है।



# इकहरी यात्रा के लिए विशेष गाड़ी का संचलन कल

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05547 झंझारपुर-अमृतसर वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 16 नवम्बर (सोमवार) को किया जायेगा। 05547 झंझारपुर-अमृतसर त्यौहार विशेष गाड़ी 16 नवम्बर (सोमवार) को झंझारपुर 17 बजे प्रस्थान कर सकरी से 17.28 बजे, शिशौं से 18.05 बजे, कमतौल से 18.35 बजे, जनकपुर रोड से 18.57 बजे, सीतामढ़ी से 19.35 बजे, बैरगनिया से 20.06 बजे, घोड़ासहन से 20.31 बजे, रक्सौल से 21.35 बजे, सिकटा से 21.57 बजे, नरकटियागंज से 22.55 बजे, बगहा से 23.44 बजे, दूसरे दिन सिसवा बाज़ार से 54 बजे, कप्तानगंज से 1.17 बजे, गोरखपुर से 2.25 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 7.40 बजे, हरदोई से 9.12 बजे, बरेली से 11.20 बजे, मुरादाबाद से 13 बजे, हापुड़ से 14.22 बजे, दिल्ली से 16.05 बजे, अम्बाला कैंट से 19.05 बजे, लुधियाना से 21.40 बजे, फगवाड़ा से 22.27 बजे तथा जलन्धर सिटी से 23.05 बजे छूटकर तीसरे दिन अमृतसर 1 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 9, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 1, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2, जनरेटर सह लगेज यान का 1 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 1 कोच सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

## तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक ने सुनी समस्या

गोरखपुर, १४ नवम्बर। चौरीचौरा थाना परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे तहसीलदार संजय सिंह और प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश शर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया इस दौरान उनके समक्ष कुल 9 मामले आए और मौके पर 3 मामलों का निस्तारण हुआ शेष मामलों को संबंधित विभाग को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान कानूनगो अम्बरीष त्रिपाठी, रामानंद यादव,एसएसआई संतोष कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज सौरभ ज्ञा, अशोक शर्मा, रजनीश मिश्रा, लेखपाल अमरीश सिंह, प्रदीप निषाद, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन कल

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 09133 प्रतापनगर-रक्सौल वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 16 नवम्बर (सोमवार) को किया जायेगा। 09133 प्रतापनगर-रक्सौल त्यौहार विशेष गाड़ी 16 नवम्बर (सोमवार) को प्रतापनगर से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बडोदरा से 10 बजे, गोधरा से 1.07 बजे, दाहोद से 1.52 बजे, रतलाम से 3.40 बजे, नागदा से 4.24 बजे, उज्जैन से 5.15 बजे, मक्सी से 6.02 बजे, संत हिरदाराम नगर से 8.05 बजे, बीना जं. से 10.10 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 13.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 17.15 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 18.50 बजे, बाराबंकी से 19.52 बजे, गोंडा से 21.02 बजे, बस्ती से 22.35 बजे, खलीलाबाद से 23.27 बजे, तीसरे दिन गोरखपुर 40 बजे, कप्तानगंज से 1.45 बजे, सिसवा बाजार से 2.17 बजे, बगहा से 3.59 बजे तथा नरकटियागंज से 5.01 बजे छूटकर रक्सौल 6.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 6, सामान्य द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान का 1 तथा एस.एल.आर.डी. के 2 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।



# भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर झूमे श्रोता

गोरखपुर, १४ नवम्बर। चौरीचौरा तहसील के अंतर्गत जगदीशपुर कस्बे में त्रिदेवा धाम मंदिर के समीप सुभाष चंद्र जायसवाल के निज निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिवस अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर कथा वाचक व्यास अमन शास्त्री ने अपने ओजस्वी वचनों से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के पावन चरित्र के साथ-साथ भक्त प्रहलाद की कथा का भी सुंदर वृत्तांत सुनाया गया, जिसे सुनकर सभी श्रोता भावविभोर हो गये। कथा के मुख्य आकर्षण के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग रहा, जिसके जीवंत मंचन ने पूरे पंडाल को भक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया। सौनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार जन्मोत्सव पर भगवान श्रीकृष्ण की अत्यंत मनोहारी और आकर्षक झांकी निकाली गई। जैसे ही कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की और हाथी घोड़ा पालकी जय कशीरा लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान आयोजक सुभाष चंद्र जायसवाल अपनी पत्नी मंजू देवी जायसवाल के साथ भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को टोकरी में लेकर कथा स्थल पर पहुंचे, जिसे देख सभी श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भगवान के प्रकटोत्सव और वंशावली पर प्रकाश डालते हुए ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान ग्रंथ के नवम स्कंद का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इस स्कंद में सूर्यवंश और चंद्रवंश का विस्तृत विवरण मिलता है, जिसमें बारह-बारह अध्याय हैं।



## त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन 18 को

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05291 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 18 नवम्बर (बुधवार) को किया जायेगा। 05291 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 18 नवम्बर (बुधवार) को बरौनी से 8 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 9.15 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.20 बजे, चकिया से 11.07 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 11.50 बजे, सगौली से 12.12 बजे, बेतिया से 12.37 बजे, नरकटियागंज से 13.30 बजे, बगहा से 14.17 बजे, सिसवा बाज़ार से 15.57 बजे, कप्तानगंज से 16.27 बजे, गोरखपुर से 17.40 बजे, गोंडा से 20.42 बजे, बाराबंकी से 22.12 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 23.20 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 1.05 बजे, उरई से 2.47 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 5 बजे, विदिशा से 8.42 बजे, रानी कमलापति से 10.05 बजे, इटारसी से 11.50 बजे, खंडवा से 14.40 बजे, भुसावल से 17.05 बजे, जलगांव से 17.40 बजे, नंदुरबार से 20.15 बजे, भेस्तान से 23.02 बजे, तीसरे दिन वापी से 32 बजे तथा बोरीवली से 3.12 बजे छूटकर बान्द्रा टर्मिनस 4.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 6 तथा एस.एल.आर. के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## प्राणि विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा १७ को

गोरखपुर, १४ नवम्बर। डी.ए.वी.पी.जी. कालेज, के प्राचार्य ने बताया कि बी.एस.सी. पँचम सैमेस्टर के प्राणि विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा मंगलवार, 17 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। बैच एवं समय की जानकारी हेतु छात्र प्राणि विज्ञान विभाग में सम्पर्क करें।

## छठ पर 16 को बंद रहेंगे स्कूल

गोरखपुर, १४ नवम्बर। गोरखपुर। लोक आस्था के महापर्व 'छठ' की तैयारियों और उत्साह के बीच जिला प्रशासन ने जनपद के लाखों स्कूली बच्चों और अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। जिलाधिकारी की ओर से घोषित स्थानीय अवकाश के क्रम में सोमवार, 16 नवंबर को गोरखपुर जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे। डीआईओएस कार्यालय से जारी निर्देश के मुताबिक, यह अवकाश प्री-प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के सभी विद्यालयों पर लागू होगा।

## ट्रेन निरस्त

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से हावड़ा से 14 नवम्बर को चलने वाली 03037 हावड़ा-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी निरस्त है तथा गोरखपुर से 15 नवम्बर को चलने वाली 03038 गोरखपुर-हावड़ा त्यौहार विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

## त्यौहार विशेष गाड़ी निरस्त

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से साबरमती से 14 नवम्बर को चलने वाली 09473 साबरमती-मुजफ्फरपुर त्यौहार विशेष गाड़ी निरस्त है तथा मुजफ्फरपुर से 16 नवम्बर को चलने वाली 09474 मुजफ्फरपुर-साबरमती त्यौहार विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

# सपा सुप्रीमों के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झोंकी ताकत

गोरखपुर, १४ नवम्बर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 18 नवंबर को प्रस्तावित चौरीचौरा आगमन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए अजय कुमार सिंह टप्पू व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर भी टेंट लगाने का काम तेज था। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता टप्पू सिंह के कार्यालय पर पहुंच कर जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। अखिलेश के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खास उत्साह दिख रहा है। पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, जफर अमीन डब्बू के अलावा सपा नेता सुनील सिंह, नरसिंह यादव, मार्कण्डेय यादव सहित वरिष्ठ सपा नेता कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेते रहे। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेजी हो रही है। गांव गांव संपर्क किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष दयानंद विद्रोही, विधानसभा महासचिव बबलू अंसारी के अलावा निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव, गोपाल यादव, कुंवर प्रताप सिंह, मुन्नीलाल यादव, श्याममिलन यादव, जवप्रकाश यादव, नरसिंह यादव, मार्कण्डेय यादव, लालजी भारती, पूर्व विधायक माधो पासवान, श्यामदेव निषाद, नगर पंचायत चौरीचौरा के पूर्व चेयरमैन विनोद जायसवाल, गुलाब यादव, प्रधान कैलाश यादव, लालमन यादव, भूपेश यादव, देवदत्त यादव और सद्दाम हुसैन सहित विधानसभा के समस्त जोन, सेक्टर एवं बूथ प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में जी जान से लगे हुए है।



♦ एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य, अजय कुमार सिंह टप्पू केन्द्र में, वरिष्ठ सपाई भी लगे




# रूई-गद्दे की दुकान में लगी आग

**अपराध संवाददाता**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। कैंट क्षेत्र के मोहद्दीपुर चौराहे के समीप शुक्रवार-शनिवार देररात रूई-गद्दे की दुकान में आग लग गई। आधी रात को दुकान में हुई आगजनी की घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गया। अफरातफरी के बीच कोई कुछ कर पाता उससे पहले दुकान में रखी रूई और गद्दे में लगी आग भभक उठी और विकराल रूप ले लिया। आग से पड़ोसियों के घरों से चीखने-चिल्लाने की आवाजें निकल पड़ी, सभी अपने परिवार और बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। घटना की सूचना पर मौके पर तत्काल पहुंचे अग्निशमन दल के जवानों ने आग पर काबू पाना शुरु किया तो वहीं मुकामी पुलिस ने घरों में फंसे बच्चों को गोद में उठाकर सुरक्षित बाहर निकालने में जुट गई। जिसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार कैंट थानान्तर्गत मोहद्दीपुर में मो. ओवैसी की रूई और गद्दे की दुकान है। जहां शुक्रवार-शनिवार की रात लगभग १:१५ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। शुरुआती जानकारी में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। दुकान में बड़ी मात्रा में रूई और गद्दे रखे होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप

❖ मोहद्दीपुर में देररात हुई घटना, मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को गोद में उठाकर निकाला बाहर

धारण कर लिया। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और आसपास के इलाके में धुआं फैल गया। आसपास के मकानों में निवास करने वाले कई परिवार घरों से बाहर निकलकर सड़क पर आ गये। आगजनी की सूचना के लगभग १५ मिनट के अंदर ही अग्निशमन दल की चार गाड़ियों के साथ जवान मौके पर पहुंच गये। अग्निशमन के कर्मियों ने दुकान में रखी ज्वलनशील सामग्री के कारण आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो रहा था। दमकल कर्मियों ने लगातार पानी की बौछार कर आग को आसपास के मकानों और अन्य दुकानों तक फैलने से रोकने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल आग लगने की वास्तविक वजह का पता नही चला है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

## दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, १४ नवम्बर। एम्स पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी व मु०अ०सं० ३४४/२०२६ धारा ६९, ८९, ३१६(२),३५१(२) भा०न्या०सं० में वांछित राजन भारती पुत्र सुभाष निवासी मलमलिया, थाना एम्स, को गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष एम्स महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी राजन उपरोक्त मुकदमा लिखे जाने के बाद से ही फरार चल रहा था, आज उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करके उसे न्यायालय भेजा गया है।

# पू.रे.की रेलवे की एथलीट प्रियंका गोस्वामी 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित

गोरखपुर, १४ नवम्बर। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 13 नवम्बर को एथलेटिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये इज्जतनगर मंडल में ओ.एस.डी. के पद पर कार्यरत प्रियंका गोस्वामी को अर्जुन पुरस्कार-2025 प्रदान किया। प्रियंका गोस्वामी ने वॉक रेस के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये देश का गौरव बढ़ाया है। विदित हो कि प्रियंका गोस्वामी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल-2022 में 10,000 मीटर वॉक रेस स्पर्धा तथा वर्ष-2023 में बैंकॉक में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 20 किमी. वॉक रेस में रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त प्रियंका गोस्वामी टोक्यो ओलम्पिक-2020 एवं पेरिस ओलम्पिक-2024 में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, नरसा उदय बोरवणकर ने प्रियंका गोस्वामी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री बोरवणकर ने कहा कि सुश्री प्रियंका गोस्वामी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त होना पूर्वोत्तर रेलवे के लिये गौरव का विषय है। आपकी उपलब्धियां भारतीय रेल के खिलाड़ियों तथा युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत हैं। महाप्रबन्धक ने प्रियंका गोस्वामी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में भी देश एवं भारतीय रेल का नाम रोशन करती रहेंगी। इसके अतिरिक्त प्रियंका गोस्वामी की इस उपलब्धि पर अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण एवं अध्यक्ष, नरसा अनुज मित्तल, महासचिव, नरसा अक्षय मिश्रा, एथलेटिक्स, असचिव अनुज मिश्रा, क्रीड़ाधिकारी आदित्य प्रकाश, एथलेटिक्स, कोच जवाहर प्रसाद तथा नरसा पदाधिकारियों ने बधाई दी है।



# दो भारोत्तोलकों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया

गोरखपुर,१४ नवम्बर। दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज गोरखपुर के दो भारोत्तोलकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है। महाविद्यालय के एम.ए. प्राचीन इतिहास के छात्र अक्षय प्रताप सिंह का चयन 110 किलोग्राम भार वर्ग और बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियांशु यादव का चयन 53 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने मेघालय स्थित यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 5 और 6 नवंबर को आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस प्रदर्शन के आधार पर दोनों विद्यार्थियों को ऑल इंडिया गेम्स में



प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों के चयन से पूरे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर इन दोनों खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह ने माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया और कहा कि महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस आवश्यकता है इन प्रतिभाओं को पहचान कर, उनकी प्रतिभा को निखार कर, समाज के पटल पर सामने लाया जाय। ऐसे समय में महाविद्यालय के दोनों खिलाड़ी अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करेंगे। उन्होंने दोनों

❖ दोनों खिलाड़ियों ने मेघालय स्थित यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में ५,६नवम्बर को यह उपलब्धि हासिल की

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। इस अवसर महाविद्यालय शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी, डॉ. अवधेश कुमार शुक्ल, डॉ. अनिल भास्कर, डॉ. राकेश कुमार, श्री शिवेन्द्र पाल, अभय सिंह आदि उपस्थित रहे। डॉ. सुनील कुमार सिंह ने उक्त जानकारी साझा की।

# आंखों में मिर्च झोंककर मजदूरों पर किया जानलेवा हमला, सात गिरफ्तार

**अपराध संवाददाता**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। खोराबार थाना क्षेत्र में गत १० नवंबर २०२६ को मजदूरों की आंखों में लाल मिर्च पाउडर डाल उनपर जानलेवा हमला करने के आरोपी व मु०अ०सं ५४३/२०२६ धारा १९०, १९१(२), ११५(२), १९१(३), ३५२, ३५१(३), १०९(१) भा०न्या०सं० में वांछित थाना क्षेत्र के ही रायगंज निवासी सूरज पासवान पुत्र शैलेष पासवान, दुर्विजय पासवान पुत्र बाबूलाल पासवान, गोलू कुमार पासवान पुत्र अनिरुद्ध पासवान, सन्नी गौड़ उर्फ रामलाल पुत्र इंदल गौड़, विष्णु यादव पुत्र गोल्ही उर्फ रामहित यादव, विवेक पासवान पुत्र सूर्यभान पासवान और श्लोक पासवान पुत्र बबलू पासवान को गिरफ्तार करके सभी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष खोराबार ने बताया कि वादी मुकदमा ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि आरोपियों ने एकजुट होकर पहले उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंका दिया फिर लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से मारने पीटने लगे। उन्होंने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच आरोपियों की तलश शुरु की। जिसपर आज जरिये मुखबिर मिली सूचना पर थाने पर तैनात एसआई अशफाक अहमद, एसआई अजय पटेल, एसआई विवेक सिंह, एसआई राजमंगल सिंह और उनके सहयोगियों ने घेराबंदी करके सभी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गोलू के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमा दर्ज है अन्य के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है,फिलहाल सभी को न्यायालय भेजा गया है।

# सेंट जोसेफ स्कूल खोराबार में धूमधाम से मना बाल दिवस

गोरखपुर, १४ नवम्बर। सेंट जोसेफ स्कूल, खोराबार में आज बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर गोरखपुर रेंज



के डी.आई.जी. डॉ. एस. चिन्नप्पा आई. पी. एस. उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात प्रार्थना नृत्य एवं प्रार्थना गीत के द्वारा कार्यक्रम को शुरुवात की गयी। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिवर्ष 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्रेम था। बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। आज के बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक, वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, अधिकारी और देश के कर्णधार बनेंगे। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और आत्मविश्वास बहुत आवश्यक हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, कला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लें। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष योग्यता अवश्य होती है। आवश्यकता है तो केवल उसे पहचानने और निखारने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉक्टर सिबीचन कहा कि बाल दिवस केवल खुशियाँ मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह दिन हमें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का एहसास भी कराता है। आप सभी में अपार प्रतिभा और क्षमताएँ छिपी हुई हैं। आवश्यकता है उन्हें पहचानने और निखारने की। अपने सपनों को ऊँचा रखें, मेहनत को अपना साथी बनाएँ और कभी भी असफलता से निराश न हों। इस अवसर पर फादर जार्ज, उप-प्रधानाचार्य, सिस्टर डेज़ी, सिस्टर रूबी, सिस्टर टेन्सी इत्यादि उपस्थित थे।

## विशेष गाड़ी का संचलन आज

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 09113 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 15 नवम्बर (रविवार) को किया जायेगा। 09113 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 15 नवम्बर (रविवार) को बान्द्रा टर्मिनस से 4.30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 5.03 बजे, वापी से 7.02 बजे, सूरत से 9 बजे, वडोदरा से 11.10 बजे, रतलाम से 15.50 बजे, नागदा से 16.30 बजे, कोटा से 20 बजे, सवाई माधोपुर से 22.30 बजे, दूसरे दिन बयाना से 2.25 बजे, ईदगाह आगरा से 4.17 बजे, कानपुर सेंट्रल से 11.47 बजे, ऐशबाग से 13.30 बजे, बाराबंकी से 14.52 बजे, गोंडा से 16.05 बजे तथा बस्ती से 17.18 बजे छूटकर गोरखपुर 19.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 9 तथा एस.एल.आर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में भव्य सांस्कृतिक आयोजन

गोरखपुर, १४ नवम्बर। गोरखपुर। सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में छठ महापर्व, बाल दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजाति गौरव दिवस) के पावन अवसर पर भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी विविध प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वरिष्ठ आचार्य सदानंद यादव ने छठ महापर्व के धार्मिक, पौराणिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। यहां मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व एवं त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और प्रकृति के प्रति श्रद्धा के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उनके महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति योगदान का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। बाल दिवस पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और विश्वास को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने गीत, कहानी वाचन एवं विभिन्न खेलकूद संबंधी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन निखिल पांडेय ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.राजेश सिंह, उप प्रधानाचार्य रामकेवल शर्मा, प्राइमरी विंग प्रमुख श्रीमती जया सिंह सहित समस्त आचार्य, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमजी रेड को पराजित कर एमजी ब्लू ने जीती ट्रॉफी

गोरखपुर, १४ नवम्बर। बाल दिवस पर आज महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में खेले गए मैच में एमजी ब्लू ने एमजी रेड को 18 रनों से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर एमजी रेड के कप्तान ने गेंदबाजी का निर्णय लिया, यह फैसला काफी हद तक सही साबित हुआ और एमजी ब्लू की पूरी टीम 21.5 ओवरों में 116 रन पर ऑल आउट हो गई। एमजी ब्लू के बल्लेबाज विराट सिंह ने 22 गेंदों पर 11 रन, सूर्यांशु शुक्ला ने 42 गेंद पर 34 रन और आरिफ ने 18 गेंद पर 11 रन और अली ने 8 गेंद पर 10 रनों का योगदान दिया। एमजी रेड की तरफ से प्रथम श्रीवास्तव ने 8 ओवर में 60 रन देकर तीन विकेट, एकांश ने 7 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट और शाश्वत ने 7 ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। 116 रनों का पीछा करते हुए एमजी रेड की तरफ से शाश्वत ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 24 रन और प्रथम ने 8 गेंदों का सामना करते हुए 14 बनाए। मध्य क्रम में एकांश ने एमजी ब्लू के गेंदबाजों का सामना करते हुए 24 गेंद पर 27 रन बनाए। पूरी टीम 16 ओवरों में ही ऑल आउट हो गई और इस प्रकार एमजी ब्लू ने यह मैच 18 रनों से जीत लिया। अच्छी गेंदबाजी के लिए एमजी ब्लू के गेंदबाज राज राय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। विजेता और उपविजेता की ट्रॉफी विजेता टीम के कप्तान और उप विजेता टीम के कप्तान को दी गई। इसके पहले मैच का उद्घाटन महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नीरज कुमार श्रीवास्तव और विद्यालय के निदेशक ओपी सिंह ने किया। पुरस्कार वितरण शारीरिक शिक्षक राम हरि यादव एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विवेकानंद मिश्रा द्वारा किया गया।



## छठ की खरीदारी को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, जाम से लोग परेशान

गोरखपुर, १४ नवम्बर। छठ महापर्व को लेकर महानगर सहित आसपास के बाजारों में शनिवार को जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाजार में खरीदारी करने वालों का तांता लगा रहा। सूप, दौरा, नारियल, केला, सेब, गन्ना, ठेकुआ के सामान, नए कपड़े और पूजन सामग्री की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। छठ व्रतियों के परिवार के लोग सुबह से ही बाजार पहुंच गए थे। महिलाओं ने छठ के लिए साड़ी, सूप, दौरा, बांस की टोकरी और फल-फ्रूट की खरीदारी की। दुकानदारों ने भी छठ को लेकर दुकानों को सजा रखा था। भीड़ बढ़ने से मुख्य बाजार, चौराहों पर जगह-जगह जाम लग गया। बाइक, टेम्पो और ठेले की वजह से लोगों को चलने में दिक्कत हुई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बाजार में व्यवस्था संभाली। खरीददारों का कहना है कि इस बार फलों और पूजन सामग्री के दाम पिछले साल से थोड़े बढ़े हुए हैं। फिर भी छठ आस्था का पर्व है, इसलिए लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि छठ के दो दिन पहले तक बाजार में ऐसी ही भीड़ रहेगी। रविवार को और ज्यादा भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। उधर छठ घाटों पर भी साफ-सफाई और सजावट का काम तेजी से चल रहा है। समितियों ने घाटों पर लाइट, टेंट और पानी की व्यवस्था शुरू कर दी है।

# २६वीं वाहिनी पीएसी में भव्य बाल मेले एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**अपराध संवाददाता**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। २६वीं वाहिनी पीएसी परिसर में शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए भव्य बाल मेले एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वाहिनी की सेनानायक श्रीमती निहारिका शर्मा (आईपीएस) ने फीता काटकर किया। बाल मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न रोचक खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भी बच्चों ने महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्तों एवं विभिन्न आकर्षक पात्रों की वेशभूषा धारण कर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठे। इस मौके पर सेनानायक श्रीमती शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें



बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं तथा उनके सर्वांगीण विकास, शिक्षा, संस्कार एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर सहायक सेनानायक संजय नाथ तिवारी, सहायक सेनानायक उमेश यादव, दलनायक रामचंद्र दयाल, सूबेदार सैन्य सहायक ब्रह्मा सिंह, पीएमएस प्रभारी अनिल शर्मा, पीसी दयाशंकर यादव, पीएमएस के शिक्षकगण सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एशियन सहयोगी संस्था इंडिया ने आयोजित किया कार्यक्रम

गोरखपुर, १४ नवम्बर। बाल दिवस के उपलक्ष्य में एशियन सहयोगी संस्था इंडिया द्वारा बच्चों के लिए खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल गृह शिशु व दत्तक ग्रहण इकाई एवं संस्था द्वारा संचालित सामुदायिक विकास कार्यक्रम रेलवे स्लम, खोराबार, मुसहर बस्ती, खोराबार एवं भटोलिया, पादरी बाजार क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ओंकार नाथ तिवारी रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर संस्था की निदेशक उषा दास द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि डॉ. ओंकार नाथ तिवारी एवं संस्था की प्रशासनिक निदेशिका उषा दास ने पुरस्कार प्रदान किया।

## दरभंगा-नई दिल्ली वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचलन कल

गोरखपुर, १४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05549 दरभंगा-नई दिल्ली वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 16 नवम्बर (सोमवार) को किया जायेगा।05549 दरभंगा-नई दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 16 नवम्बर (सोमवार) को दरभंगा से 19.30 बजे प्रस्थान कर कमतौल से 19.57 बजे, जनकपुर रोड से 20.20 बजे, सीतामढ़ी से 21.15 बजे, बैरगनिया से 21.47 बजे, घोड़ासहन से 22.15 बजे, रक्सौल से 23.35 बजे, सिकटा से 23.57 बजे, दूसरे दिन नरकटियागंज से 40 बजे, बगहा से 2.02 बजे, सिसवा बाजार से 3.50 बजे, कप्तानगंज से 4.12 बजे, गोरखपुर से 5.20 बजे, गोंडा से 7.27 बजे, दूसरे दिन लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 10.40 बजे, मुरादाबाद से 15.55 बजे तथा गाजियाबाद से 18.17 बजे छूटकर नई दिल्ली 19.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 8, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 2 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

# पिपरौली ने जीता ओवरऑल चैंपियन का खिताब

**निज प्रतिनिधि**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन आज जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में पिपरौली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं भटहट की टीम ओवरऑल उपविजेता तथा कैंपियरगंज की टीम तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने तीनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक बालक वर्ग में भटहट के दिनेश एवं पिपरौली के अंशु ने चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। प्राथमिक बालिका वर्ग में भरोहिया की रूपी चैंपियन रहीं। वहीं व्यक्तिगण चैंपियनशिप जूनियर बालक वर्ग में पिपरौली के आदर्श एवं भटहट के पंकज ने चैंपियनशिप हासिल की, जबकि जूनियर



❖ दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

बालिका वर्ग में पिपरौली की साक्षी चैंपियन बनीं। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पिपरौली की अंजलि ने प्रथम तथा ब्रह्मपुर की अलीशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में भटहट के पंकज प्रथम तथा सहजनवां के युवराज द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर बालिका वर्ग में सहजनवां की सलोनी ने प्रथम तथा ब्रह्मपुर की अनुष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर बालक वर्ग में भटहट के रविकांत प्रथम तथा सहजनवां के युवराज द्वितीय स्थान पर रहे। पीटी प्रतियोगिता में पिपरौली की टीम ने प्रथम तथा भटहट की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगासन प्रतियोगिता में पिपराइच की टीम प्रथम तथा पिपरौली की टीम द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो बालिका वर्ग में उरुवा की टीम ने प्रथम तथा भटहट की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खो-खो बालक वर्ग में भटहट की टीम प्रथम तथा उरुवा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। उक्त जानकारी जिला व्यायाम शिक्षिका रीना सिंह ने दी। प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन जूनियर स्तर के बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# छठ पूजा स्थलों का एसएससपी ने किया निरीक्षण

**अपराध संवाददाता**

गोरखपुर, १४ नवम्बर। सूर्य अराधना का महापर्व छठ त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूजा स्थलों अथवा घाटों की सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली गई है। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात, सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन अधिकारियों सहित सभी जिम्मेदारों की डियूटी लगाने के साथ ही उन्हें आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए शनिवार को एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने एसपी सिटी निमिष पाटील, एसपी नार्थ राजेश धुनावत और सीओ कोतवाली ओंमकार दत्त तिवारी के साथ शहर के प्रमुख छठ पूजा स्थलों राजघाट, तकियाघाट, हनुमान घाट और रामघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर व्रती महिलाओं के साथ घर के अन्य बड़े बुजुर्ग और बच्चे भी यहां पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए



सुरक्षा में कोताही नहीं होनी चाहिए। घाटों तक आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, जिससे भीड़ एक स्थान पर एकत्र न होने पाए और आवागमन सुचारु बना रहे। प्रमुख प्रवेश और निकास मार्गों को चिह्नित कर श्रद्धालुओं के आने-जाने की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराई जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख घाटों की निगरानी के लिए लगाये गये सीसीटीवी कैमरा के अतिरिक्त उक्त स्थलों की ड्रोन कैमरा से भी निगरानी कराने का निर्देश दिया। जिससे घाटों पर अराजक तत्वों, जेबकतरों और महिलाओं के साथ अभद्रता करने वालों की पहचान हो सके। एसएसपी ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनाती, महिला पुलिस बल की उपलब्धता और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घाटों पर लगे लाउड़स्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं को समय-समय पर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाए।

# छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था परखने निकले डीएम और एसपी

देवरिया। छठ महापर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को नदावर और मझौलीराज घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और व्रती महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने घाटों व रास्तों की समुचित सफाई के साथ पर्याप्त रोशनी, गोताखोरों और नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए घाटों के पास एंबुलेंस व मेडिकल टीम तैनात रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, व्रतियों की सुविधा को देखते हुए पटाखे पूजा स्थलों से पर्याप्त दूरी पर ही जलाने की हिदायत दी गई। डीएम ने बताया कि जनपद के अन्य घाटों पर भी एडीएम, सीआरओ समेत वरिष्ठ अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। सभी बीडीओ, ईओ और प्रभारी चिकित्साधिकारियों (एमओआईसी) को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपदवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मातहतों को विशेष सतर्कता बरतने और निरंतर भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## डीएम के निर्देश पर धान खरीद में आई तेजी

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनपद में धान खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। अधिक से अधिक किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों से जोड़ने के लिए उन्हें पंजीकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सलेमपुर क्रय केंद्र पर धान खरीद का शुभारंभ कराया गया, जहां किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण के महत्व और उपज बेचने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरी ओर देसही देवरिया स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों ने खरीद व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र प्रभारी को किसानों के पंजीकरण में सहयोग करने व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। वहीं, देवरिया सदर क्रय केंद्र पर भी किसानों से धान की खरीद की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मानक के अनुरूप पारदर्शी तरीके से उनकी उपज खरीदी जाए।

# आस्था और उल्लास के बीच छठ महापर्व की धूम, 120 से अधिक घाटों पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

देवरिया। भगवान भास्कर की साधना और आराधना का चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ पर्व की शुरुआत हो गई। शनिवार को व्रती महिलाओं और पुरुषों ने खरना का प्रसाद तैयार किया। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया जाएगा। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।छठ पर्व को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। बाजारों में पूजन सामग्री, फल, सूप और दउरा की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। घरों में साफ-सफाई और पूजा की तैयारियां चल रही हैं। वहीं, छठ घाटों को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। जिले में 120 से अधिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर छठ पूजा का आयोजन होगा। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, आने-जाने के रास्ते और आपातकालीन सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। सभी प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। सुरक्षा के लिए महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारियों की तैनाती की गई है। नदी और तालाबों के घाटों पर बैरिकेडिंग के साथ गोताखोरों को भी तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका जा सके। शुक्रवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कई छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आत्मसंयम, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। इस पर्व में अस्त होते और उगते, दोनों सूर्य को समान श्रद्धा से अर्घ्य दिया जाता है। बांस के सूप-दउरा में मौसमी फल और पारंपरिक प्रसाद के माध्यम से लोक संस्कृति और प्रकृति के बीच गहरा जुड़ाव दिखाई देता है। पर्व का संदेश है कि आस्था के साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और लोक कल्याण को भी जीवन का हिस्सा बनाया जाए।



# कृषि अधिकारी ने उर्वरक केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, बैतालपुर में कम मिला डीएपी स्टॉक

देवरिया। जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता और सुव्यवस्थित वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर शनिवार को जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने दो सहकारी उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया, जो अभिलेखों के अनुरूप पाया गया। निरीक्षण के दौरान गौरीबाजार सहकारी समिति के देवगांव केंद्र पर यूरिया और फॉस्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता मिली। वहीं, बैतालपुर स्थित इफको के उर्वरक बिक्री केंद्र पर डीएपी (प्लक्क) का स्टॉक कम पाया गया, जबकि अन्य फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध थे। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने किसानों की मांग के अनुरूप तत्काल डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर पर ही की जाए और वितरण व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। खाद की कालाबाजारी या ओवररेटिंग की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



## सिगरेट के विवाद में युवक की हत्या का खुलासा

# दो आरोपी गिरफ्तार, एक किशोर पकड़ा गया

देवरिया। खामपार पुलिस ने आठ नवंबर को करौंदा टोला मायापुर में सिगरेट मांगने के विवाद में हुई राजू ठाकुर की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने शुक्रवार रात दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और बाइक बरामद की गई है। वहीं, एक फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।करौंदा टोला मायापुर निवासी राजू ठाकुर पुत्र मंटू ठाकुर की आठ नवंबर को सिगरेट मांगने के विवाद में कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल राजू की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, जिसे बाद में हत्या की धारा में तरमीम कर दिया गया। विवेचना के दौरान जासपार गांव निवासी अनूप कुमार कुशवाहा, सचिन यादव, एक किशोर और छोटेलाल यादव के नाम प्रकाश में आए। थानाध्यक्ष बलराम सिंह की टीम ने शुक्रवार रात भिंगारी बाजार ओवरब्रिज के पास से सचिन यादव और एक किशोर को दबोच लिया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने करौंदा चौराहा के पास से अनूप कुमार कुशवाहा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार, चौथे आरोपी छोटेलाल यादव की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।



## जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पंडित नेहरू की जयंती

देवरिया। टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। जिला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी भरत मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी में त्रिपाठी ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच व उच्च शिक्षण संस्थानों की नींव रखी। कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, सुनील कुमार तिवारी, राजेश सिंह %व्यास%, संजीव कुमार मिश्रा, मिर्जा खुर्शीद, रत्नेश मल्ल पिंटू व धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा की टक्कर से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

सलेमपुर (देवरिया)। नगर के गांधी चौक के समीप शनिवार सुबह तेज रफ्तार सब्जी लदे ई-रिक्शा की टक्कर से 55 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। ई-रिक्शा की टक्कर से सड़क पर गिरे व्यक्ति के ऊपर वाहन का पहिया चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परानछपरा (आजाद नर्सिंग होम के समीप) निवासी रामा विश्वकर्मा (55) पुत्र स्वर्गीय छठू विश्वकर्मा शनिवार सुबह करीब छह बजे गांधी चौक के पास राधेश्याम फल विक्रेता के समीप से गुजर रहे थे। इसी दौरान सब्जी लादकर जा रहा तेज रफ्तार ई-रिक्शा पीछे से उन्हें टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर लगने से रामा विश्वकर्मा सड़क पर गिरकर अचेत हो गए। इसी बीच चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ई-रिक्शा का पहिया उनके शरीर के ऊपर चढ़ गया। हादसे में उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सीएचसी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दुर्घटना में शामिल ई-रिक्शा और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# थाना समाधान दिवस में आए 96 मामले, नौ का मौके पर निस्तारण

देवरिया। जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 96 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व के 59 और पुलिस विभाग से जुड़े 37 मामले शामिल रहे। पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने इनमें से नौ मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया, जबकि शेष के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में पारदर्शिता व जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से सभी थानों पर डेस्क सिस्टम लागू किया गया। इसके तहत हल्का प्रभारी और बीट पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की अलग डेस्क लगाकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने भटनी थाने पर जनसमस्याएं सुनीं। वहां कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय ने तरकुलवा थाने पर फरियाद सुनी। यहां भी कुल छह प्रार्थना पत्र आए, जिनके समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



# घर में घुस किमती सामान ले जाने में सफल

चौराखास(कुशीनगर)।स्थानीय थाना क्षेत्र के कोईलसवांबुजुर्ग बाबूटोला में बीती रात चोरों ने मकान के पीछे खिड़की से घर के अन्दर प्रवेश करके ताला तोड़कर दो पेटी,एक सूटकेस लेकर घर के बाहर कुछ दूरी पर खेत में ले जाकर ताले को तोड़कर समान ले जाने में सफल रहे।जानकारी के मुताबिक बाबूटोला निवासी राम प्रताप प्रसाद,पुत्र अम्बिका प्रसाद ने थाने पर तहरीर दिया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मेरे घर के पीछे खिड़की के रास्ते प्रवेश करके दूसरे रूम के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखे पेटी,सूटकेस उठाकर घर के बाहर ले गये और पेटी के ताले को तोड़कर उसमें रखे बीस हजार नकद,सत्तर सौ विदेशी डालर जिसकी इण्डियन मूल्य चौवालिस हजार रूपये माना जा रहा है। बक्से में से सारा समान चोर ले जाने में सफल रहे। सुबह परिजनों को जानकारी जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।



# छठ घाटों का अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीम आलम ने किया निरीक्षण

दुदही (कुशीनगर)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत दुदही में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता अजीम आलम ने गोला बाजार स्थित छठ घाट सहित विभिन्न घाटों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, सजावट और व्रतियों की सुविधाओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अजीम आलम ने कहा कि छठ महापर्व हमारी लोक आस्था, विश्वास और सूर्य उपासना का महान पर्व है। इस पर्व में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। नगर पंचायत की प्राथमिकता है कि किसी भी छठ घाट पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए नगर पंचायत की पूरी टीम लगातार कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि छठ पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है। सभी लोगों को इस महापर्व को शांतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में मनाना चाहिए।गौरतलब है कि नगर पंचायत दुदही सहित आसपास के गांवों में छठ महापर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन छठ घाटों पर साफ-सफाई, आकर्षक सजावट तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। विभिन्न घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारियां चल रही हैं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रवि पटेल, इमरान आलम, विजय वर्मा सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने घाटों पर पहुंचे एडीएम और सीआरओ

देवरिया। छठ महापर्व को सकुशल और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज प्रकाश राठौर और मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) चंद्रेश कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।एडीएम (वित्त एवं राजस्व) पंकज प्रकाश राठौर ने सेमरौना पुल और पनकुंडा स्थित छठ पूजा घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से परखा। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं और व्रतियों की सुविधा के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। दूसरी ओर, मुख्य राजस्व अधिकारी चंद्रेश कुमार सिंह ने नगर पंचायत तरकुलवा और हेतिमपुर स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की स्वच्छता, आवागमन मार्ग और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पंडित जवाहरलाल नेहरू - मनोज कुशवाहा

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय विकास खंड के गुरुकुल शिक्षण संस्थान खामपार में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। शिक्षकों ने बच्चों को नेहरू जी के जीवन, व्यक्तित्व, शिक्षा-दीक्षा तथा देश की आजादी की लड़ाई में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुशवाहा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास से ही एक मजबूत एवं समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, आपसी भाईचारे और देशप्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। बाल दिवस के आयोजन से विद्यालयों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। यहां प्रमुख रूप से फागू राज कुशवाहा, नितेश कुशवाहा, मनोज कुशवाहा,सुरेश तिवारी, उमेश तिवारी, राधेश्याम कुशवाहा, बृजनंदन गोंड,अमन कुशवाहा, माधुरी देवी, मनोरमा देवी, निशा कुशवाहा, नेहा कुशवाहा, स्वाति आर्य, पिंकी कुशवाहा,किरन कुशवाहा, रीता देवी,जवाहर यादव सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।



## चिरैया ढाला पर अंडरपास के लिए छठ से चलेगा हस्ताक्षर अभियान

देवरिया। शहर के चिरैया ढाला पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर सामाजिक संगठन %कानून पीड़ित न्याय मंच% छठ महापर्व पर सोमनाथ मंदिर बाईपास स्थित शिवमंदिर से जन हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगा। मंच के सचिव एडवोकेट अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2006 में रेलवे द्वारा ढाला बंद किए जाने से सोमनाथ मंदिर वार्ड, सिंधी मिल वार्ड, महुआबारी, बभनी, मुड़ाडीह व मेहड़ा पुरवा का सीधा संपर्क मुख्य बाजार से कट गया है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को दो किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर व्यस्त ओवरब्रिज से गुजरना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अब जनसमर्थन जुटाकर इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी।

## बाल दिवस पर स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सजा व्यंजनों का मेला, शिक्षकों के स्टॉलों पर बच्चों ने उठाया लुत्फ

देवरिया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) के अवसर पर शनिवार को कसया बाईपास रोड स्थित स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विविध कार्यक्रमों के साथ व्यंजन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगाए गए विभिन्न लजीज व्यंजनों का स्टॉल रहे, जिसका विद्यार्थियों ने जमकर आनंद उठाया छुआयोजन की शुरुआत चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों के प्रति उनके स्नेह और राष्ट्र निर्माण में युवाओं व बच्चों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से सजाए गए फूड स्टॉलों का शुभारंभ हुआ। सामान्य दिनों में कक्षाओं में अनुशासन और शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं इस दिन बच्चों की खुशियों में शरीक होते नजर आए। स्टॉलों पर बच्चों की पसंद के तमाम स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध थे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद चखा, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। प्रधानाचार्या श्रीमती दीर्घी अग्रवाल और प्रबंधक निकुंज अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीयता व विश्वास बढ़ता है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मीनू रावत, श्वेता गुप्ता, नेहा लाठ, निखिल जायसवाल, दयाशंकर यादव, खुशी गुप्ता सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।



# स्काउट/गाइड प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को समाज के प्रति जागरूक किया जाता है-श्रीमती प्रेमलता शाही

पथरदेवा(देवरिया)-भाजपा नेत्री श्रीमती प्रेमलता शाही ने कहा कि मैं सबसे पहले ग्लोबल ओरियन्टल पब्लिक स्कूल पथरदेवा के प्रबन्धक शमशाद अहमद के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बाल दिवस के अवसर पर बधाई दे रहा हूँ। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट गाइड कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को समाज के प्रति जागरूक किया जाता है।भाजपा नेत्री उपरोक्त उद्गार ग्लोबल ओरियन्टल पब्लिक स्कूल पथरदेवा के प्रांगण में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण समारोह के अन्तिम दिन शिविरार्थियों के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपना गरिमा पूर्वतः बनाया हुआ है विद्यालय में जो भी शिक्षण कार्य सम्पन्न होता है उससे छात्र एवं छात्राए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते है। ग्राम पंचायत पकहाँ के प्रधान प्रशासक भाजपा नेता मुरारी मोहन शाही ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री श्रीमती प्रेमलता शाही सरल,स्वभाव,व्यक्तित्व के धनी है जिनके बारे में मुझे अच्छी तरह जानकारी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पथरदेवा चौकी इंचार्ज अमित राय ने कहा कि विद्यालय के प्रबन्धक शमशाद अहमद को मैं धन्यवाद दे रहा हूँ कि बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में दिन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण समारोह के अन्तिम दिन मुझे आमंत्रित करके सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ स्काउट गाइड के शिविर में अनुशासन का पाठ सीखते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल करे यही मेरे तरफ से विद्यार्थियों के लिए शुभकामना है। विद्यालय के प्रबन्धक शमशाद अहमद ने कहा कि भारत स्काउट गाइड के अन्तिम दिन उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर रहा हूँ। कार्यक्रम में जब मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेमलता शाही का आगमन हुआ तो मंच पर उपस्थित सभी लोगों को स्काउट गाइड का स्कार्प पहनाकर शिविर में सम्मिलित किया गया तत्पश्चात् शिक्षिकाओं द्वारा समस्त अतिथियों को माला पहनाकर अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक शमशाद अहमद ,प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका सिंह, राम राजेश यादव,शिक्षिका में सिटू प्रजापति, करूणा पाण्डेय, सुमन शुक्ला,तृप्ति सिंह, नीलम तिवारी ,श्वेता गोड़, नाजिश खातून, कविता चौहान,साहिना खातून ,निक्की शुक्ला ,अनिता सिंह,पिन्की मिश्रा, प्रीति राव,तबसुम खातून ,जिन्नत खातून ,अफसाना खातून ,निशा कुमारी, श्रेया गुप्ता, विजय सिंह,अंगद गुप्ता,निजामुद्दीन मंसूरी,मनीष सिंह,सन्नी खरवार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षक युनूस अंसारी, पंकज श्रीवास्तव, मुस्कान खातून के साथ ही पुलिस अली अहमद एवं अन्य अभिभावकगण उपस्थित रहे।







## चोरी के मामले में वांछित शातिर गिरफ्तार, चार जोड़ी पायल व बाइक बरामद

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने पीडी एकेडमी के पीछे से चोरी के मामले में वांछित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की चार जोड़ी सफेद धातु की पायल, घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल और बिना नंबर प्लेट की अपाची बाइक बरामद की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय की टीम शनिवार रात संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर जनपद के एम्स थाना क्षेत्र स्थित छोटकी कैथवलिया निवासी किशन चौहान (21) को दबोच लिया गया, जो वर्तमान में बैतालपुर के सरकारी अस्पताल के पास रह रहा था। बीरडीह तिवारी निवासी विकास मणि त्रिपाठी ने 11 नवंबर को तहरीर देकर बताया था कि 7 नवंबर को चोरों ने उनके घर का ताला और आलमारी तोड़कर नकदी व आभूषण चुरा लिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ कोतवाली थाने में चोरी व आर्म्स एक्ट समेत कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं।

## तकनीकी संकटका दंश

दुनिया जितनी तेजीसे डिजिटल होती जा रही है, उतनी ही तेजीसे उसकी निर्भरता कुछ बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंपर बढ़ती जा रही है। शुक्रवारको माइक्रोसाफ्टकी सेवाओंमें आयी तकनीकी गड़बड़ीने एक बार फिर इस निर्भरताके खतरोंको उजागर कर दिया है। सर्वरमें खराबीके कारण ७४ देशोंमें माइक्रोसाफ्टकी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसका असर सरकारी विभागों, बैंकों, अदालतों, विमानन सेवाओं और उद्योगोंके कामकाजपर पड़ा। माइक्रोसाफ्ट ३६५, आउटलुक टीम्स और कोपायलट जैसी सेवाओंके ठप होनेसे करोड़ों लोगोंको परेशानी उठानी पड़ी। यह घटना डिजिटल व्यवस्थाकी विश्वसनीयतापर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। इस घटनाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि एक कम्पनीके सर्वरमें आयी तकनीकी खराबीने दुनियाके अनेक देशोंकी सामान्य गतिविधियोंको प्रभावित कर दिया। भारत सहित अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियामें भी इसका असर दिखायी दिया। विमानन सेवाओंमें देरी हुई और संस्थानोंका नियमित कामकाज बाधित हो गया। इससे स्पष्ट है कि डिजिटल तकनीकने सुविधाएं तो बढ़ायी हैं, लेकिन इसके साथ ही निर्भरताका जोखिम भी पैदा किया है। जिस व्यवस्थाको समय और श्रम बचानेका माध्यम माना गया, वही व्यवस्था बाधित होनेपर कामकाज ठप करनेका कारण बन सकती है। कम्पनीने इस समस्याके पीछे साइबर हमलेके बजाय तकनीकी गड़बड़ीको कारण बताया है, लेकिन इससे समस्याकी गम्भीरता कम नहीं होती है। जब करोड़ों उपयोगकर्ता और हजारों संस्थान किसी एक सेवा प्रदातापर निर्भर हों तो उसकी छोटी-सी चूक भी वैश्विक संकटका गम्भीर रूप ले सकती है। ऐसेमें केवल सेवाएं बहाल करना पर्याप्त नहीं है। गड़बड़ीके कारणोंकी समीक्षा और भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति रोकनेके उपाय भी जरूरी हैं। भारत जैसे तेजीसे बढ़ते देशके लिए यह घटना एक सबक है। सरकारी संस्थानों, बैंकों, न्यायालयों और विमानन कम्पनियोंको एक ही तकनीकी मंचपर निर्भर रहनेके बजाय वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। सुरक्षित आंकड़ा भण्डारण, स्थानीय बैकअप और आपातकालीन संचालनकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। डिजिटल विकासका अर्थ केवल नयी तकनीक अपनाना नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना भी है। तकनीक मनुष्यकी सुविधाका माध्यम होनी चाहिए उसकी विवशताका नहीं। माइक्रोसाफ्टकी घटनासे सबक लेकर डिजिटल व्यवस्थाको और अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनानेकी दिशामें गम्भीर प्रयास करने होंगे।

## प्रतिबन्ध नहीं, प्रत्यर्पण

मलयेशियामें रह रहे भगोड़े इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइकके नेतृत्व वाले रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर प्रतिबन्ध पांच वर्षके लिए बढ़ा दिया गया है। वैमनस्यता और साम्प्रदायिक विचारधाराकी पोषक इस संघटनपर प्रतिबन्धकी सीमा १४ नवम्बरको समाप्त हो रही थी। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी सीमा बढ़ाना केन्द्र सरकारकी आतंकवाद एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियोंके प्रति जीरो टालरेंसकी नीतिके प्रति दृढ़ताको दर्शाता है। स्वराष्ट्र मंत्रालयके अनुसार यह संघटन भारतविरोधी गतिविधियोंमें शामिल रहा है। इसपर साम्प्रदायिक घृणा फैलानेके साथ ही आतंकवादको बढ़ावा देनेका आरोप है। आईआरएफका मूल उद्देश्य अलगाववादी विचारधाराका प्रचार करना और हिंसात्मक घटनाओंके बलबूते देशका माहौल खराब करनेके साथ ही फरार और बिखरे आतंकियोंको फिरसे संघटित करना रहा है, जो भारतकी शान्ति, सद्भाव और सम्प्रभुताके लिए बड़ा खतरा बन चुका है। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ाना स्वराष्ट्र मंत्रालयका कदम उचित और सामयिक है लेकिन एक यक्ष प्रश्न अब भी जेहनमें उठ रहा है कि क्या प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ा देनेसे 'जीरो टालरेंस' की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीकी नीतिके सार्थक परिणाम सामने आ सकेंगे? आज स्थिति यह है कि आईआरएफसे जुड़े अनेक आतंकी संघटन देशके विभिन्न हिस्सोंमें सक्रिय हैं। जरूरत है इन टुकड़े-टुकड़े आतंकी संघटनोंपर अंकुश लगानेकी, जिन्हें विदेशोंसे फण्डिंग होती है। जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणके लिए गम्भीरतासे प्रयास किया जाना चाहिए। हालांकि मलयेशियाकी सरकारसे उसके प्रत्यर्पणकी बात चल रही है लेकिन अबतक कोई प्रगति नहीं हुई, जो चिन्ताकी बात है। अभी कुछ ही महीने पहले मलयेशियाके राष्ट्रपति अनवर इब्राहिमने भारत यात्राके दौरान जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणका भरोसा दिया था लेकिन साथ ही इसमें समय लगनेकी बात भी कही थी। भारतको उसके प्रत्यर्पणका प्रयास लगातार जारी रखना चाहिए और वैश्विक स्तरपर दबाव बनानेकी कोशिश भी की जानी चाहिए।

## लोक संवाद

### जीवनशैलीमें सुधारकी जरूरत

महोदय,- आज हमारी गलतियोंके कारण बहुत-सी जानलेवा बीमारियोंका दायरा बढ़ता जा रहा है। इन्हींमेंसे एक बीमारी है डायबिटीज जिसे मधुमेह भी कहा जाता है। दुनियाभरमें बढ़ते मधुमेहके आंकड़ोंपर चिन्ता करते हुए इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशनने डायबिटीज रोकथाम दिवस मनानेका फैसला वर्ष १९९१ में किया था। डायबिटीजका कहर खान-पान और जीवनशैलीकी तरफ ध्यान देकर रोका जा सकता है। इस बीमारीके शिकार युवा भी हो रहे हैं। यह बीमारी हमारे देशमें भी तेजीसे बढ़ती जा रही है। इस बीमारीका मुख्य कारण गलत खानपान और जीवनशैली भी है। इसलिए जीवनशैलीको दुरुस्त करनेकी सख्त जरूरत है। **-राजेश कुमार, वाया ईमेल।**

# बढ़ता बैंक ऋण चिन्ताजनक

**हालमें मौद्रिक नीति समीक्षाके दौरान आंतरिक चर्चामें आरबीआईके गवर्नर संजय मल्होत्राने कहा था, इसी तरह मुद्रा एवं ऋण संबंधी आंकड़ोंमें वृद्धिको देखते हुए मांग पक्षसे जुड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। सार्वजनिक चर्चाओंसे कुछ समयतक दूर रहनेके बाद नकदीकी मात्रा फिर अहमियत बटोरने लगी है।**

❐ टी. प्रसन्ना

आरबीआई स्वयं ब्याज दरें तय करता है और मुद्रास्फीतिका लक्ष्य निर्धारित करता है तो क्या हमें इसपर ध्यान देना चाहिए। भारतमें इसका जवाब हां है। आंकड़े इसकी वजह बताते हैं। व्यापक मुद्रा (ब्रॉड मनी जिसे एम३ भी कहा जाता है) में मुख्य रूपसे नकदी और बैंक जमा शामिल होते हैं। वर्ष २०२४-२५ में इसकी वृद्धि दर लगभग ९.३ फीसदी थी जो २०२५-२६ में बढ़कर १५.३ फीसदी हो गयी। इसी दौरान नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ फीसदीसे भी कमकी वृद्धि हुई। १५ अक्तूबरको सालाना मुद्रा वृद्धिकी दर १६ फीसदीपर थी। हमारे आंकड़ोंके मुताबिक मार्चमें व्यापक मुद्रा जीडीपीका लगभग ९१ फीसदी थी और सितंबरतक (अनुमानित जीडीपीके आधारपर) यह लगभग ९३ फीसदी हो गयी। १८ महीने पहले यह अनुपात लगभग ८६ फीसदी था। यह आयके मुकाबले मुद्राके काफी बड़े विस्तारको दर्शाता है। हालांकि नीति-निर्माणमें मुद्रा आपूर्तिमें वृद्धिको एक स्वतंत्र भूमिका देनेके खिलाफ एक गम्भीर तर्क भी मौजूद है। हालमें नोबेल पुरस्कार जीतने वाले अर्थशास्त्रियों से जुड़े नव कीनेसियन ढांचेके मुताबिक खर्चका स्तर वर्तमान और भविष्यकी वास्तविक ब्याज दरोंपर निर्भर करता है। वास्तविक दरका मतलब है नॉमिनल दरमें अनुमानित मुद्रास्फीति घटा देना। जब वास्तविक दर कम होती है तो लोग अधिक खर्च करनेके लिए प्रेरित होते हैं और भविष्यके लिए उपभोग टालनेकी वजह कम हो जाती है। जब कीमतें धीरे-धीरे समायोजित होती हैं तो बढ़ती मांग अंततः मुद्रास्फीति ऊपर धकेल देती है। इस नजरियेसे देखें तो मौद्रिक नीति ब्याज दरों, लोगोंकी उम्मीदों और वित्त पोषणकी स्थितियोंके जरिये काम करती है। यदि इन माध्यमोंसे नीतिगत रुख स्पष्ट हो जाता है तो केन्द्रीय बैंकको अलगसे मुद्रा आपूर्ति लक्षित करनेकी जरूरत नहीं पड़ती। मुद्रा आपूर्तिमें विस्तार इसलिए भी हो सकता है कि बैंक अधिक कर्ज देते हैं और नयी जमा जुटाते हैं। इस तरह यह किसी स्वतंत्र कारणके बजाय आर्थिक फैसलोंका एक परिणाम बन जाता है। साथ ही वित्तीय नवाचारोंके मुद्राको परिभाषित करना मुश्किल हो गया है और केन्द्रीय बैंक भी व्यापक मुद्राको पूरी तरह सटीक रूपसे नियंत्रित नहीं कर सकता।

इसके अलावा बैंक भंडार बनानेसे अतिरिक्त ऋणकी गारंटी नहीं मिलती। बैंक तरल परिसंपत्तियोंको इसलिए रोक सकते हैं कि उन्हें नुकसानका डर होता है, पूंजीकी कमी होती है या उन्हें ऋण देने योग्य ग्राहक नहीं मिल पाते। कर्जधारक नये ऋण लेनेके बजाय पुनर्भुगतानको प्राथमिकता दे सकते हैं। वैश्विक वित्तीय संकटके बाद अमेरिकी अनुभव यह दर्शाता है कि भंडार निर्माणका सीधा असर मुद्रा, ऋण या मुद्रास्फीतिपर नहीं पड़ता।

उल्लेखनीय है कि यह नीति-निर्माताओंकी सही ब्याज दर निर्धारित करनेकी क्षमतापर अत्यधिक भरोसा दिखाता है। नॉमिनल दर प्रतिबंधात्मक प्रतीत हो सकती है जबकि अपेक्षित मुद्रास्फीतिको ध्यानमें रखनेपर वह विस्तारवादी हो सकती है। जनताकी मुद्रा धारण करनेकी इच्छासे परे मुद्रामें निरन्तर वृद्धि व्यय और परिसंपत्तियोंकी खरीदके माध्यमसे समायोजनको प्रोत्साहित करती है। लिहाजा मुद्रा ऐसी जानकारी प्रदान करती है जो ब्याज दरोंके विश्लेषणसे नहीं मिल पाती। यह संबंध न तो तात्कालिक है और न ही यांत्रिक रूपसे आनुपातिक। वांछित मुद्रा रखने और व्ययकी गति भी बदलती रहती है। भारतके पास इस चेतावनीको गम्भीरतासे लेनेके दो कारण हैं। पहला, जब ऋण आवंटन पहले ही तेजीसे बढ़ रहा हो तो यह संभावना कम आश्वस्त करने वाली है कि अतिरिक्त नकदीका ऋण आवंटनसे सीधा संबंध नहीं रहता है। पिछले दिनों बैंक ऋण २२७.४३ लाख करोड़ रुपयेतक पहुंच गया, जो पिछले वर्षकी तुलनामें १८.२ फीसदीकी वृद्धि है जबकि एक वर्ष पहले यह वृद्धि ११.६ फीसदी थी। इससे यह सिद्ध नहीं होता कि भंडार निर्माणके कारण ही प्रत्येक अतिरिक्त ऋण दिया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि हम प्रचुर नकदी भंडारके साथ बैंक ऋण आवंटनमें स्थिरता नहीं देख रहे हैं। मुद्रा और ऋण दोनों साथ बढ़ रहे हैं।

दूसरा और अधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतमें व्यय, बचत और मूल्य निर्धारण प्रभावित करने वाली मुद्रास्फीतिकी अपेक्षाओंका पर्याप्त विश्वसनीय माप उपलब्ध नहीं है। घरेलू सर्वेक्षणकी अपेक्षाएं लगातार बादके राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीतिसे अधिक रहती हैं। कुछ विसंगति परिवारोंकी विभिन्न उपभोग श्रेणियों को दर्शाती है। सर्वेक्षणमें होने वाले बदलाव अब भी जानकारियोंसे भरे हो सकते हैं परन्तु वास्तविक दरकी गणनाके लिए इन संख्यात्मक अपेक्षाओंका उपयोग करना अब भी समस्याग्रस्त है। रिपोर्ट की गयी मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करते हैं परन्तु वे वेतन संबंधी वार्ता, किराये, स्कूल फीस और अनुबंध नवीनीकरण नियंत्रित करने वाली अपेक्षाओंको समझनेका विकल्प नहीं हो सकते। ये निर्णय निर्धारित करते हैं कि अनुमानित मुद्रास्फीति भविष्यकी कीमतोंमें कैसे शामिल होती है। हमें बेहतर सर्वेक्षणों और अनुबंधोंसे सबूतोंकी जरूरत है जो सभी पक्षोंको भविष्यके भुगतानोंके लिए प्रतिबद्ध करते हैं। तब तक मौद्रिक भंडार सचाई टटोलनाका एक अहम जरिया प्रदान करते हैं। यहांतक कि जो व्यक्ति यह मानता है कि मुद्राकी कोई स्वतंत्र कारणात्मक भूमिका नहीं है उसे भी यह पूछना चाहिए कि क्या इसकी वृद्धि मुद्रास्फीतिके पूर्वानुमानोंमें सुधार करती है। भविष्यवाणीके लिए यह साबित करना आवश्यक नहीं है कि भविष्यवक्ता स्वतंत्र रूपसे परिणामका कारण बनता है। यदि मुद्रा वृद्धि मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करती है तो कार्य-कारण संबंध विवादित होनेके कारण इसकी अनदेखा करना उपयोगी जानकारीको खारिज करना होगा।

यह नये कीनेसियन ढांचेके अनुकूल है। यदि अपेक्षित मुद्रास्फीतिका त्रुटिपूर्ण निर्धारण किया जाता है तो वास्तविक दरका हमारा अनुमान गलत होगा। तीव्र मौद्रिक और ऋण वृद्धिसे पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता होनी चाहिए। क्या नीति नॉमिनल रीपो दरसे अधिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सभी मौद्रिक वृद्धि खतरनाक भी नहीं होती। एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके। रीपो दर प्रमुख जरिया बनी रहनी चाहिए और मुद्रास्फीति लक्ष्य। परन्तु मुद्रा वृद्धिको पूर्वानुमानों, अहम एवं सूक्ष्म बातों और संचारमें स्पष्ट स्थान मिलना चाहिए। जब अपेक्षाओंका सटीक आकलन न हो तो ब्याज दर ढांचेकी अधिक जांच-पड़तालकी आवश्यकता होती है।

**बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके।**

# वैश्विक परिदृश्यमें भारतीय संस्कृतिका महत्व

**भारतीय संस्कृतिका उद्भव इतिहासके जन्मसे भी पुराना है। सारी दुनियाके विद्वान और ज्ञान अभिलाषी भारतीय संस्कृति और धर्मसे प्रेरित रहे हैं। इस संस्कृतिके प्रतीक और प्रतिमान भारतके लिए स्वाभिमानका विषय हैं।**

❐ हृदयनारायण दीक्षित

बीते ५ नवंबरको इण्डोनेशियाकी राजधानी जकार्तामें आयोजित यूनेस्कोकी ग्यारहवीं बैठकसे उत्साहवर्धक सूचना आयी है। इस बैठकमें भारतके महाकाव्य महाभारत, कौटिल्यका अर्थशास्त्र, कल्हड़की राजतरंगिणीकी प्राचीन पाण्डुलिपियोंको मेमोरी ऑफ दि वर्ल्ड एशिया रजिस्टरमें सम्मिलित करनेकी घोषणा की गयी है। इसके पहले २०२४ में रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक लोचनको इसी सूचीमें शामिल किया गया था। दुर्भाग्यसे राजनीतिक कारणोंसे देशका वातावरण कलहपूर्ण हो गया है। भारत और भारतके मनको आनंदित करने वाली ऐसी सूचनाओंपर कोई उत्सव नहीं है। इस महत्वपूर्ण सूचनाको राष्ट्रीय विमर्श और आनन्दका विषय नहीं बनाया गया। अच्छा होता कि जनमानसमें भारतका राष्ट्रीय वैशिष्ट्याभिमान बढ़ाने वाली इस घोषणाकी चर्चा की जाती। तीनों ग्रंथ असाधारण रूपसे प्रतिष्ठित हैं। कौटिल्यका अर्थशास्त्र लगभग ३४० ईसापूर्वकी रचना है। यह दुनियाका प्राचीनतम अर्थशास्त्र है। भारतीय दर्शन और परम्पराको भाववादी बताने वाले पश्चिमी विद्वान और उनके समर्थक अर्थशास्त्रका भौतिकवाद नहीं देखते। कौटिल्यने अर्थशास्त्रकी शुरुआतमें ही शुक्राचार्य और बृहस्पतिको नमस्कार किया है। शुक्राचार्यके मतका उल्लेख भी हुआ है। अर्थशास्त्रकी सामग्री यथार्थवादी दर्शनसे भरी पूरी है। अर्थशास्त्रकी तुलना मेकियावली द्वारा लिखित 'प्रिंस' से की जाती है। राजपुत्रोंसे देशकी रक्षाका विषय मजेदार है। कहा गया है कि राजाको पुत्रोंकी गतिविधिपर ध्यान रखना चाहिए। ये केकड़ेकी तरह देशका नुकसान करते हैं। अर्थशास्त्रमें राजकोष, सैन्य संघटन, सीमा विस्तार और चुंगी जैसे कराधानकी चर्चा है। बड़ी बात है कि कौटिल्यने अर्थशास्त्रमें राजव्यवस्थाके सभी अंगों और उद्देश्योंपर ईसाके ३५० वर्ष पहले ही सम्यक विचार कर लिया था।

महाभारतमें कुल लगभग १,१०,००० श्लोक हैं। एक लाखसे अधिक श्लोक होनेके कारण इसे शतसाहस्री संहिता भी कहा जाता है। इस ग्रंथका विकास तीन चरणोंमें हुआ था। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित मूल ग्रंथ 'जय' में ८८०० श्लोक थे। महाभारतका संपादन लगातार होता रहा है। बादमें इसमें श्लोकोंकी संख्या २४००० हुई और यह 'भारत' कहलाया। अंतमें एक लाखसे अधिक श्लोक और १८ पर्व हो गये। यह 'महाभारत' के नामसे प्रसिद्ध हुआ। भारतीय दर्शनका प्रतिनिधि ग्रन्थ गीता महाभारतके भीष्म पर्वका ही हिस्सा है। महाभारतके इस हिस्सेको दुनियाके सैकड़ों विद्वानोंने बार बार पढ़ा है। गीता दर्शनके अलावा महाभारतमें राजनीति, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र, इतिहास और धर्मशास्त्रपर तमाम सामग्री है। इसमें ऋग्वेदकी परम्परा है। उपनिषदोंका दर्शन है। पुराणोंका यथार्थ दार्शनिक भाववाद है। धर्मपर अनेक विचार हैं। ज्ञान और विवेकपूर्ण विमर्श है। यक्ष प्रश्नों वाला हिस्सा विवेकपूर्ण है। एक मजेदार प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है-का: पंथा: । युधिष्ठिरका उत्तर है कि 'ऋषि अनेक हैं। वेद वचन भिन्न-भिन्न हैं। तर्कसे बात नहीं बनती। धर्मका तत्व गुहामें है। इसलिए महापुरुषों द्वारा अपनाया गया मार्ग ही सही मार्ग है। युधिष्ठिर धर्मराज होकर भी धर्मपर निर्णायक वक्तव्य नहीं देते। द्रौपदी जुएंके खेलमें अपमानित हुई थी। उसने आरोप लगाया कि इन राजाओंका धर्म भ्रष्ट हो गया है। भीम कहते हैं कि जुआं खेलना राजधर्म है। महाभारत कालजयी रचना है। दुनियाके सभी विचार इस महाकाव्यमें हैं।' राजतरंगिणी कश्मीरी पंडित कल्हण द्वारा १२वीं शताब्दीमें संस्कृत भाषामें रचित एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक महाकाव्य है। इसका शाब्दिक अर्थ 'राजाओंकी नदी' होता है। यह ग्रंथ कुल आठ अध्यायों (तरंगों) में विभाजित है। प्रत्येक तरंग ज्ञानपूर्ण है। इसमें महाभारत कालसे लेकर कल्हणके समयतकके कश्मीरके राजाओंका क्रमबद्ध इतिहास दर्ज है। कल्हणने शिलालेखों और पुराने सिक्कोंके अध्ययनके आधारपर यह ग्रंथ लिखा था। यह पुस्तक केवल युद्धोंतक सीमित नहीं है, बल्कि तत्कालीन समाज, धर्म, संस्कृति और आम जनताकी दशापर भी प्रकाश डालती है। बिना किसी पक्षपातके राजाओंके गुणों और दोषोंका वर्णन करनेके कारण इसे भारतीय इतिहासका पहला प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

ग्रंथका दार्शनिक पक्ष भी इसके ऐतिहासिक विवरण जितना ही गहरा और प्रभावशाली है और तथ्य और ज्ञानसे भरीपूरी है। कल्हणने सत्ताके लिए होने वाले रक्तरंजित संघर्षोंके माध्यमसे जीवनकी नश्वरताको दर्शाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सांसारिक वैभव, राजपाट और अहंकार सब कुछ क्षणभंगुर हैं। इस महाकाव्यका मुख्य रस 'शांत रस' है। ये पाठकोंको वैराग्य और आत्मचिंतनकी ओर ले जाता है। कल्हणके अनुसार मनुष्यके कर्म ही उसके उत्थान और पतनका असली कारण बनते हैं। राजाओंके पतनकी कहानियां सुनाकर वे यह संदेश देते हैं कि धर्म और नैतिकता ही शाश्वत सत्य हैं। यह पुस्तक इतिहासके दर्पणमें जीवनके अंतिम सत्य और शांतिकी खोज करती है। अपने इसी गहरे दार्शनिक संदेशको पहुंचानेके लिए कल्हणने एक प्रभावशाली साहित्यिक शैलीका सहारा लिया है। साहित्यिक दृष्टिसे भी राजतरंगिणी संस्कृत काव्य परम्पराकी एक अनुपम कृति है। कल्हणकी लेखन शैली अत्यंत सरल, प्रवाहपूर्ण और हृदयस्पर्शी है। उन्होंने कठिन ऐतिहासिक तथ्यों और जीवनके गूढ़ सत्योंको रोचक बना दिया है। उनकी भाषामें अनावश्यक आडंबर नहीं है। विचारोंकी स्पष्टता और गहराई है। प्रकृति वर्णन, मानवीय संवेदनाओंका चित्रण है। सूक्तियोंका प्रयोग है। ग्रंथ सुंदर है। यह रचना इतिहासके रूखेपनसे मुक्त है। ग्रंथकी शैली उसे एक जीवंत और पठनीय महाकाव्यका रूप देती है। इसी प्रकार ऋग्वेद, रामचरितमानस, पंचतंत्र आदि ग्रंथ भी यूनेस्को द्वारा सम्मानित किये गये हैं। भारत स्वयंमें एक महाकाव्य है। भारतके लिए यह गौरवका विषय है। भारतको विश्वगुरु बिलावजह नहीं कहा जाता। ऐसे अनेक महाग्रंथ भारतमें हैं। उन्हें पढ़ना चाहिए। जांचना और जानना चाहिए कि भारतकी अभिव्यक्तिका विराट समूचे अस्तित्वको कैसे समाहित करता रहा है। इसका अंतरंग लोकमंगल से भरा पूरा है।




## सूर्योपासनाका पर्व

❐ रघोत्तम शुक्ल

सूर्योपासनाकी कठिन चारदिनी उपासनाका महापर्व छठ है। सूर्यदेव पृथ्वीपर जीवनके आधार हैं। ज्योतिष ग्रंथोंके अनुसार शरीरांगोंमें उनका अधिकार मुखपर है। हर जातककी कुण्डलीमें वे लग्न, भाग्य और कर्म जैसे सबसे महत्वपूर्ण भावोंके कारक होते हैं। वे जगतके कर्ता, परम तेजोमय, सभी पापोंका नाश करने वाले ज्ञान-विज्ञान और मोक्ष भी प्रदान करने वाले मान्य हैं। वे हनुमान जीके गुरु हैं। उनसे ही शिक्षा पाकर हनुमान जी ज्ञानिनामग्रगण्यम् बने। वे पराक्रमके ऐसे भण्डार हैं कि सर्वश्रेष्ठ शस्त्रधारी श्रीरामको भी रावण वध करनेके लिए उनकी आराधना करनी पड़ी। श्रीरामने युद्ध भूमिमें ही आचमन लेकर तीन बार उस स्तोत्रका पाठ किया और फिर अति शक्ति सम्पन्न होकर रावणसे युद्ध करनेको उद्यत हुए। ऐसे सूर्य भगवानकी उपासनाका जब षष्ठी तिथिसे योग हो जाय तो उसका फल विशेष है। छहका अंक अपना महत्व रखता है। ज्ञानके भण्डार आदि ग्रंथ वेदोंके छह ही अंग हैं, शिक्षा, कल्प, निरुक्त, छंद, व्याकरण, ज्योतिष। प्रकृतिके रस भी छह ही हैं। भगवान शंकरके पुत्र देवताओंके सेनापति कार्तिकेय छह मुखों वाले हैं, जिनके सेनापतित्वमें देवता तारकासुरको मार सके। योग मार्गमें छठा चक्र आज्ञा चक्र होता है, जो दोनों भृकुटियोंके बीचका स्थान है। छठ मैया सूर्यदेवकी बहन मानी गयी हैं। लोक गीतोंमें कहा गया है, 'सूरज देव कै बहिनियां मैया, किरिन संग अंगना आय'। मान्यता है कि सूर्यदेवने अपनी इन बहनके घर आकर भोजन किया था। इस तिथिपर उनकी उपासना, व्रत, अनुष्ठानके विशेष फल हैं। मार्कण्डेय एवं ब्रह्मवैवर्त पुराणोंके अनुसार सृष्टि सृजन करते समय मूल प्रकृतिने अपनेको छह भागोंमें विभक्त किया। छठा भाग संतान प्रदाता एवं संतान रक्षक हुआ। यही छठ मैया हैं, जो ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री हैं। कार्तिक शुक्ल छठका यह अनुष्ठान चार दिनी होता है, जो इस प्रकार मनाया जायगा। नहाय खाय-खरना-मुख्य छठ पूजा है। इस दिन व्रती दिनभर बिना अन्न जल उपवास रहेगा। घरमें ठेकुवा, चावलके लड्डू बनेंगे। सूपमें फल, ठेकुवा और पूजन सामग्री सजाकर सायंकाल व्रती जलाशयमें खड़े होकर पूजन और अस्ताचलगामी सूर्य देवको अर्घ्य देंगी। पारण- आगले दिन प्रातः सपरिवार व्रती पुनःजलाशयपर इकट्ठा होती हैं। व्रती जलमें खड़े होकर उदीयमान सूर्यको जलदान करके संतानप्राप्ति, रक्षाकी प्रार्थनाऔर व्रतकी पूर्णता करके पारण होता है। यह व्रतकी पूर्णता अथवा समापन होता है। सांतानिक व्रत होते हुए भी छठ माई अन्य सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। पुराणोंके अनुसार आदिकालमें राजा प्रियव्रतने यह व्रत किया था। उनकी पत्नी मालिनी थीं। महर्षि कश्यपने उनसे पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, जिससे संतान तो उत्पन्न हुआ, किन्तु मृत। इससे वे शोकमें डूब गये। तब वहां एक अद्भुत देवी प्रकट हुईं। राजाके पूछनेपर उन्होंने अपना परिचय छठ देवीके रूपमें बताया तथा स्वयंको ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री कहते हुए प्रकृतिका छठा अंश प्रतिपादित किया।

# कश्मीरमें सुरक्षाबलोंके लिए नयी चुनौती

❐ रोहित माहेश्वरी

जम्मू-कश्मीरमें हालमें घटी दो अलग-अलग और सनसनीखेज घटनाओंने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको लेकर गम्भीर चिन्ताएं खड़ी कर दी हैं। पहली घटना दक्षिण कश्मीरके कुलगाम जिलेसे है, जहां ११ नवंबरको केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्सकी एक पेट्रोलिंग पार्टीको निशाना बनाकर हमला किया गया। इस हमलेमें सीआरपीएफके तीन जवान घायल हो गये थे। दूसरी घटना किश्तवाड़ जिलेके दूरदराज और घने जंगलों वाले दच्छन-मरवाह इलाकेसे सामने आयी, जहां स्थानीय पुलिसके स्पेशल आपरेशंस ग्रुपमें तैनात दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। करीब चौबीस घंटेके भीतर हुई ये घटनाएं बताती हैं कि जम्मू-कश्मीरमें सुरक्षा हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं। ५ अगस्त २०१९ को केन्द्र सरकार द्वारा अनुच्छेद ३७० को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीरको दो केन्द्रशासित प्रदेशोंमें विभाजित करनेका फैसला भारतीय इतिहासके सबसे बड़े भू-राजनीतिक मोड़ोंमें गिना जाता है। इस कदमके बादसे घाटी और पूरे प्रदेशमें सुरक्षाके मोर्चेपर बड़े बदलाव आये हैं, लेकिन हालिया घटनाओंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादका खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि उसके स्वरूपमें बदलाव आया है।

सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक ५ अगस्त २०१९ से लेकर मध्य २०२६ के बीच आतंकवादी घटनाओं और सड़कपर होने वाले प्रदर्शनों (जैसे पत्थरबाजी) में लगभग ९० प्रतिशततककी भारी कमी आयी है। पिछले वर्षोंकी तुलनामें आतंकी वारदातोंमें करीब ७५ प्रतिशतसे अधिककी गिरावट दर्ज की गयी है। इस अवधिके दौरान सुरक्षा बलोंने बड़ी संख्यामें आतंकवादियोंको ढेर किया है। हालिया घटनाएं एक बार फिर याद दिलाती हैं कि सामान्य स्थिति और स्थायी शांतिके दावोंसे इतर इलाकेमें आतंकवादके रक्तबीज मौजूद हैं। दुखद ही है कि लापता होनेके एक दिन बाद दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंके गोलियोंसे छलनी शव बरामद हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफकी चेकपोस्टपर हुए हमलेमें तीन जवान घायल हुए हैं। निस्संदेह यह हमारी खुफिया एजेंसियों और सुरक्षाबलोंके लिए नयी चुनौती है। इन दोनों घटनाओंको अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि इनके पीछे कई गहरे रणनीतिक संकेत छिपे हैं। लम्बे समयतक शांत रहे चिनाब घाटी (किश्तवाड़, डोडा) के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियोंका इस्तेमाल आतंकी सुरक्षित पनाहगाहके रूपमें करनेकी फिराकमें हैं। एसपीओ और ग्राम रक्षा गार्ड स्थानीय भौगोलिक स्थिति और लोगोंसे भली-भांति परिचित होते हैं। इन्हें निशाना बनाकर आतंकी स्थानीय लोगोंमें खौफ पैदा करना चाहते हैं, ताकि सुरक्षाबलोंको जमीनी स्तरपर मिलने वाली खुफिया जानकारी बाधित हो सके। इन हमलोंकी चौतरफा निन्दा हुई है। ग्रेटर कश्मीरकी खबरके अनुसार, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टीके अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद सहित कई नेताओंने इन कायराना हरकतोंकी कड़ी आलोचना करते हुए आतंकवादके समर्थक नेटवर्कको पूरी तरह ध्वस्त करनेकी मांग की है।

उल्लेखनीय है कि इससे ठीक एक साल पहले राजधानीमें लाल किलेके पास एक कार धमाकेमें ग्यारह लोगोंकी जान चली गयी थी। कालांतर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईएकी व्यापक जांचके बाद पता चला था कि विस्फोटकी घटनामें जम्मू-कश्मीर स्थित पुलवामाके एक डाक्टरकी मुख्य भूमिका रही थी। फिलहाल जम्मू-कश्मीरमें हालिया आतंक

# छठ महापर्व के तैयारियों का नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया जायजा

सिद्धार्थ नगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर अंतर्गत पावन जमुआर घाट पर आगामी छठ महापर्व के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव सदर एसएचओ नवीन कुमार सिंह एवं ट्रैफिक इंचार्ज अजय कुमार जी के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छठ महापर्व से पूर्व सभी तैयारियाँ समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कर ली जाएँ, ताकि व्रतधारी माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन एवं व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा मिल सके।





**नायब तहसीलदार ,ईओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण, सुरक्षा के दिये निर्देश**

**उसका बाजार( सिद्धार्थनगर )** प्रतिनिधि के अनुसार छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न होने के लिए शनिवार को कस्बा से सटे स्थित कूड़ा नदी के विभिन्न छठ घाटों का नायब तहसीलदार अमित सिंह ने निरीक्षण किया है । उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों को छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। बरसात से पिछले दिनों नदी का जलस्तर बढ़ गया था। अब नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी के कारण इस पर्व पर दुर्घटना की प्रबल सम्भावना रहती है। इसलिए सुरक्षा को लेकर प्रशासन काफी सतर्क है।

ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने कहा कि हर छठ घाट पर बैरिकेटिंग का इंतजाम है जिससे कोई घटना न हो । कस्बा के कूड़ा नदी के तेतरी , रेहरा , परती,रानीगंज मोगलहा, उसका राजा, उसकिया घाट पर छठ पूजा मनाया जाना है । इन घटो का निरीक्षण हुआ है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, सभासद पवन जायसवाल, कल्लू, सोमनाथ मिश्र, कृष्णा आदि रहे।

# 12 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते से निस्तारित होंगे लंबित वाद

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार आगामी 12 दिसंबर 2026 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह लोक अदालत प्रात: 10:00 बजे से सिविल कोर्ट सिद्धार्थनगर सहित बाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज, ग्राम न्यायालय इटवा, जिला कारागार एवं समस्त राजस्व, चकबंदी व अन्य न्यायालयों में आयोजित होगी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के सचिव शैलेन्द्र नाथ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों जैसे आपराधिक शमनीय वाद, एनआई एक्ट की धारा-138 (चेक बाउंस), ई-चालान, आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक एवं श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत व जल बिल विवाद (चोरी से



संबंधित मामलों सहित), सर्विस वेतन एवं सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़े विवाद, राजस्व वाद तथा अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष आदि) को प्रमुखता देते हुए निस्तारित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं-जैसे पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, बैंक वसूली, श्रम वाद, बिजली-पानी बिल विवाद एवं अन्य शमनीय व सिविल मामले-उनका भी बिना मुकदमा दायर किए वाद-पूर्व सुनवाई (प्री-लिटिगेशन) स्तर पर आपसी सुलह-समझौते व सद्भावना के आधार पर निपटारा कराया जा सकेगा।

प्राधिकरण ने जनपद के सभी वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को संबंधित न्यायालयों में उपस्थित होकर आपसी सहमति से अपने मुकदमों व विवादों का स्थायी समाधान कराएं और राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# एक भी पात्र का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाए- विश्व मित्र सिंह

बांसी (सिद्धार्थनगर)। मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से तहसील प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दिया है। तैयारी क्रम में शुक्रवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह और तहसीलदार बृजेश कुमार ने तहसील क्षेत्र के सभी कोटेदारों के साथ बैठक करते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 17 नवंबर से पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होगा। इसके तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ ही मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र लोगों का नाम भी दर्ज कराया जाएगा। उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। अभियान के दौरान विशेष सतर्कता बरती



जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के साथ ऐसे लोगों को भी चिह्नित किया जाए, जिनका नाम किसी कारण वश अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। उन्होंने कोटेदारों से स्पष्ट रूप से कहा कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने और प्रशासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील किया। तहसीलदार बृजेश कुमार ने कहा कि कोटेदारों का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम लोगों से सीधा सम्पर्क रहता है। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे राशन वितरण के दौरान भी लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की जानकारी दें।

जिन पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में छूट गया है, उन्हें नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। नए मतदाताओं को आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें, जिससे कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहने पाए। बैठक में आपूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र दुबे, विमल गुप्ता, अर्चना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अभियान के दौरान आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने पर जोर दिया।

# अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य की उपासना का अनूठा संगम है छठ महापर्व

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। लोकआस्था, शुद्धता, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ सामाजिक समरसता का अद्वितीय संदेश देता है। विश्व में सूर्य उपासना की तमाम परंपराओं में छठ एकमात्र ऐसा विशिष्ट पर्व है, जिसमें अस्ताचलगामी (डूबते) और उदीयमान (उगते) दोनों सूर्य को समान श्रद्धा और भक्तिभाव से अर्घ्य अर्पित किया जाता है। संस्कृत के %षष्ठी% शब्द से बने इस पर्व का आध्यात्मिक दर्शन जीवन के सुख-दुख और उतार-चढ़ाव को समान भाव से स्वीकार करने की प्रेरणा देता है।

**बिना भेदभाव एक घाट पर जुटता है समाज**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठी माता और भगवान भास्कर की संयुक्त आराधना से परिवार में आरोग्य, संतान सुख और समृद्धि आती है, जिसकी परंपरा महाभारत काल में द्रौपदी और पांडवों द्वारा की गई सूर्य उपासना से भी जुड़ी मानी जाती है। इस महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समानता है, जहां पूजा घाटों पर जाति, वर्ग और अमीर-गरीब का हर भेद मिट जाता है। बांस के सूप और टोकरियों में खेतों से उपजे अनाज, मौसमी फल, गन्ना, अदरक, मूली, नारियल और पारंपरिक ठेकुआ रखकर पूजा करना हमारी कृषि संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरा सम्मान दर्शाता है।

**36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की साधना**

चार दिवसीय इस अनुष्ठान की शुरुआत चतुर्थी को %नहाय-खाय% के सात्विक संकल्प से होती है। दूसरे दिन पंचमी को %खरना% में दिनभर के निर्जला उपवास के बाद शाम को गुड़ की खीर का प्रसाद ग्रहण कर व्रती लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत आरंभ करते हैं। तीसरे दिन षष्ठी की संध्या को अस्ताचलगामी सूर्य और चौथे दिन सप्तमी की भोर में उदीयमान सूर्य को दूध व जल से अर्घ्य अर्पित कर पारण के साथ व्रत संपन्न होता है।

**बिहार, यूपी और मिथिलांचल से निकलकर महानगरों तक गूंजे छठी मैया के गीत**

पारंपरिक रूप से भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश और नेपाल की सांस्कृतिक पहचान रहा यह महापर्व अब सीमाओं से निकलकर व्यापक स्वरूप ले चुका है। आज बिहार और उत्तर प्रदेश के साथ-साथ काठमांडू के पहाड़ी व हिमाली क्षेत्रों तथा दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में भी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। रोजगार के लिए दूर रहने वाले प्रवासी परिवारों को अपनी जड़ों से जोड़ने वाला यह उत्सव आज सांस्कृतिक एकता का सशक्त प्रतीक बन चुका है।

# पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, नशामुक्ति और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

इटवा (सिद्धार्थनगर)। कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत शनिवार को इटवा थाना क्षेत्र के डबरा गांव में पुलिस की ओर से जनसंवाद एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें



ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को नशामुक्ति और साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की अपील की। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। आवश्यक पुलिस सहायता के लिए सीपीयू टीम प्रभारी का संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना व्यक्त की।

साथ ही भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम में सीपीयू टीम के कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल रुद्र प्रताप नायक और महिला कांस्टेबल रविता यादव शामिल रहीं।

## विशेष लोक अदालत २१को

उसका बाजार सिद्धार्थनगर।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में दिनांक 21 नवम्बर को एन0आई0एक्ट की धारा 138 से संबंधित वादो के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन का आयोजन किया गया है। इसी अनुक्रम में मोटर अधिनियम के अन्तर्गत वाहन चालानो के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 28 नवम्बर को किया गया है।

यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री शैलेन्द्र नाथ ने देते हुए लोगो से अपेक्षा किया है कि उपरोक्त दोनों विशेष लोक अदालत के आयोजन की सूचना का प्रसारण दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक एन0आई0एक्ट तथा मोटर अधिनियम के होने वाले वाहन चलानो से संबंधित मुकदमो का निस्तारण हो सके।

# कोटेदार छूटे मतदाताओं का नाम करायेंगे दर्ज

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। तहसील शोहरतगढ़ के सभागार में



एसडीएम रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता बैठक हुई। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र की 160 सरकारी राशन दुकानों के कोटेदारों को मतदाता सूची से वंचित लोगों के नाम दर्ज कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

वहीं एसडीएम ने निर्देश दिया कि छूटे मतदाताओं से फार्म-छह भरवाकर उनके नाम सूची में शामिल कराएं। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष के युवक-युवतियों के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराये जाएं। नेपाल से विवाह कर भारत आई महिलाओं के आधार कार्ड का सत्यापन कराकर उनके नाम शामिल कराने की प्रक्रिया भी पूरी की जायें। 04 जनवरी 2027 को अन्तिम मतदाता सूची जारी होनी है। कोटेदारों को राशन कार्डधारकों की कुल संख्या, मतदाता सूची में पंजीकृत और छूटे लोगों का विवरण तैयार करने को कहा गया।

# श्रीकृष्णा द स्कूल में धूमधाम से मनाया गया चिल्ड्रेन्स डे

उसका बाजार(सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत उसका बाजार के सरदार पटेल नगर में स्थित श्रीकृष्णा



द स्कूल में शनिवार को बाल दिवस कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने अपने सहपाठियों के साथ आकर्षक सजावट किया। प्रधानाचार्य सहित उनके कक्षा अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने पोस्टर एवं सजावट का अवलोकन किया। स्कूल के प्रबंधक ने दिव्य ज्योति जलाकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करके बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना दिया।

स्कूल में बाल दिवस को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतेंद्र पाण्डेय सहित शिवकुमार श्रीवास्तव, अर्चना अग्रहरि, सुभाष यादव, बृजेश विश्वकर्मा, सीमा, रागिनी, रिशु पाण्डेय, ममता, हर्षिता आदि उपस्थित रही।

# परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मना बाल दिवस

सेमरियावां, संतकबीरनगर। विकासखंड सेमरियावां के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित बैगलेस डे को बच्चों के लिए विशेष रूप से रचनात्मक और आनंददायक बनाया गया। विद्यालयों में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने हाथों से तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के सामान, खाद्य पदार्थों एवं आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। बच्चों ने अपने स्टॉल पर सामान का प्रदर्शन और वितरण किया। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए विभिन्न स्टॉलों से खरीदारी की।

बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित सामान और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां, बाघनगर, करही, बिगरा अव्वल, पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआरी सहित विकासखंड के अनेक विद्यालयों में बाल मेले की विशेष रौनक देखने को मिली। कहीं बच्चों ने खाने-पीने की वस्तुओं के स्टॉल लगाए तो कहीं हस्तनिर्मित सजावटी सामान एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग, व्यवहारिक ज्ञान और लेन-देन की समझ विकसित करने का अवसर मिला।विद्यालयों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व से परिचित कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली करखी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों से बेहद प्रेम करते थे। बच्चे भी उन्हें स्नेहपूर्वक चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके बेहतर पालन-पोषण, शिक्षा एवं संस्कारों से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है।

**आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू का योगदान**

पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था। उनके पिता मोतीलाल नेहरू देश के प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी थे तथा माता का नाम स्वरूप रानी नेहरू था। नेहरू जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घर पर प्राप्त की और आगे की पढ़ाई इंग्लैंड के हैरो स्कूल तथा कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पूरी की। उन्होंने कानून की शिक्षा भी प्राप्त की।

उनके कार्यकाल में बड़े बांधों, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उनका जन्मदिन 14 नवंबर पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका मानना था कि बच्चों को प्रेम, स्वतंत्रता, अच्छी शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। उनका जीवन देशभक्ति, दूरदर्शिता, लोकतांत्रिक विचारों और आधुनिक भारत के निर्माण के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, अनिल, आनंद प्रकाश, पंकज कुशवाहा, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सोहनलाल, ईसीसीई एजुकेटर सुमन चौधरी, शम्भू बेगम, सबीहा खातून सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# विष्णु जायसवाल के भाजपा क्षेत्रीय पिछड़ा मोर्चा कार्य समिति सदस्य नामित होने पर दी बधाई

बांसी । नगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं बीते नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पूनम जायसवाल के पति विष्णु जायसवाल सोनू को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य बनने पर पार्टी पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई , साथ ही लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है । विष्णु जायसवाल ने भाजपा पिछड़ा मोर्चा का क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य नामित होने पर कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमको यह जिम्मेदारी दिया उसको लेकर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करने में कोई कमी नहीं होने दूँगा। हमारा प्रमुख रुप से यह उद्देश्य रहेगा कि पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ में अपने संवर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ते हुए पार्टी और संगठन को मजबूत बनाएं जिससे प्रदेश में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने में सफल हो। पार्टी के द्वारा हमारे ऊपर किए गए विश्वास को हम कभी कमजोर नहीं होने देंगे, इस मनोनयन पिछड़ा वर्ग व व्यापारियों में एक सुखद और सकारात्मक उत्साह देखने को मिल रहा है। विष्णु जायसवाल के भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय सदस्य नामित होने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक त्रिपाठी, अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद गौण, पूर्व नगर अध्यक्ष जगजीवन गौण, तिलौली मण्डल उपाध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय, पूर्व सभासद बजरंगी वर्मा, सूरजभान जायसवाल, पुनपुन श्रीवास्तव,धीरज गुप्ता, संजय शर्मा, शम्भू कश्यप, ऋषि श्रीवास्तव, जगदम्बा मिश्र, सन्नी जायसवाल, मनोज कुमार यादव,विशाल, सोनी, सूरज अग्रहरि, गोविंद गुप्ता, गोलू चौधरी, सुनील आयरन स्टोर, सोनू ड्रेसज ,मोनू अग्रहरि, अमर अग्रहरि, शरद वर्मा, वीरेंद्र चौरसिया, मनीष वर्मा, शुभम सोनी, गुरु प्रसाद चौरसिया, गुड्डू बरनवाल और पप्पू मोदनवाल आदि सहित तमाम लोगों ने बधाई एवं शुभकामना देते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करते रहने की अपेक्षा किया है।



# डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

संत कबीर नगर जिलाधिकारी अनुज मलिक व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस व प्रशासनिक टीमों के साथ भक्ति एवं आस्था का पर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को अपेक्षित सुविधा प्रदान करने हेतु तामेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर स्थित पोखरा घाट व बिड़हर घाट का निरीक्षण किया गया।उल्लेखनीय है कि जनपद में दिनांक 15 व 16 नवंबर 2026 को छठ का पर्व मनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पोखरा घाट पर छठ के दौरान आने वाले अनुमानित छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की संख्या आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, वैरिकेडिंग, कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि जिन घाटों पर पानी अधिक है वहां पर मजबूत बैरिकेटिंग करा दिया जाए व नाव, गोताखोर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो सके, साथ ही सभी घाटों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था करने के साथ साथ सभी आवश्यक जगहों पर महिला पुलिस बल की ड्यूटी लगाए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत न हो साथ ही सभी छठ घाटों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित उप जिलाधिकारी व अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सी.सी.टी.वी. कैमरे से निगरानी की जाये।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं

संत कबीर नगर जिलाधिकारी अनुज मलिक एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा थाना धनघटा में आयोजित थाना समाधान दिवस में संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारीद्वय ने निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता क्षम्य नहीं होगी ।

इस अवसर पर दोनों अधिकारियों द्वारा वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, फरियादी आदि उपस्थित रहे।

# बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी से निखरती है नौनिहालों की नैसर्गिक क्षमता - राकेश चतुर्वेदी

संतकबीरनगर । जिले के नाथनगर दक्षिणांचल में स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एसआर इण्टरनेशनल एकेडमी मे शनिवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे और एसआर ग्रुप के चेयरमैन एवं बस्ती सदर विधानसभा के सियासी भविष्य राकेश चतुर्वेदी का आशीर्वाद पाकर नौनिहालों का उत्साह चरम पर नजर आया।

पूर्व विधायक जय चौबे ने बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि बच्चे ही बड़ों की ताकत होते हैं। उनको बेहतर शिक्षा, संस्कार और स्वस्थ माहौल उपलब्ध कराने के साथ ही उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की जिम्मेदारी भी हम सब की है। ऐसे मे देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू की सोच को आगे बढाते हुए एसआर परिवार ने ऐसा आयोजन करके अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। विशिष्ट अतिथि संस्थान के चेयरमैन एवं बस्ती सदर विधानसभा के सियासी भविष्य राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि संस्थान के बच्चों ने जिस निष्ठा और लगन के साथ इस बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी को सजाया है वह निश्चित रूप से ऐतिहासिक है। प्रदर्शनी मे बच्चों ने



भारतीय और पाश्चात्य व्यंजनों के अलग अलग डिश प्रस्तुत करके देश और विदेश के खानपान की जानकारियों को नुमायां किया है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों द्वारा तैयार किए गए वैज्ञानिक उपकरणों के मॉडलों का ऐतिहासिक नमूना प्रस्तुत करके इस आयोजन को सार्थक बनाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नौनिहालों की नैसर्गिक क्षमता को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं। एसआर इण्टरनेशनल एकेडमी के असिस्टेंट डायरेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी मे छात्र छात्राओं द्वारा ज्ञान, विज्ञान और पकवान के क्षेत्र मे अपनी शानदार अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए सभी को बधाई दिया। श्री पांडेय ने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में यहां के नौनिहाल और बेहतर तरीके से अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती, स्व पं नेहरू और संस्थापक स्व पं सूर्य नारायण चतुर्वेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा किया।

इस दौरान पं सूर्य नारायण चतुर्वेदी पीजी कालेज के प्राचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय, पं रजत चतुर्वेदी, मायाराम पाठक, रत्नेश मिश्र, अजय मिश्र, अभयानंद सिंह, अजय पांडेय, राम ललित कन्नौजिया, महेंद्र चौधरी, एसएन शुक्ला, धर्मेंद्र चौरसिया, प्रीती पांडेय, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुनीता व डिप्टी डारेक्टर मनोज पांडेय सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावकगण सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए- जिलाधिकारी

बस्ती। छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, घाटों पर आवश्यक सुविधाओं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व को देखते हुए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा आस्था, श्रद्धा एवं लोक संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाबों एवं अन्य जलाशयों के किनारे एकत्रित होते हैं। ऐसे में घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों तक जाने वाले रास्तों को भी दुरुस्त कराया जाए।

उन्होंने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घाटों की नियमित सफाई कराई जाए तथा कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था रखी जाए।उन्होंने कहा कि जिन घाटों पर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। जलाशयों में सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेडिंग, गोताखोरों एवं बचाव दल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति का



जायजा लें और कमियों को तत्काल दूर कराएं।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा के दौरान सभी प्रमुख घाटों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। घाटों पर अराजक तत्वों एवं असामाजिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए।

उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस कर्मी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करें, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ज्ञान चंद्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नौशीन सिद्दीकी, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री मानसी दहिया अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनंद कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार,उमाकांत तिवारी, प्रदुम्न कुमार, हिमांशु कुमार, रश्मि यादव, राजेश यादव, अग्निशमन अधिकारी रमेश चन्द, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, एसई विद्युत मो खालिद, ईओ नगर पालिका अंगद गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता, सहित संबंधित आधिकारी गण उपस्थित रहे।

# छठ की रौनक, फल की दुकानों पर उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़

महादेवा, बस्ती।' छठ महापर्व को लेकर महादेवा चैराहे पर बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। चैराहे पर फल की दुकानें सज गई हैं। छठ व्रत रखने वाली व्रती महिलाओं ने जमकर खरीदारी की, जिससे फल विक्रेताओं के चेहरे भी खिल उठे। सुबह से ही महादेवा चैराहे पर महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। महिलाएं सेब, संतरा, केला, नारियल, गन्ना, सिंघाड़ा, अनार, नींबू सहित पूजा के लिए जरूरी सभी फल व सामान खरीदती नजर आईं। दुकानदारों ने भी छठ को देखते हुए ताजे और बढ़िया फल मंगवाए हैं।व्रती महिलाओं ने बताया कि छठ महापर्व में फल और प्रसाद का विशेष महत्व होता है। इसलिए वे पूरी श्रद्धा के साथ फल, सूप, दौरी और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। बाजार में फल की बिक्री इतनी तेज है कि दुकानदारों को सामान रखने की फुर्सत नहीं मिल रही है।फल विक्रेता रंगीलाल, मनोज और राधे सोनकर का कहना है कि इस बार छठ पर पिछले साल से ज्यादा बिक्री हो रही



है। छठ पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। गांव-गांव से लोग महादेवा चैराहा पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं।बाजार में भीड़ को देखते हुए दुकानदारों ने फल के दाम सामान्य रखे हैं। हालांकि शाम होते-होते कुछ फलों के दाम में थोड़ी बढ़ोतरी भी देखी गई। फिर भी श्रद्धालुओं में खरीदारी का उत्साह कम नहीं हुआ।पूरे महादेवा क्षेत्र में छठ पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। घरों में साफ-सफाई, प्रसाद तैयार करने और घाटों की सजावट का काम चल रहा है।

# छठ पूजा की तैयारियां पूरी: बने सात छठ घाट: इं. अरविन्द पाल ने किया निरीक्षण

बस्ती। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के भावी प्रत्याशी इंजीनियर अरविन्द पाल ने लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा पर क्षेत्रवासियों को शुभकामना देते हुए उनके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता और पारिवारिक विश्वास का भी प्रतीक है।

छठ पूजा से अपने जुड़ाव की कहानी साझा करते हुए अरविन्द पाल ने बताया कि वर्ष 2008 में इस आयोजन की शुरुआत हुई थी, जिसने वर्ष 2015 में भव्य स्वरूप धारण कर लिया।

उन्होंने कहा कि छठी मैया के आशीर्वाद से उन्हें पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई। इसके बाद छठी मैया के प्रति उनकी श्रद्धा और अधिक बढ़ गई। उनके मन में विचार आया कि इस पावन पर्व की शुरुआत अपने गांव से की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक परंपरा से जुड़




सके। इसी सोच के साथ उन्होंने चंद्रनगर मथौली में छठ घाट का निर्माण कराया। शुरुआत में सीमित स्तर पर शुरू हुआ यह आयोजन धीरे-धीरे जनभागीदारी के कारण व्यापक रूप लेता गया। समय के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु इससे जुड़ते चले गए और छठ पूजा का आयोजन क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा बन गया।

उन्होने बताया कि वर्तमान में नगर पंचायत बनकटी में कुल सात छठ घाटों का निर्माण कराया जा चुका है, जहां श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना करते हैं। उनका कहना है कि इस आयोजन को निरंतर बेहतर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे व्रती माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं को सुविधाजनक वातावरण मिल सके। इंजीनियर अरविंद पाल के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए समर्थकों का कहना है कि उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी गई है। राजनीतिक क्षेत्र में भी वह अपनी सक्रियता और जनसंपर्क के माध्यम से मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर से दावेदारी के बीच उनकी पहचान एक जमीनी नेता के रूप में बनाई जा रही है। उनकी राजनीतिक छवि को समर्थक साफ-सुथरी बताते हैं। अरविन्द पाल ने छठी मैया से प्रार्थना की कि क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा सभी के जीवन में सकारात्मकता का संचार हो।

# साफ सुथरा गन्ना आपूर्ति करें किसान- सुधीर सिंह

बभनान बस्ती । पूर्वांचल की चर्चित सुगर मिल बभनान गोंडा में पेराई सत्र का शुभारंभ 17 नवम्बर से विधिवत पूजा पाठ के बाद शुरू होने वाला है। किसानों की नकदी फसल गन्ना मिल को आपूर्ति कर खाली हुए खेत में गेहूं की समय से कर सकेंगे। मुख्य महाप्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि इंडेंट की पूजा कर पर्ची काम शुरू कर दिया गया है। यज्ञपि मौसम विपरीत होने के बावजूद समय से पहिले मिल तैयार हो गई है। जिससे किसानों को अपनी पेड़ी गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर खेत खाली कर लें। मिल गन्ना किसानों के साथ है।उनकी लागत का उचित मूल्य मिले? तथा समय से भुगतान हो । इसकी कोशिश रहती है। सवालों के जबाब में यूनिट हेड ने कहा कि किसान भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। सरकार द्वारा जो भी मूल्य निर्धारित होगा मिल बाखूबी किसानों को भुगतान करेगी। साथ ही यह भी अपेक्षा किया कि चीनी मिल को ताजा तथा साफ सुथरा गन्ना ही आपूर्ति करें।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार पत्रकार की मौत

कप्तानगंज, हरैंया (बस्ती)। कप्तानगंज-बढ़या मार्ग पर भवनापुर के पास खेत की जुताई कर निकल रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार पत्रकार की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के 40 वर्षीय अरविंद पांडेय पुत्र स्वर्गीय माधव प्रसाद पांडेय पत्रकार थे। शनिवार को भवनापुर के पास खेत की जुताई कर निकल रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अरविंद परिवार के कमाऊ सदस्य थे और एक दवा कंपनी में काम करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी मिथिलेश के अलावा 10 वर्षीय बेटा शिवांश और छह वर्षीय बेटी मान्या है। पिता की अचानक मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से साया उठ गया। पत्नी मिथिलेश का रो-रोकर बुरा हाल



था। पति की मौत से वह बार-बार बेसुध हो जा रही थीं। चार भाइयों में अरविंद तीसरे नंबर पर थे। उनके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। अरविंद बेहद मिलनसार स्वभाव के थे। गांव और आसपास के लोगों से उनका आत्मीय व्यवहार था। वह हर किसी से हंसकर मिलते थे और लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते थे। उनकी असमय मौत से परिवार के साथ गांव के लोग भी गहरे सदमे में हैं। परिवार की जिम्मेदारी अरविंद के कंधों पर थी। उनके जाने से पत्नी और दो छोटे बच्चों के सामने जीवन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। पगार गांव ही नहीं, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। हर तरफ मातम पसरा है और परिचितों की आंखें नम हैं। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक श्रीवास्तव और सीओ कलवारी बृजेश सिंह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बाल मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बनकटी बस्ती। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को पीएम श्री संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय देवमी में बाल मेले का आयोजन उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष एवं वर्तमान ग्राम प्रधान देवमी राजेंद्र प्रसाद चैधरी, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल तथा विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष रंजना देवी ने मां सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मीना मंच की पावर एंजल निधि, अर्पिता, वंदना और दीपिका ने केक काटकर बाल दिवस की खुशियां साझा कीं।इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता और खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। बाल मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न स्टॉल रहे। बच्चों ने भेलपुरी, हलवा, नमकीन, पारले टॉफी, फल एवं मिष्ठान सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद चैधरी ने स्टॉलों का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के छात्र अदीब ने बच्चों द्वारा तैयार थ्री-डी होलोग्राम का प्रदर्शन कर उसकी कार्यप्रणाली भी समझाई।मुख्य अतिथि ने बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को केक, टॉफी, कलम, कॉपी और पेंसिल वितरित की गई। उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ और प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल के प्रयासों की प्रशंसा की कार्यक्रम में कमलेश्वर प्रसाद, अनुपम मिश्र, बीना चैधरी, विनय कुमार शर्मा, सुनीता यादव, सुनीता चैधरी, जय प्रकाश चैधरी, रामाज्ञा चैधरी, रंजना, मीरा, मालती सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावक एवं समस्त शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चों की रचनात्मकता का मंच बना बाल मेला, व्यंजनों के स्टॉल पर उमड़ी भीड़

हरैंया(बस्ती)। कंपोजिट विद्यालय रेवरादास में शनिवार को प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी अन्तेश सिंह, एआरपी मनोज कुमार मिश्र, रवीश कुमार मिश्र और काशीराम वर्मा ने किया।बाल मेले में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के साथ शैक्षिक गतिविधियों से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए। बच्चों द्वारा स्वयं तैयार की गई टिकिया, चाउमीन, फुल्की, फ्रूट चाट, समोसा सहित कई व्यंजनों के स्टॉल मेले का मुख्य आकर्षण रहे। अतिथियों, ब्लॉक के शिक्षकों और बच्चों ने निर्धारित कीमत पर सामानों की खरीदारी कर नन्हे दुकानदारों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और उद्यमशीलता का विकास होता है। किताबी ज्ञान के साथ इस तरह के व्यावहारिक अनुभव बच्चों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराते हैं। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना



करते हुए कहा कि विद्यालयों में ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए। एआरपी मनोज कुमार मिश्र, रवीश कुमार मिश्र और काशीराम वर्मा ने कहा कि बाल मेला गतिविधि आधारित शिक्षण का बेहतर उदाहरण है। इसके माध्यम से बच्चों को गणितीय गणना, लेन-देन, संवाद कौशल, टीम भावना और निर्णय लेने की क्षमता सीखने का अवसर मिलता है।प्रतियोगिता में सृष्टि और आर्या सिंह ने प्रथम, गरिमा, अल्तमश और अंशिका ने द्वितीय तथा दिव्यांशी, आंचल और शाहजहां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राम सागर वर्मा और विकास पाण्डेय, सत्यराम वर्मा, गिरिजेश बहादुर सिंह, सर्वदेव सिंह, योगेश सिंह, चिन्मय राय, संजय कुमार, डॉ वन्दना सिंह, भागीरथी यादव, राजरतन बौद्ध, अनिल धर दूबे, अनीता वर्मा, सीता चौधरी, नेवालती देवी, वंदनी चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार एडी एकेडमी धर्मपुर में बाल दिवस के मौके पर बाल मेले और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेंट एंड्रयूज कालेज की पूर्व विभागाध्यक्ष डा0 गीता दत्त सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा परेड निकाल कर मुख्य अतिथि को सलामी दिया गया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में ऐसे आयोजन से बच्चों में आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है। इन्हीं बच्चों में से कोई विज्ञान के क्षेत्र में कोई चिकित्सक, कोई खिलाड़ी तो कोई राजनिति में आगे आ कर देश सेवा करता है। बढ़िया प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरंगमा सिंह शेखर, एंव ? डायरेक्टर श्वेतांक शेखर सिंह ने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयासो की सराहना किया। यूनीक ग्लोबल एकेडमी पायकपुर में अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें सर्व प्रथम विद्यालय के निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया तत्पश्चात नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यालय परिसर में ही छठ पूजा का भी विधिवत् एवं व्यवस्थित कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सज धज कर फैशन शो की रौनक बढ़ाई साथ ही बाल मेला में बच्चों ने अनेक प्रकार के खाद्य सामग्री एवं अन्य प्रकार के स्टाल लगा कर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया। प्रधानाचार्य इतेंद्र कुमार, कोऑर्डिनेटर नूपुर त्रिपाठी, दिलीप श्रीवास्तव, नगेंद्र मिश्रा, सविता, कोनिका, स्मिता, ईशा, दीपरानी, शिखा, सुष्मिता आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# श्री रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद के बाद श्रीराम सीता विवाह की धूम

बस्ती। सनातन धर्म संस्था बस्ती की ओर से सक्सेरिया इंटर कॉलेज के प्रांगण में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव सप्तम वर्ष के तीसरे दिन जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम जानकी विवाह और विदाई का मंचन हुआ। गन्ना विकास इंटर कॉलेज के बच्चों ने सीता स्वयंवर व धनुष भंग करने के दृश्य को प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। रावण वाणासुर संवाद अविस्मरणीय रहा। दूसरे भाग में यूनिक साइंस एकेडमी, बस्ती के बच्चों ने परशुराम लक्ष्मण संवाद, श्री सीताराम विवाह, कलेवा और विदाई तक की लीला सजीव मंचन किया।परशुराम लक्ष्मण संवाद, सुनैना जी की सीता जी को सीख और जनक जी का विदाई के समय करुण निवेदन सुन सबकी आँखों में आँसू आ गये। श्रीराम दरबार की आरती, श्री रामस्तुति से आरम्भ हुई श्रीराम लीला में लीला का मंचन जनक प्रतिज्ञा के दृश्य से शुरू होता है। इसी में धनुष यज्ञ का चित्रण किया गया।व्यास राजा बाबू पाण्डेय ने बताया कि शिव का धनुष जहाज है और राम का बल समुद्र है। धनुष टूटने से वह सारा समाज डूब गया, जो मोहवश इस जहाज पर चढ़े थे। दर्शक गण रंग बिरंगे फूल बरसा रहे थे। व्यास जी गीत गा रहे थे। सभी हर्षित नजर आ रहे थे। इस प्रसंग में जनक जी बताते हैं एक समय की बात है जब सीता जी, महल में रखे शिवजी के धनुष को एक पुष्प की भांति एक स्थान से दूसरे सथान पर रख देती हैं। जिसको देखकर राजा जनक यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि जो कोई भी इस धनुष को तोड़ेगा, सीता का विवाह वह उससे करेंगे।

जनक जी प्रतिज्ञा के अनुसार महल में धनुष यज्ञ का आयोजन करते हैं जहां पर तमाम सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए राजा-महाराजा भाग लेते हैं और सभी धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं लेकिन सब धनुष को तोड़ने के बजाए उठाने में ही अक्षम साबित होते हैं।

उसी समय पाताल निवासी वाणासुर और लंकाधिपति रावण का आगमन होता है। रावण वाणासुर के संवाद अविस्मरणीय बन गये। लोगों खूब तालियाँ बजाईं।जनक जी ने जब अपना दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह पृथ्वी वीरों से खाली है उसी समय लक्ष्मण जी ने क्रोधित होकर जनक जी को समझाया की श्री राम



चन्द्र जी के होते ऐसे अनुचित वचन आपको नही कहना चाहिए।

जनक और लक्ष्मण संवाद पर खूब तालियां बजीं, लोगों ने लक्ष्मण के संवाद को खूब सराहा।लीला में गुरू विश्वामित्र श्री राम को आदेश देते हैं कि वह उस धनुष की प्रत्यंचा चढ़ायें।गुरू की आज्ञा पाकर श्री राम, शिव जी के धनुष को हाथ से उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढाते हैं वैसे ही सारे लोग हतप्रभ हो जाते हैं प्रत्यंचा चढ़ाते ही राम से शिव धनुष टूट जाता है।पूरा रामलीला पांडाल भगवान के जयघोष से गूँजने लगता है। आयोजक और दर्शक गण पुष्प वर्षा करने लगे।दूसरे भाग में यूनिक साइंस एकेडमी, बस्ती के बच्चों द्वारा आगे की लीला का मंचन किया गया। आगे की लीला में जैसे ही धनुष टूटने की आवाज आकाश में गूंजती है वैसे ही महल में परशुराम जी गरजते हुए महल में पहुंचते हैं और क्रोध में कहते हैं कि भगवान शिव के इस धनुष को किसने तोड़ा है, कौन है यह दुःसाहसी। परशुराम के इस वचन को सुनकर राम जी सहज भाव से उत्तर दिया परन्तु लक्ष्मण जी बड़े आवेग में आकर उत्तर देते हैं। परशुराम जी और लक्ष्मण जी में बड़ा सुंदर संवाद स्थापित होता। इस संवाद को सुनकर तालियां बजती रहीं और लोगों ने पुरस्कार दिये।

परशुराम लक्ष्मण संवाद के बाद दूत अयोध्या जाता और वहाँ महाराज दशरथ बारात सजाकर जनकपुर आते हैं। बारात में ढोल नगाड़े पर नाचते गाते, पटाखे फोड़ते दर्शक भी सम्मिलित हुये। पांडाल दर्शको से भरा रहा।लौकिक रीत से श्री राम जी श्री जानकी जी का विवाह व विदाई हुई। विवाह के अवसर पर दर्शकों ने माता सीता और प्रभु श्री राम के पांवपूजे और दान दिये इस सुंदर अवसर पर आकाश से सभी देवतागण पुष्प वर्षा करते हैं।विवाह के अवसर पर सनातन धर्म सँस्था की ओर से बारातियों व दर्शकों के लिए सुंदर जलपान की व्यवस्था की गई।अभिषेक शर्मा, शिखा मिश्रा, सन्तोष श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, संजय उपाध्याय, अंशू उपाध्याय,प्रेम शंकर ओझा, सिद्धार्थ शंकर मिश्र, रमेश पाल सिंह, कर्नल के सी मिश्र, कैलाश नाथ दूबे, डॉ शैलेष सिंह, डॉ शैलजा राजपूत, अंकुर यादव, अनुराग शुक्ल, भोला नाथ चैधरी, श्याम चन्द्र चैधरी, राजेश मिश्र, मनीष सिंह, अतुल चित्रगुप्त, शुशील मिश्र, भोलानाथ चैधरी, अर्पित गौड़, अभय त्रिपाठी, डॉ रोहन दूबे, डॉ दुर्गेश पांडेय, हर्ष शुक्ल, अंकित त्रिपाठी, हरीश त्रिपाठी, विष्णु शुक्ल, परमेश्वर कुमार शुक्ल पप्पू , अनुराग त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना बाल दिवस, बच्चों के उत्साह और उमंग से गुलजार हुआ विद्यालय परिसर

बस्ती। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में बेलाड़ी स्थित चंद्रावती देवी बालिका इंटर कॉलेज में बाल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रबंधक अंबिका सिंह ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आरजी सिंह, अनिल भारती, चन्द्र प्रकाश सिंह एवं सावरकर सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास, बेहतर शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा को निखारने के लिए समाज एवं शिक्षण संस्थानों को मिलकर प्रयास करना



चाहिए। बच्चों को ऐसा सकारात्मक वातावरण मिलना चाहिए, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्तिका शुक्ला, अभिषेक सिंह सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम ने बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खुशियों, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के महत्व का संदेश दिया।

# बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

हरैंया(बस्ती)। एसआर इंटर कॉलेज असनहरा में निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया जहां पर बच्चों को खान-पान के बारे में बताया गया, उनको योगासन कराया गया प्राणायाम कराया गया। योग शिक्षक प्रख्यात सर्जन डॉ दीनानाथ पटेल ने बच्चों को खाने में दूध, मोटी रोटी, भुजिया चावल, हरी सब्जी और गुड का प्रयोग करना चाहिए। फास्ट फूड से दूर रहना चाहिए और चाय का प्रयोग नहीं करना चाहिए। बताया कि पेट स्वस्थ रखने के लिए अमरूद का प्रयोग ज्यादा ज्यादा करना चाहिए। श्री पटेल ने बच्चों को शशकासन, गोमुखासन, वक्रासन सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तानासन,



पवनमुक्तासन, मकरासन, हलासन, सर्वांगासन शीर्षासन आदि अभ्यास कराया। बच्चों को कपालभारती और अनुलोम विलोम प्राणायाम भी कराया गया । श्री पटेल ने बच्चों को नौली क्रिया भी करके दिखाया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाध्यापक, अध्यापक गण भुजंगासन, शलभासन, मर्कटासन, मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक का शेष

### यूपी में अग्निवीरों...

कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2021 में समूह 'ख' के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। उनके मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 647 पूर्व सैनिक सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। वहीं, सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से वर्तमान में लगभग 31,700 पूर्व सैनिकों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन, मेडिकल कॉलेजों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पूर्व सैनिकों को सौंपने का निर्णय लिया गया है। नगर निकायों के प्रवर्तन दलों में भी पूर्व सैनिकों की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की सैनिक कल्याण योजनाओं के तहत 96 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी गई है। सैनिक पुनर्वास निधि से 15 हजार से अधिक लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और उनकी पत्नियों को छह हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। कारगिल के शहीदों की वीर नारियों और माता-पिता को भी प्रदेश सरकार की ओर से मासिक पेंशन दी जा रही है। किर्की और मोहाली के पैराप्लेजिक केंद्रों में उपचार करा रहे प्रदेश के 100 प्रतिशत दिव्यांग सैनिकों की वार्षिक सहायता बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी गयी है। सैनिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए भी शिक्षा अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इस योजना से 8,600 से अधिक बच्चों को लाभ मिला है।

### भारतमें २०१४...

यह कहूं कि विपक्ष इस बदलाव से हैरान नहीं था, तो यह झूठ होगा। उन्होंने कहा कि एक दशक तक भारतीय राजनीति में यह संकट बना रहा। फिर अचानक हमें पता चला कि आखिर क्या हो रहा था। हमने इसका पता लगाया और बिना किसी संदेह के साबित किया कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था। भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आपको कारोबार के शीर्ष पदों पर ऐसे लोग मिलेंगे। शिक्षा जगत में भी ऐसे लोग मिलेंगे। वे ऐसा दिखाते हैं, जैसे उन्हें सब कुछ पता है। राजनीति में हम उन्हें फासीवादी कहते हैं। उन्होंने कहा कि फासीवादी लोग अक्सर चिल्लाते हैं। वे शोर मचाते हैं। वे जोर-जोर से बोलते हैं। वे किसी की बात नहीं सुनते। जबकि ज्यादातर लोग दूसरों की बात सुनते हैं। ध्यान देते हैं और विनम्र रहते हैं। इसलिए फासीवादी लोगों की आवाज ज्यादा तेज होती है। उन्होंने आगे कहा कि इतिहास में ऐसा देखा गया है कि जब व्यवस्थाएं टूटने लगती हैं, तब फासीवादी लोग अचानक सामने आ जाते हैं। पिछले एक दशक से फासीवादी लोग लगातार भागते, उछलते, कूदते और चिल्लाते रहे हैं। वे लगातार शोर मचाते रहे हैं।

### कांग्रेसने यूपी...

नहीं झुकेगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस अयोध्या से भाजपा ने सांप्रदायिक राजनीति शुरू की थी, वहीं के समझदार मतदाताओं ने उसकी राजनीति को खत्म करने का संदेश दिया है। अखिलेश ने कहा कि अयोध्या के लोगों ने बदलाव का संकेत दिया है और सभी को इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

### लखनऊमें वकीलों...

गया। बैरिकेडिंग टूटने के बाद पुलिस प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने में जुटी रही। कैसरबाग से परिवर्तन चौक, हजरतगंज चौराहे और जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ डाली। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी वकीलों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस अधिकारी लगातार अधिवक्ताओं को रोकने और समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे वकील विधानसभा के गेट नंबर-2 के सामने पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता पुलिस पर भारी पड़ते नजर आए और उनसे बैरिकेडिंग छीन ली। मौके पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही।

# पात्र नागरिकों केनाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए व्यापक अभियान चलायें-रिणवा

लखनऊ, (आससे)। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अधिकारी व्यापक अभियान चलायें। उक्त निर्देश शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों के संबंध में प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को त्रुटिरहित, शुद्ध एवं समावेशी बनाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी युवा मतदाताओं से भी अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएं ताकि उन्हें निर्धारित अर्हता तिथि पर मतदाता बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पूर्ण रूप समावेशी बनाने के लिए राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागोंए सामाजिक संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्लूए शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से पात्र नागरिकों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए।



उन्होंने छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों के फ र्म-6 भरवाकर उनको मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद एवं विधानसभा स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 17 नवंबर को प्रकाशित होने वाली आलेख्य मतदाता सूची एवं विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद की पूरक सूचियों की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठक कर आलेख्य मतदाता सूची की जांच की जाये और उसमें आवश्यक सुधारों की पहचान कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची को जिला निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाएं, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से देख सकें और डाउनलोड कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पदाभिहित स्थलों का चयन एवं पदाभिहित अधिकारियों की नियुक्ति समयबद्ध ढंग से की जाए। ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, जो प्रत्येक कार्यदिवस में कार्यालय समय के दौरान निर्धारित स्थल पर उपस्थित रह सकें। किसी कार्यदिवस में अधिकारी के अनुपस्थित रहने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को आवेदन जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भाजपा को 50 सीटें भी मिल जायं तो हैरानी होगी-अवधेश प्रसाद

लखनऊ (आससे)। अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने एसआईआर, केशव मौर्य के बयान, राहुल गांधी के फेन-टैपिंग के आरोपों और भाजपा के अखिलेश यादव की तुलना जिन्ना से करने पर प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव के चुनाव की लूट वाले बयान पर अवधेश प्रसाद ने कहा, हमारे नेता की ओर से कही गई बात पूरी तरह से सच है। उनके विचारों से मैं खुद को संबद्ध करते हुए कहता हूं कि भाजपा का यही चेहरा है और पिछले दिनों में देखा गया कि भाजपा वोट के अधिकार को खत्म करना चाहती है, जिसके लिए देश में लगातार संघर्ष चल रहा है। हमारे नेता अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी इसको बचाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रही हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद के बयान 100 में 60 हमारा है, बाकी में बंटवारा है को लेकर अवधेश प्रसाद ने कहा, केशव प्रसाद की जमीन नहीं है, वे बुरी तरह से अपने क्षेत्र में चुनाव हार चुके हैं। पार्टी नेताओं की कृपा से उनको मंत्रिमंडल में जगह दी गई है और उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। पार्टी और सरकार में उनका सम्मान नहीं है। उनको ठीक से कुर्सी भी नहीं मिलती। राहुल गांधी के फेन-टैपिंग के आरोपों पर अवधेश प्रसाद ने कहा, ऐसा संभव है, भाजपा कुछ भी कर सकती है। किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा की ओर से अखिलेश यादव के जिन्ना कहने वाले बयान पर अवधेश प्रसाद ने कहा, अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता और जनता का उनके प्रति लगाव देखकर भाजपा घबरा गई है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आता जाएगा, भाजपा इतना घबरा जाएगी कि उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## कानपुर : सड़क हादसेमें दो की मौत

कानपुर (आससे)। बिधनू में शनिवार दोपहर रमईपुर जहानाबाद मार्ग में मझावन कस्बे के पास सवारियों से भरी तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार पिता और दो बेटों को टक्कर मार दी। जिसमे दोनों बेटों की मौके पर मौत हो गयी। वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचा कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एसआरपीएन इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना छठ महापर्व व बाल दिवस

- विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सामग्री से बनाई आकर्षक छठ वेदी
- सूर्य उपासना और भारतीय संस्कृति के महत्व से कराया परिचित

मेहदीगंज। रामकोला नगर पंचायत क्षेत्र के धुवांटिकर स्थित एसआरपीएन इंटरनेशनल



स्कूल में शनिवार को छठ महापर्व और बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में छठ पूजा की पारंपरिक झलक देखने को मिली। छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर आकर्षक छठ वेदी तैयार की, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव एवं प्रबंधक चंद्रकिरण श्रीवास्तव ने छठ महापर्व के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान, स्वच्छता, अनुशासन और पारिवारिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, बाल दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन राव ने बच्चों को दिवस की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का होना भी जरूरी है। इस अवसर पर शिक्षक धीरज राय, विनय श्रीवास्तव, शैलेश, विजय प्रताप सिंह सहित शिक्षिकाएं पूनम मणि त्रिपाठी, अर्चना राय, अंजली गुप्ता, बबीता प्रजा. पति, सामिया, सिमरन, श्वेता पटेल, मनीषा सिंह, सिमरन गुप्ता, बिंदु सहित समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# उपनगर बढ़नी में छठ पर्व को लेकर दुकानों पर लगी रही भीड़

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय उपनगर बढ़नी में छठ पर्व को लेकर फल विक्रेताओं के दूकानों पर लगी रही महिलाओं की भीड़। बताया जाता है कि छठ मइया पूजा सामग्री खरीदारी को लेकर साप्ताहिक बाजार शनिवार को महिलाओं की काफी भीड फल विक्रेताओ के दूकानों दिखाई पड़ी।

# ज्योतिषीय दृष्टि से भी खास छठ महापर्व

साल 2026 में छठ पूजा के दौरान एक विशेष ज्योतिषीय संयोग भी बन रहा है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार सूर्य देव तुला राशि में नीच के माने जाते हैं। संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य, दोनों के समय सूर्य तुला राशि में ही विराजमान रहेंगे। इसके बाद सोमवार को सुबह अर्घ्य और पूजा संपन्न होने के कुछ घंटों बाद सूर्य देव तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। इस राशि परिवर्तन को वृश्चिक संक्रांति कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, छठ पूजा में अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देना विशेष महत्व रखता है। यह पर्व हमें सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना सिखाता है, वहीं, तुला राशि में सूर्य की स्थिति को ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष माना जा रहा है। इस दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि भी है, जिसे छठी मैया की पूजा के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि छठी मैया अपने भक्तों की संतानों की रक्षा करती हैं और परिवार को सुख-समृद्धि तथा अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद देती हैं। छठ पूजा में अर्घ्य देने के समय का विशेष महत्व होता है। संध्या अर्घ्य के दौरान व्रती जल में खड़े होकर अस्त होते सूर्य की ओर मुख करके पूजा करते हैं। इस दौरान बांस के सूप में ठेकुआ, नारियल, गन्ना, मौसमी फल और अन्य पूजन सामग्री रखी जाती है। परंपरा के अनुसार, सूर्यास्त के समय सूर्य देव को जल या दूध से अर्घ्य अर्पित किया जाता है। श्रद्धालुओं का प्रयास रहता है कि सूर्य का ऊपरी हिस्सा क्षितिज में पूरी तरह छिपने से पहले अर्घ्य और पूजा संपन्न हो जाए, वहीं, उषा अर्घ्य के दिन व्रती सुबह अंधेरा रहते ही घाटों पर पहुंच जाते हैं। वे पूर्व दिशा की ओर मुख करके पानी में खड़े होकर सूर्य देव के उदय होने की प्रतीक्षा करते हैं। सूर्य की पहली किरण के साथ अर्घ्य अर्पित किया जाता है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8917/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 12-11-2026

### ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **"ए" श्रेणी** के पात्र **मार्ग कार्य हेतु** पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निविदा की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष/माह सहित) | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | गोरखपुर | वार्ड संख्या 21 में नाई टोला से पासी टोला होते हुए चक्रीपुर पुलिया तक सम्पर्क मार्ग( 05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित) | 887.47 | 17.75 | (स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00 | 7 माह | ए |

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **20.11.2026 से 01.12.2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **01.12.2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक 01.12.2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **01.12.2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**( यू.पी. सिंह )**
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

**( अशोक कुमार वर्मा )**
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260964/दिनांक 13-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8918/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 12-11-2026

### ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निविदा की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष/माह सहित) | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोरखपुर | वार्ड न0 14 के मु० राजेन्द्र नगर में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य। ( 05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित) | 290.02 | 16.50 | (स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00 | 7 माह | ए |
| 2 | गोरखपुर | वार्ड न0 14 के मु० बरगदवा में तिवारी कालोनी में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।( 05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित) | 348.11 | 19.41 | (स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00 | 7 माह | ए |
| 3 | गोरखपुर | वार्ड न0 14 के मु० द्वारिकापुरी में विभिन्न गलियों में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य।( 05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित) | 241.46 | 14.07 | (स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00 | 7 माह | ए |

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 20.11.2026 से 01.12.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 01.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 01.12.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 01.12.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**( यू.पी. सिंह )**
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

**( अशोक कुमार वर्मा )**
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260963/दिनांक 13-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

# महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप पर छः राज्यों में ३३ ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों में 33 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापे ऐप के पैनल संचालकों के परिसरों पर मारे गए। सीबीआई ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मुख्य आरोपी और ऐप के प्रमुख प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से पूछताछ में मिले खुलासों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कराए जाने के बाद एक नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई स्थानों पर सट्टेबाजी और जुए के पैनल सक्रिय मिले, जिन्हें बंद करा दिया गया। इस दौरान डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद कर जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों से म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं। सीबीआई ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार से जांच स्थानांतरित होने के बाद महादेव ऑनलाइन बुक ऐप मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

## आवश्यक सूचना

बलरामपुर चीनी मिल्स लि., यूनिट-बभनान जिला गोण्डा के पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ दिनांक 17 नवम्बर, 2026 दिन मंगलवार को हो रहा है। अतः समस्त मौसमी (सीजनल) कर्मचारी समय कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से अपनी ड्यूटी एवं शिफ्ट की जानकारी प्राप्त कर लेवें।

**सुधीर कुमार**
मुख्य महाप्रबंधक

पत्रांक-जी.एन.जी./विज्ञापन/345/दिनांक 13-11-2026

## कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-गोरखपुर

पता-भूतल. विकास भवन, गोरखपुर

### ई-निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक-2138/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्रावली/पत्रावली सं.-/अनु. सहायक/2026-27/ दिनांक 03-11-2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गोरखपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 से ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु मे स्वीकृति/प्रत्याशा मे निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

१. कार्य से सम्बधित विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | योजना | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि वर्ष/माह सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ कैम्पियरगंज | वि0ख0-जंगल कौड़िया ग्रा0-कुलवरिया में 36 अदद विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाईट की स्थापना। | 10.42 | 0.208 | 812.00 | 3 माह |
| 2 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ पिपरौली | वि0ख0-चरगाँवा ग्राम सभा-बालाघार में कृष्ण कुमार पाण्डेय के मकान से इनामूल के घर तक आर0सी0सी0 कवर सहित आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 11.87 | 0.237 | 812.00 | 3 माह |
| 3 | एण्टा0नाम0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग (पुराना भवन) की छिकी रूफ मरम्मत एवं टॉयलेट मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य। | 17.28 | 0.346 | 896.00 | 3 माह |
| 4 | एण्टा0नाम0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | ओ0बी0सी0 महिला छात्रावास एवं कस्तूरबा भवन महिला छात्रावास के बीच लॉन के विकास, जल-मल एवं वर्षा जल निस्तारण तथा वायरमेस जाली लगाये जाने का कार्य। | 11.17 | 0.223 | 812.00 | 3 माह |
| 5 | एण्टा0नाम0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | वि0ख0 में नई डिस्पेन्सरी का निर्माण कार्य। | 33.05 | 0.661 | 896.00 | 3 माह |
| 6 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | श्री अहिर्वर्ण आदर्श देवानगरी संस्कृत उ0मा0विद्यालय, बिस्टौली, बेलीपार गोरखपुर में निर्माण काय। | 16.28 | 0.326 | 896.00 | 3 माह |
| 7 | वि0नि0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | राजकीय पालीटेक्नीक एम0एम0आई0टी0 हरिहरपुर, खजनी से पिच रोड़ होते हुए तरैना नाला तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 24.27 | 0.485 | 896.00 | 3 माह |
| 8 | वि0नि0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | तहसील-खजनी परिसर में स्थित सड़क के दोनो तरफ इन्टरलाकिंग कार्य। | 16.04 | 0.321 | 896.00 | 3 माह |
| 9 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ पिपराईच | वि0ख0-चरगाँवा ग्राम सभा-जैगल छत्रधारी टोला शाहपुर में सी0सी0 रोड से रूपेश सिंह के घर होते हुए सुमित्रा देवी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 15.58 | 0.312 | 896.00 | 3 माह |
| 10 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0 ब्रम्हपुर ग्रा0पं0 जदुपुर ट्रासफामर से पुलिया तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 18.64 | 0.373 | 896.00 | 3 माह |
| 11 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0 ब्रम्हपुर ग्रा0पं0 कटसिकरा कडिया मै शंकर पासवान के कैलाश प्रजापति के घर तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 10.14 | 0.203 | 812.00 | 3 माह |
| 12 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0 ब्रम्हपुर ग्रा0पं0 ठकराइ मुण्डेरा मै मेन रोड से संजय के घर तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 10.17 | 0.203 | 812.00 | 3 माह |
| 13 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0 ब्रम्हपुर ग्रा0पं0 इटोआ में ध सड़क से अम्बेडकर मूर्ति तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 10.17 | 0.203 | 812.00 | 3 माह |
| 14 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0सरदारनगर में ग्रा0पं0 रामपुर बुजुर्ग मै मेन रोड से पासवान मुर्गी फार्म तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 14.53 | 0.291 | 812.00 | 3 माह |
| 15 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0 ख0सरदारनगर में ग्रा0पं0 भरतपुर में पिच रोड से रामबली निषाद के घर तक सी सी रोड का निर्माण कार्य । | 10.13 | 0.203 | 812.00 | 3 माह |
| 16 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ चौरी-चौरा | वि0ख0-ब्रम्हपुर में राम पे0-करौता में खोखिया ताल से हबडी ताल तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 20.98 | 0.420 | 896.00 | 3 माह |
| 17 | वि0नि0/ 25-26 | गोरखपुर/ सहजनवाँ | वि0ख0-गगहा ग्राम पं0यायत-मजूरी खास में छठी माई के स्था न से होते हुए परमहस सिंह के बगीचे तक सी0सी0 रोड का निर्माण। | 15.51 | 0.310 | 896.00 | 3 माह |
| 18 | यूपीनि0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | वार्ड सं0- 38 कान्हा उपवन नगर में घुर पार्षद श्री राम भुआल कुशवाहा के आवास से अमित पाण्डेय के आवास होते हुए जवाहर सिंह के घर तक सी0सी0 रोड व नाली सुधार कार्य। | 27.97 | 0.559 | 896.00 | 3 माह |
| 19 | यूपीनि0/ 25-26 | गोरखपुर/ गोरखपुर | सोहलना गुलाबी घाटिका जेल रोड शाहपुर में सृजन आई केयर से लेकर दिनेद यादव के घर के आगे तक सी0सी0 रोड एव नाली सुधार कार्य। | 11.40 | 0.228 | 812.00 | 3 माह |
| 20 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ कैम्पियरगंज | वि0ख0-कैम्पियरगंज ग्राम सभा-मुहम्मदपुर उर्फ जंगल बब्बन टोला-कतवापुर में सोनम निषाद के घर से बैजनाथ के घर तक 100 मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण। | 10.07 | 0.201 | 812.00 | 3 माह |
| 21 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ कैम्पियरगंज | वि0ख0-भरौहिया ग्राम सभा-मसनहाँ डीहर टोला में वकील साहब के घर से रमदीन ब नरेश के घर होते हुए मेन रोड तक 200 गुणे 3.00 मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण। | 14.00 | 0.280 | 812.00 | 3 माह |
| 22 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ कैम्पियरगंज | वि0ख0-भरौहिया ग्राम सभा-करतहरी में नारायण के खेत से रामानन्द तीरथ के बगीचा तक 150.00 मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण। | 12.98 | 0.260 | 812.00 | 3 माह |
| 23 | वित्त0/ 25-26 | गोरखपुर/ कैम्पियरगंज | वि0ख0-जैगल कौड़िया ग्राम सभा-बहनी में रोड से सिद्दि के घर तक सी0सी0 रोड एवं 2.00 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया। | 15.79 | 0.316 | 896.00 | 3 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि-25/11/2026

3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि एवं समय:-11/12/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे।

4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-12/12/2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।

5. कॉलम सं0-04 पर अंकित कार्य पर निविदा डालने के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में वैध रजिस्ट्रेशन आवश्यक है।

6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

7.अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic





# बदला पूरा, भारत नौवीं बार चैम्पियन

## अण्डर-१९ एशिया कप : मनल ने जगाई उम्मीद, मनन ने पूरा किया मिशन, पाकिस्तान को अन्तिम गेंद पर एक विकेट से हराया

**अल अमीरात (एजेन्सियां)।** पाकिस्तान जीत के करीब था, भारत की उम्मीदें लगभग टूट चुकी थीं। ३३८ रन जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया २५२ रन पर आठ विकेट गंवा हार के कगार पर खड़ी थी। पाकिस्तान को खिताब बचाने के लिए ५१ गेंद में सिर्फ दो विकेट चाहिए थे, जबकि भारत को जीत के लिए ८६ रन। तभी मोहित उल्वा ने ऐसी यादगार पारी खेल दी जिसने फाइनल का नतीजा ही पलट दिया। नंबर-१० पर बल्लेबाजी करने आये मोहित ने सिर्फ २६ गेंदों पर नाबाद ४९ रन ठोक दिये। आखिरी ओवर में भारत को आठ रन चाहिए थे और हाथ में सिर्फ एक विकेट था। मैच किसी भी तरफ जा सकता था। आखिरी गेंद पर जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी और प्लेयर आफ द मैच मोहित ने गेंद को चार रनों के लिए सीमारेखा के बाहर भेज भारत को एक विकेट से जीत दिला चैम्पियन बना दिया। अल अमीरात में इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले भारत ने १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९, २०२१ में यह ट्राफी जीती थी। इस जीत के साथ टीम इण्डिया ने लीग चरण और पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। तीन अर्द्धशतक और एक शतक के साथ ३६१ रन बनाने वाले आर्यवीर सहवाग को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। ३३८ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने पहले विकेट के लिए १७.४ ओवर में ९५ रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। आर्यवीर ने हाथ में गेंद लगने के बावजूद बल्लेबाजी जारी रखी और रिजवानुल्लाह (३-५३) की गेंद पर एक रन के साथ ५१ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। आर्यवीर हालांकि निकाब शफीक (२-५७) की गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में उस्मान खान को कैच दे बैठे। उन्होंने ६१ गेंद का सामना करते हुए नौ चौके की सहायता से ५८ रन बनाये। रायचंदानी ने इसके बाद वीके त्रिनीत (२४) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान ने हसनैन अब्बास डार की गेंद पर एक रन के साथ ७२ गेंद में इस टूर्नामेंट का तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया। रिजवानुल्लाह ने त्रिनीत को उस्मान के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा और फिर अर्जुन राजपूत (१६) को भी विकेटकीपर हमजा जहूर के हाथों कैच कराया। डार ने यशवर्धन चौहान (नौ) की पारी का अंत किया जबकि रायचंदानी और अन्वय द्रविड़ (१९) के विकेट लगातार गेंदों पर गंवाने से भारत संकट में घिर गया। रायचंदानी ने १०१ गेंद का सामना करते हुए पांच चौके की सहायता से ८० रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। भारत को अंतिम १० ओवर में ९० रन की दरकार थी। आर्वन सवसानी (नौ) और काव्य (शून्य) भी अधिक देर नहीं टिक सके। भारत की हार अवश्यंभावी दिख रही थी ऐसे में मनल चौहान और मोहित उल्वा ने ३५ गेंद में ५७ रन की पारी खेल भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। मनल ने मोहम्मद सैयम पर दो छक्के मारे जबकि मोहित ने रिजवानुल्लाह की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। मोहित ने अली रजा पर भी छक्का जड़ा। निकाब ने मनल को उस्मान के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया। मनल ने मात्र ३२ गेंद में तीन चौके, तीन छक्के की मदद से ४७ रन बनाये। इसके बाद मोहित ने सी वेंकट (नाबाद ११) के साथ मिलकर अन्तिम विकेट के लिए १६ गेंद में ३० रन की अटूट साझेदारी कर भारत का स्कोर ५० ओवर में नौ विकेट पर ३३९ रन कर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले उस्मान ने अपने सलामी जोड़ीदार हयाम खान (२१) के साथ महज ८.१ ओवर में ६२ रन की तेज साझेदारी की। उस्मान ने १०६ गेंद में शतक पूरा किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कादिर के साथ मिलकर बीच के ओवरों में दबदबा बनाया। कादिर ने महज ५४ गेंद में ८० रन बनाये और ३९ गेंद में अपना पहला युवा एकदिवसीय अर्द्धशतक पूरा किया। कादिर की आक्रामक पारी का अंत तब हुआ जब अर्जुन राजपूत की गेंद पर उनका ड्राइव कवर पर खड़े चौके विनीत के हाथों में चला गया। उस्मान भी इसके बाद अधिक देर तक नहीं टिक सके। तेज गेंदबाज काश्वा पटेल की गेंद पर शार्ट मिड आफ पर राजपूत ने उनका कैच लपका। पाकिस्तान का स्कोर ३६ ओवर के बाद तीन विकेट पर २४० रन था और टीम ने भारत के खिलाफ बड़े स्कोर की मजबूत नींव रख दी थी। कप्तान फरहान यूसुफ ने ६३ गेंद में ६० रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को ३०० रन के पार पहुंचाया। काव्य पटेल ने चार और विगुरुपति वेंकट ने तीन विकेट लिए।



# शृंखला फतह करने पर होगी भारत की नजरें

## न्यूजीलैण्ड करना चाहेगा बराबरी, पांचवां एकदिनी आज

**माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)।** भारतीय बल्लेबाज रविवार को यहां न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे जहां उनकी नजर शृंखला जीतने पर होगी। भारत शुक्रवार को यहां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलने के बावजूद शृंखला में २-१ से आगे है। स्विंग और सीम की अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और मैट हेनरी ने शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट झटककर अपनी टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि २०२७ में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर पांच मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गये और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गये। केवल एक प्रारूप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैण्ड के संभवत: अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है। चौथे मुकाबले में कोहली भी हेनरी की घातक गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं दे सके। न्यूजीलैण्ड के ३३४ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम का २६.४ ओवर में ८९ रन पर सिमट जाना मुख्य कोच गौतम गंभीर को बिल्कुल पसंद नहीं आया। गंभीर ने कहा ये ऐसी परिस्थितियां हैं जो विश्वकप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब होंगी। बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं है बल्कि यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गये। हम २६ या २७ ओवर में ही सिमट गये। यह हमेशा चिंता का विषय होता है। कप्तान अय्यर ने कहा कि दूसरी पारी में परिस्थितियां गेंदबाजों के काफी अनुकूल हो गयी थीं लेकिन दोनों टीम के तेज गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर था। न्यूजीलैण्ड ने छठे ओवर तक भारत का स्कोर चार विकेट पर नौ रन कर दिया था जबकि भारतीय तेज गेंदबाज शुरुआती पावरप्ले में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। गुरनूर बरार और आकिब नबी ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन रन भी लुटाये। शृंखला का अपना पहला मुकाबला खेलने उतरे कुलदीप यादव के खिलाफ विल यंग ने जमकर रन बनाये। इस दौरे पर अब तक बहुत कम मैच खेलने का मौका पाने वाले कुलदीप अगर अगले मुकाबले में उतरते हैं तो वह अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। टेस्ट टीम से रिलीज किये गये बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप न्यूजीलैण्ड दौरे का समापन यादगार प्रदर्शन के साथ करना चाहेंगे। दूसरी ओर न्यूजीलैण्ड के सामने शृंखला बराबर करने के लिए एक और करो या मरो का मुकाबला है। चौथे एकदिवसीय में अर्द्धशतक जड़कर सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने अपने करियर को नयी दिशा दी होगी जबकि रिलफ में दो बार कैच छूटने के बाद विल यंग ने शानदार शतक जड़ा। भारतीय तेज गेंदबाजों को शुरुआती १० ओवर में सलामी बल्लेबाजों को हावी होने से रोकना होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले ब्रेट रैंडेल को वे ओवल में खेलने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड ने पिछले सात वर्षों से अपनी धरती पर कोई शृंखला नहीं गंवाई है और ऐसे में वह चोट खाये लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपना यह रेकार्ड बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगायेगा।

**भारत**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, इशान किशन, अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव।

**न्यूजीलैण्ड**-मिचेल सैंटनर, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फाक्सक्राफ्ट, मिच हे, निक केली, ब्रेट रैंडेल, टिम सीफर्ट, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

**समय**-प्रात: ७.३० बजेसे।



# लक्ष्य सेन खिताबके करीब

## कुमामातो मास्टर्स

**कुमामोतो (एजेन्सियां)।** लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर १० अलवी फरहान को तीन गेमों में २१-१२, १५-२१, २१-११ से शिकस्त दी। यह लगातार दूसरा मौका है जब लक्ष्य किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इस खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के साथ ही उन्होंने बीडब्ल्यूएफ चल्र्ड टूर फाइनल्स (हांगकांग) के लिए क्वालिफाई करने की अपनी उम्मीदों को बेहद मजबूत कर लिया है। मुकाबले की शुरुआत से ही लक्ष्य ने अपनी रणनीतिक कुशलता का बेहतरीन परिचय दिया। फरहान के तेज और आक्रामक खेल के आगे लक्ष्य ने संयम दिखाते हुए धैर्यपूर्ण रैलियां बनाईं और सही मौके का इंतजार किया। सटीक रिटर्न और फोरहैंड पर सटीक वार करते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआत से ही बढ़त बना ली और आसानी से २१-१२ से पहला गेम अपने नाम कर लिया। इससे पहले लक्ष्य अपने दोनों मुकाबलों में फरहान से एक भी गेम नहीं जीत पाये थे लेकिन इस बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अपनी रणनीति से विरोधी को हैरान कर दिया। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। इस गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी और रोमांचक रैलियां देखने को मिलीं, जिसमें एक ५७ शाट की मैराथन रैली भी शामिल थी जिसमें लक्ष्य के शानदार डिफेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। हालांकि इस दौरान लक्ष्य ने कुछ गलतियां भी कीं और उन्होंने कई अंक गंवाये जिसका फायदा उठाकर फरहान ने यह गेम २१-१५ से जीतकर मैच को निर्णायक तीसरे गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक और तीसरे गेम में लक्ष्य ने एक बार फिर अपनी लय हासिल की और शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। मैच के दौरान फरहान को अंगुली से खून आने के कारण मेडिकल टाइमआउट भी लेना पड़ा जिसके बाद खेल फिर शुरू हुआ। अंतराल तक लक्ष्य ने अपनी बढ़त को मजबूत कर लिया था। इसके बाद उन्होंने अपने ट्रेडमार्क जंप स्मैश और सटीक डाउन-द-लाइन शाट्स लगाए। अंतत: फरहान की गलतियों और लक्ष्य के बेहतरीन आक्रमण की बदौलत भारतीय खिलाड़ी ने तीसरा गेम २१-११ से जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया।



# बरार टेस्ट टीम में शामिल, कुलदीप को किया रिलीज

**वेलिंगटन (एजेन्सियां)।** तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १९ नवम्बर से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए शनिवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए टीम से रिलीज (टीम से हटा लेना) कर दिया गया। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की। टेस्ट टीम में चयन के बाद बरार रविवार को माउंट मोनगानुई में होने वाले पांचवें और अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। न्यूजीलैण्ड की परिस्थितियों के तेज गेंदबाजों के अनुकूल होने के कारण कुलदीप को दो टेस्ट मैच की अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना नहीं थी। बीसीसीआई ने यह भी बताया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बेसिन रिजर्व में होने वाले मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गये हैं। **संशोधित टेस्ट टीम**-शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बरार।

# सूर्य कुमार ने दिलायी मुम्बई को जीत

## सैयद मुश्ताक अली ट्राफी



**कोलकाता (एजेन्सियां)।** सूर्यकुमार चाहर (अजेय ६०) के तूफानी अर्द्धशतक के दम पर मुम्बई ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में हैदराबाद को ४१ गेंदें शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। कोलकाता के जाधवपुर यूनिवर्सिटी कैंपस सेकेंड ग्राउंड पर खेले गये मुकाबले में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम २० ओवर में १७२ रन पर आलआउट हुई। जवाब में मुम्बई ने १३.१ ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। १७३ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई को अंगक्रिश रघुवंशी (२७) और हार्दिक तमोरे (२२) ने ४१ रन की साझेदारी करके मजबूत शुरुआत दिलाई। देव गौड़ ने रघुवंशी को विकेटकीपर भावेश सेठ के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर तमोरे ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए ४९ रन जोड़े। वर्मा ने तमोरे को तब बोल्ड कर दिया। यहां से मुशीर खान और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और हैदराबाद के गेंदबाजों के हौसले पस्त कर दिए। जब मुशीर खान आउट हुए तब मुम्बई जीत के बेहद करीब था। मुशीर ने २४ गेंदों में छह चौके और तीन छक्के की मदद से ५१ रन बनाये। उन्हें देव गौड़ ने त्यागराजन के हाथों कैच आउट कराया। फिर सूर्या ने शिवम दुबे (अजेय १३) के साथ मुम्बई को जीत दिलाई। सूर्या ने २१ गेंदों में छह चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद ६० रन की पारी खेली। इससे पहले मुम्बई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसे उनके गेंदबाजों ने जायज ठहराया। हैदराबाद का कोई बल्लेबाज अर्द्धशतक नहीं जमा सका। अभिरथ रेड्डी (३५) टीम के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। मुम्बई की तरफ से शार्दूल ठाकुर ने एक विकेट लिया। मैक्सवेल स्वामीनाथन मुम्बई के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने २३ रन देकर तीन विकेट झटके। शिवम दुबे और साईराज पाटिल को दो-दो विकेट मिले। अथर्व अंकोलेकर को भी एक सफलता मिली। इस जीत से मुम्बई को चार अंक मिले। ईदौर में पुरुष टी-२० में सबसे कम उम्र में कप्तानी का रेकार्ड बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी बल्ले से कमाल नहीं दिखा सके और १२ गेंद में १८ रन बना कर आउट हो गये जिससे बिहार को सौराष्ट्र के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वैभव को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने उन्हें रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा।

## सैफ चैंपियनशिप

# भारत फाइनल में

**ढाका (एजेन्सियां)।** गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को यहां पीयी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह के गोल की बदौलत भूटान को २-१ से हराकर सैफ फुटबाल चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। विष्णु ने आठवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने लंबे पास को नियंत्रित करने के बाद हाई पैर से लगाए शाट पर भूटान के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने २७वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। किपगेन को ओर से लिए गये कार्नर पर भूटान के खिलाड़ी गेंद को क्लीयर नहीं कर सके और इसका फायदा उठाते हुए चिंगलेनसाना ने नजदीक से शानदार गोल दाग दिया। भूटान ने ४८वें मिनट में तोबदेन के गोल से वापसी की। ग्येल्शेन के बाक्स के अंदर से लगाये गये शाट के बाद तोबदेन ने हेडर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। शुरुआत में आफसाइड करार दिये गये इस गोल को वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा के बाद सही ठहराया गया। यह मुकाबला सैफ चैम्पियनशिप के इतिहास में वीएआर प्रणाली के पदार्पण का भी गवाह बना। भारत ने मुख्य कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में अंडर-२३ की रिजर्व टीम उतारी है क्योंकि सीनियर टीम फिलहाल न्यूजीलैण्ड में मैत्री मुकाबले खेल रही है। खिताबी मुकाबला १७ नवम्बर को होगा।

**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, बरखान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, लोजपीर, वाराणसी-221002
09335414722

## आज का राशिफल — रविवार, 15 नवंबर 2026

| | |
|---|---|
| मेष- | परिस्थितियाँ अनुकूल, सलाह लेकर, धनलाभ का सुयोग, कड़ा संघर्ष, कठिनाइयों में कमी। |
| वृषभ- | अभूत कार्य पूर्ण, परेशानी में कमी, आरोग्य सुख, आपसी सम्बन्ध मधुर, हर्षोल्लास। |
| मिथुन- | पारिवारिक कार्यक्रम, जल्दबाजी प्रभावी, आय अधूरी, रिश्ते से मतभेद, धनहानि संभव। |
| कर्क- | भाग्योन्नति, परिस्थितियों पर विजय, कर्ज को निवृत्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा का प्रबंध। |
| सिंह- | व्यावसायिक विस्तार, चित्त प्रफुल्लित, कठिनाइयों में कमी, धार्मिक यात्रा संतोषजनक। |
| कन्या- | प्रगति प्रशस्त, आशानुकूल चर्चा, नौकरी में परोन्नति, ऋण पास्त, कर्ज की अदायगी। |
| तुला- | उलझने, शिक्षा में अरुचि, विरोधी प्रभावी, धनहानि, कार्यक्षमता में कमी, विचार भी। |
| वृश्चिक- | व्यवसायिक दृष्टिगत, आर्थिक सफलता, आशाएँ फलीभूत, विरोधी परास्त, प्रसन्नता। |
| धनु- | कार्य में प्रगति, कठिनाइयाँ हल, धार्मिक रुचि, प्रियजनों का सहयोग, मन प्रसन्न। |
| मकर- | सोचना साकार, महत्वपूर्ण उपलब्धि, परेशानी में कमी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा। |
| कुम्भ- | तनाव, मानसिक अशांति, क्रोध की अधिकता, कर्ज से चिंता, प्रतिष्ठा पर आघात। |
| मीन- | कार्य में वृद्धि, आरोग्य सुख, सलाह से कामयाबी, विवाद का समापन, यात्रा सफलतादायक। |

## आज है जिनका जन्मदिन — 15 नवंबर

आपका जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जन्मदिनांक १ जो स्वभाव से शुभ एवं मधुर को अभिव्यक्ति सहजता से करेंगे। जीवन शान्ति और धैर्य पूर्वक होगा। सामाजिक कुछ न कुछ सीखते रहेंगे। जीवन्त प्रसन्नता आपकी के साथ में अधिक समय करेंगे। नेतृत्व गुण आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगा। किसी बात को लेकर चिन्तन निराश हो जायेंगे। जल्दीबाजी और सुरक्षित्पूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। एक स्थान पर ज्यादा समय तक कार्य नहीं कर पायेंगे। निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकेंगे। जन-व्यवहार में और कुशल अधिक रहेंगे। कन सेंटर कर रहने पसन्द करेंगे। विपरीत समय में सदैव मुस्कुराते रहेंगे। शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक श्रम को अधिक महत्व देंगे। आधुनिकता एवं फैशन में रुचि होगी। आपकी स्मरण शक्ति तेज होगी। प्रमुख उद्देश्य सुख शान्ति का जीवन व्यतीत करना होगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं आर्थिक नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में संचित रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। शुभ रत्न यथोचित रूप से धारण करें।

**आजके लिए शुभ**
वार : अं शुं शुक्रवार नम:
वस्त्र : शुक्राकार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 6
रत्न : पन्नी, नकलमा एवं नकलमा
वर्ण : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
उपरत्न : हीरा उपरत्न : संगेर पुखराज
जड़ी : अंगद की जड़ दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 नवम्बर से 21 नवम्बर, 23 नवम्बर से 20 नवम्बर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 6 | 13 |
| 12 | 10 | 8 |
| 7 | 14 | 9 |

## सुडोकू ५०१५

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 8 | | | 6 | | | | | |
| | | | | | 5 | 1 | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 5 | | | | 2 | | |
| | | | 4 | 3 | | | | |
| | 7 | | | 8 | | | | |

**सुडोकू कैसे भरें-** दिये गये खेल और अन्दर की खेलने के लिये ९ छोटे वर्ग बने होते हैं। अब दी हुई संख्याओं के अनुसार ही खाने दिये गये हैं। आपको १ से ९ की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के अंक खड़ी में ९ वर्ग की संख्या

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 3 | 9 | 6 | 5 |

सम ५०१४

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरना छापर गांव के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर भटनी पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, जिरासो निवासी ओमप्रकाश सिंह चार नवंबर को अपने भतीजे राजेश सिंह के साथ बाइक से बाजार गए थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे पुरना छापर गांव के पास ओमप्रकाश बाइक रोककर नीचे उतरे, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल संख्या क्र52 ष्टरु1692 ने टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश सिंह और राजेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पत्नि रेनू देवी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला का चौथा वांछित गिरफ्तार

हाटा(कुशीनगर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के लंगड़ी खाड़े टोला पुल के पास मूर्ति विसर्जन के बाद देवराजपुर निवासी दो युवकों के गले पर चाकू से वार के मामले मे दर्ज अभियोग का चौथा वांछित अभियुक्त को शनिवार दोपहर 2ः04 के लगभग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा व क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह कसया कुशीनगर के कुशल पर्वेक्षण व प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व मे वांछितों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे दिनांक 14.11.2026 को समय करीब 14.04 बजे मु0अ0सं0 569/2026 धारा 115(2)/109/191(2) बीएनएस अभियोग का वांछित अभियुक्त 1.सोनू यादव उर्फ दूधनाथ उम्र निवासी लंगडी यादव टोला थाना को0हाटा जनपद कुशीनगर को रधिया देवरिया नहर पुल से गिरफ्तार किया गया।

# सटीक जनगणना के आंकड़े ही विकास योजनाओं का मजबूत आधार - संजय चौहान

पडरौना, कुशीनगर। जनगणना के सटीक आंकड़े ही भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों का मजबूत आधार हैं। सही आंकड़ों से ही पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है। यह बातें जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि इस बार डिजिटल जनगणना के साथ पहली बार स्वगणना की सुविधा भी दी जा रही है। इसके तहत 16 से 30 नवंबर तक नागरिक मोबाइल, लैपटॉप अथवा कंप्यूटर से आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in ? पर अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने पर एक विशेष स्वगणना आईडी मिलेगी, जिसे प्रगणक के घर पहुंचने पर उपलब्ध कराना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और व्यक्तिगत विवरण आरटीआई के दायरे से बाहर होंगे। स्वगणना के बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 7,840 एन्यूमरेशन ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं। इनके लिए 6,822 प्रगणक और 1,021 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। जनपद में छह तहसीलें, 1,455 राजस्व ग्राम तथा 13 नगरीय निकाय हैं।



**❑16 से 30 नवंबर तक चलेगा स्वगणना अभियान, मोबाइल से स्वयं दर्ज कर सकेंगे परिवार का विवरण ❑ जनपद में 7,840 एन्यूमरेशन ब्लॉक, 6,822 प्रगणक और 1,021 सुपरवाइजरों की तैनाती**

अनुमानित जनसंख्या 47,56,648 है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि स्वगणना में सही जानकारी दर्ज करें और घर पहुंचने वाले जनगणना कर्मियों को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही बेहतर विकास की आधारशिला हैं।

# एसपी ने भटनी थाने का किया निरीक्षण, फरियादियों की सुनी शिकायत

भटनी (देवरिया)।पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर शनिवार को भटनी थाने पहुंचे। उन्होंने दोपहर 1ः30 बजे से 2ः10 बजे तक आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया।

**❑ जंगली जलपा माता मंदिर के छठ घाट का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश**

समाधान दिवस के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान अपराध रजिस्टर और उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने की हिदायत दी। जिस दौरान थाना प्रभारी पंकज गुप्ता सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके पूर्व में पुलिस अधीक्षक जंगली जलपा माता मंदिर पहुंचे और परिसर स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के संबंध में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने घाट और संपर्क मार्गों पर नियमित निगरानी रखने तथा पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा।



### स्कार्पियो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाने में विजयपीपुर थाना जिला गोपालगंज बिहार निवासी ग्राम विरवट विनोद यादव पुत्र गंगासागर स्कार्पियो चालक के विरुद्ध भटनी थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । विमला देवी पत्नी श्यामलाल यादव ग्राम मगहरा थाना खुखुन्दू निवासिनी द्वारा स्कार्पियो चालक विनोद यादव पर गलत ढंग से वाहन चलाने काआरोप लगाते हुए थाने में दिये गये तहरीर में लिखी है कि मेरा पुत्र राजन अपने दोस्त उमेश कुशवाहा के साथ 11नवम्बर के साढे सात बजे बजे खोरीबारी से अपनै घर वापस आ रहा था ।जब शोभा देवी फार्मेसी कालेज के सामने पहुँचा ही था कि उसी समय भटनी के तरफ से स्कार्पियो को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए चालक विनोद यादव गलत तरफ मोड दिया । जिससे मेरा पुत्र गम्भीर रुप से घायल हो गया बाईक क्षतिग्रस्त हो गयी ।उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले जाया गया ।वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उपचार के लिए मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया ।मेरे पुत्र का पैर टुट गया ।

# खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत, आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती महिलायें

नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर) चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। शनिवार को दूसरे दिन खरना का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम को स्नान कर भगवान सूर्य तथा छठी मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद गुड़ की खीर, रोटी सहित पारंपरिक प्रसाद ग्रहण किया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो गया। रविवार को छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके लिए सुबह से ही घरों में पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ पूजा में फल, फूल, नारियल, गन्ना, सूप, दउरा सहित अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। छठ पर्व को लेकर नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के खजुरी बाजार, नौरंगिया , कोटवा, मेहंदीया,नेबुआ,पकडियार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी चहल-पहल देखने को मिल रही है। बाजारों में फल, नारियल, गन्ना और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। घरों में छठी मैया के पारंपरिक लोकगीत गूंज रहे हैं। परिवार के सदस्य भी पूजा की तैयारियों में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। मंशाछपरा निवासी सुनीता देवी ने बताया कि छठ महापर्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा, विश्वास और पारिवारिक सुख-समृद्धि का प्रतीक है। इस पर्व में स्वच्छता, पवित्रता और नियमों का विशेष महत्व होता है। वहीं गोइती बुजुर्ग निवासी पूनम देवी ने कहा कि छठी मैया की पूजा पूरे विधि-विधान और निष्ठा के साथ की जाती है। इस पर्व की खासियत है कि परिवार के सभी सदस्य मिलकर पूजा की तैयारियों में सहयोग करते हैं। इससे परिवार में आपसी प्रेम और एकता की भावना मजबूत होती है। खजुरी बाजार निवासी कुशमावती देवी ने बताया कि छठ महापर्व हमारी पुरानी परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है।



इस पर्व में व्रती महिलाएं कठिन नियमों का पालन करते हुए भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना करती हैं। उन्होंने कहा कि छठी मैया से परिवार की सुख-शांति, संतान की खुशहाली और समाज के कल्याण की कामना की जाती है।

# छठ महापर्व की तैयारियों का अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

कप्तानगंज (कुशीनगर)। नगर के छोटी गंडक नदी तट पर छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चल रही तैयारियों का अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत से तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। कप्तानगंज रामजानकी घाट पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय व अधिशाषी अधिकारी योगेश प्रताप मिश्रा ने छठ घाट पर श्रद्धालुओं को संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक इंतजामों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



साथ ही आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विजय कन्नौजिया वीरेंद्र यादव सचिन दिवाकर सुनील विश्वकर्मा दीपक अग्रहरि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### नीलगाय से टकराकर कार क्षतिग्रस्त,दो युवक घायल

भटनी(देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटी गण्डक नदी के पुल के उत्तर कार से टकराई नीलगाय ,कार हुई बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। कार में सवार दो युवक भी गम्भीर रुप से घायल हो गये ।जिनका उपचार मेडिकल कालेज देवरिया में चल रहा है । बताया गया है कि ग्राम पिपरादीक्षित थाना भटनी निवासी हरिओम दीक्षित एवं आकाश दीक्षित कार से भटनी बाजार शुक्रवार को किसी कार्य से गये थे । लगभग आठ बजे के करीब घर वापस आ रहे थे ।

जब छोटी गण्डक नदी के पुल से उत्तर तरफ पहुंचे उसी समय एक नीलगाय आकर कार के अगले हिस्से में आकर घुस गयी ।जिससे कार का अगला हिस्सा बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमें सवार आकाश दीक्षित एवं हरिओम दीक्षित गम्भीर रुप में घायल हो गये ।

दो घायलो को उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले जाया गया ।जहाँ स्थित गम्भीर होने के बाद मेडिकल कालेज उपचार के लिए चिकित्सक ने भेज दिया । जहां उपचार चल रहा है ।

# छठ महापर्व के मंचन से विद्यार्थियों ने बिखेरी लोक संस्कृति की छटा

पकड़ियार बाजार (कुशीनगर)। सुखाई स्थित विद्या इंटर कॉलेज में छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से लोक आस्था और परंपरा का सजीव चित्रण किया। छठ पूजा के विभिन्न अनुष्ठानों का मंचन कर विद्यार्थियों ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।प्रस्तुति के दौरान बच्चों ने छठ व्रत की तैयारियों, कठिन साधना, घाटों पर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा और छठी मइया की आराधना को आकर्षक ढंग से मंच पर उतारा। उनके अभिनय में छठ महापर्व की पवित्रता, अनुशासन और पारिवारिक समर्पण की झलक देखने को मिली। प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकजुटता का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा और प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश तिवारी, अभिनाष पाण्डेय, बृजेश मिश्र, संदीप मिश्र, पवन भास्कर, आंचल, ब्यूटी, शिवपाली, वंदना, संचालक रोशनी, आरती एवं अजीत कुमार यादव सहित विद्यालय के अन्य लोग मौजूद रहे। सेवा सहयोग के नाम पर अभाव का रोना रोने वालों के लिए प्रेरणा है बिहारी मोची।



# मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य की जानकारी है जरूरी - मयंक त्रिपाठी

हाटा(कुशीनगर)। प्रतियोगिता एक ऐसी विधा है जो बच्चों के प्रतिभा में निखार लाती है और आगे बढ़ने में सहायक होती है।



उक्त बातें शुक्रवार को सुभाष इण्टर कॉलेज बेदुपार में आयोजित निबंधन प्रतियोगिता में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मयंक त्रिपाठी ने कही।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर 18 साल के बच्चे बच्चियों को अपना नाम मतदाता सूची में डलवा लेना चाहिये साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

आगे उन्होंने संविधान के भाग 3व 4 के नागरिक में मौलिक अधिकार व कर्तव्य के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि इस विषय पर मैं इसी विद्यालय में व्याख्यान आयोजित करूंगा।प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी संगम विश्वकर्मा प्रथम ,चाँदनी कुमारी द्वितीय,नैना सिंह तृतीय रहीं जिन्हें पुरस्कार से नवाजा गया।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में तसीलदार हाटा जया सिंह ने भी सम्बोधित किया । वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पाण्डेय ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर शिक्षक अभिनीत राय,शैलेंद्र पाण्डेय,अभिषेक पाण्डेय, विजय यादव, प्रदीप मौर्य, रिया जायसवाल, अंशू कुमारी,अवधेश प्रजापति,सचिन मिश्रा, रोहित कुमार सहित सभी विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्र की जांच रिपोर्ट पर प्रधानाचार्या ने उठाए सवाल, डीएम से की निष्पक्ष जांच की मांग

भटनी (देवरिया)। यशोदा देवी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, नरेश जी पुरम धांटी की प्रधानाचार्या सुमन राय ने विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाए जाने के संबंध में स्थानीय जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने 14 नवंबर को जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रधानाचार्या ने पत्र में बताया है कि उनका विद्यालय भटनी ब्लॉक का एकमात्र बालिका विद्यालय है, जो पिछले कई वर्षों से परीक्षा केंद्र बनता रहा है। पिछले वर्ष भी यहां परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुई थीं। उनके अनुसार विद्यालय पर आज तक किसी प्रकार की शिकायत या आरोप नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी कारणवश विद्यालय परीक्षा केंद्र नहीं बन पाया, जिसके बाद उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रत्यावेदन दिया था। इसके क्रम में तहसील स्तर के एक अधिकारी द्वारा विद्यालय की जाँच की गई। प्रधानाचार्या ने आरोप लगाया है कि विद्यालय संचालक प्रवीन कुमार राय के पास तहसील के एक कर्मचारी द्वारा फोन कर कुछ रुपये की माँग भी की गई कुछ रकम देने के बाद शेष बाकी रह जाने पर विद्यालय में चारदीवारी और लोहे का गेट नहीं होने की रिपोर्ट लगा दी गई। प्रधानाचार्या का दावा है कि जुलाई माह में जिला स्तर से गठित विस्तृत जांच टीम ने विद्यालय में सभी निर्धारित मानकों और नियमों को सही पाया था। उन्होंने इसके समर्थन में जांच रिपोर्ट की छायाप्रति भी संलग्न करने की बात कही है। प्रधानाचार्या सुमन राय ने जिलाधिकारी से किसी सक्षम जिला स्तरीय अधिकारी से विद्यालय की दोबारा निष्पक्ष जांच कराने तथा लगाए गए आरोपों की पड़ताल कर दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्कूल में बाल दिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिता, सफल प्रतिभागी पुरस्कृत

भटनी (देवरिया)के के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरिकीर्तन मुहल्ले में स्थित स्कूल में बाल दिवस के अवसर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया । म्यूजिक चेयर ,नीबू -चम्मच दौड ,बोरी दौड रस्साकशी ,रिलेरेस ,बैलून रेस ,कबड्डी खो -खो के प्रतियोगिता का आयोजित की गयी । प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपने कलाकौशल का बेहतरीन प्रदर्शन कर तालियां बटोरी ।सफल प्रतिभागियों को कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने पुरस्कार किया । कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने खेलाडियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की खेल एकता आपसी सहयोग अनुशासन की भावना जागृत करता है । कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।



### तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमौटा घुरी में मारपीट के मामले में तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है । ग्राम कुमौंटाघुरी निवासिनी कृष्णावती देवी पत्नी जगरोशन प्रसाद ने गाँव के ही काशी प्रसाद पुत्र रामलछन टीपु पुत्र काशी लालु प्रसाद पुत्र छेदी प्रसाद आरोप लगाते हुए थाने में दिये गये तहरीर में लिखी है कि दीपावली के अवसर पर घर के बच्चे पटाके छोड रहे थे ।इसी बात से नाराज सभी आरोपी गाली देते हुए मारने पीटने लगे ।जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने 115(2) ,352,351(3) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

# गणित ओलंपियाड परीक्षा में मोतीचक के चार छात्रों ने लहराया परचम

हाटा(कुशीनगर)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर पर आयोजित गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में मोतीचक विकास खण्ड के एक छात्र तथा तीन छात्राओं ने द्वितीय, सातवां, आठवां व दसवां स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। उक्त गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक के नेतृत्व में हुआ। उक्त प्रतियोगी परीक्षा आनंद कुमार शुक्ल व एकरामुल्लाह सिद्दकी प्रवक्ता उदित नारायण इण्टर कालेज पडरौना (मूल्यांकन कर्ता),गणित प्रवक्ता व नोडल शिवनाथ चक्रवर्ती, सांख्यिकी प्रवक्ता चन्द्रशेखर, विज्ञान प्रवक्ता, श्री वेद शंकर गुप्ता के निर्देशन/देखरेख में सम्पन्न हुई। इस दौरान जनपद के सभी विकास खण्डों से 10-10 छात्र एवं छात्राएं लगभग 140 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र एवं छात्राओं के उमंग,जोश और उत्साह को देखते ही बन रहा था। विकास खण्ड मोतीचक से उक्त प्रतियोगी परीक्षा में रजनी गुप्ता उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर द्वितीय रैंक,सेजल यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय फर्द मुण्डेरा सातवां रैंक,अंजली सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय फर्द मुण्डेरा आठवां रैंक,वर्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी दसवां रैंक प्राप्त करके विद्यालय,विकास खण्ड,का नाम रोशन करते हुए जनपद स्तर पर परचम लहराया है। उक्त सभी छात्र एवं छात्राओं के सफलता पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह,दिनेश कुमार सिंह,नागेन्द्र सिंह, हारून रशीद,शीला मल्ल, राधेश्याम वर्मा,मार्कण्डेय नाथ त्रिपाठी,धीरेन्द्र कुमार सिंह, राहुल कुमार,मुन्ना सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार,दिपेश सिंह,रंजू सिंह,चन्द्रहास मिश्र,मंजू देवी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,नूर आलम,भगवती प्रसाद,प्रिया मिश्रा,धनन्जय कुमार सिंह आदि शिक्षक बन्धुओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्नेह,प्यार और आशीर्वाद एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की तथा उनके विद्यालय परिवार के सभी सम्मानित शिक्षक बन्धुओं को ढेर सारी बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी।



# जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास का वास्तविक स्वरूप - विनय राघव दास

तुर्कपट्टी,कुशीनगर। ग्रामसभा सपही बरवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पं. विनय राघव दास जी महाराज ने महारास प्रसंग की आध्यात्मिक महत्ता का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास का वास्तविक स्वरूप है। जब जीव अनन्य भाव से भगवान की भक्ति करता है और स्वयं को सर्वतोभावेन उनके चरणों में समर्पित कर देता है, तब भगवान स्वयं प्रकट होकर अपने भक्त की भक्ति को पूर्णता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि महारास केवल एक प्रसंग नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के बीच अटूट प्रेम, समर्पण और आध्यात्मिक एकात्मता का प्रतीक है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं और अन्य धार्मिक प्रसंगों की विस्तार से व्याख्या की गई। इसके बाद कंस वध प्रसंग का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। कथा का विशेष आकर्षण रुक्मिणी मंगलोत्सव रहा। इस अवसर पर आकर्षक एवं दिव्य झांकी सजाई गई। मंगलगीतों और भक्ति संगीत के बीच रुक्मिणी मंगलोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति और आनंद में सराबोर नजर आए। पूरा कथा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।



### 137 वीं जयंती पर याद किए गए पं नेहरू

फाजिलनगर,कुशीनगर। शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की 137 वीं ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर बाल दिवस के रूप में मनाई गई।अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक अध्यक्ष पलटन यादव ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पी थे देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी वैज्ञानिक सोच ने देश में शैक्षिक व सामाजिक विकास किया।जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, विधानसभा प्रभारी गोरख यादव आदि ने भी संबोधित किया इस दौरान अनुज प्रसाद ठाकुर, अलाउद्दीन सिद्दीकी, शमीम खान, भुवाली प्रसाद, जगनारायण प्रसाद, मुस्तफा शेख, विनोद गुप्ता, शम्भू लाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बोले सितारे

## साप्ताहिक राशिफल- १६-२२ नवम्बर, २०२६

### मेष -

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने कार्य को असमंजस अथवा जल्दबाजी में करने से बचना चाहिए, अन्यथा गलतियां होने की आशंका रहेगी। इस सप्ताह आप उन लोगों से खूब सावधान रहें जो आपके कार्य को बिगाड़ने के लिए अक्सर षड़यंत्र रचते रहते हैं। सप्ताह के पूर्वार्ध में सेहत और संबंध दोनों को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। घर से जुड़ी समस्याओं का असर आपके कामकाज पर भी देखने को मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह सप्ताह सामान्य, व्यापारियों के लिए मध्यम और छात्रों के के लिए औसत फलदायी कहा जाएगा। ऐसे में कार्यक्षेत्र में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बनाए रखें और अपने काम में भूलकर भी लापरवाही न करें। सप्ताह के मध्य में मानसिक चिंता आपके कामकाज में शिथिलता ला सकती है। इस दौरान छात्र वर्ग का मन पढ़ाई लिखाई से उचट सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में जीवनसाथी अथवा लव पार्टनर से किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। इस दौरान अपने क्रोध पर काबू रखें और लोगों को अधिक सुनने और समझने का प्रयास करें।

**उपाय-** प्रतिदिन हनुमत उपासना तथा बजरंग बाण का पाठ करें।

### तुला -

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको आलस्य और अभिमान से बचते हुए अपने कार्य को कल पर टालने से बचना चाहिए। सप्ताह की शुरुआत थोड़ी उलझन को लिए रहेगी। इस दौरान आर्थिक दृष्टि से समय थोड़ा कष्टकर रह सकता है। अचानक से कुछेक बड़े खर्च आने से बना-बनाया बजट गड़बड़ा सकता है। कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थितियां बनेंगी। कार्य विशेष में अड़चन आने से मन खिन्न रहेगा। इस सप्ताह तुला राशि के जातकों को दूसरों के उकसावे में आकर अपना आपा खोने या गलत निर्णय लेने से बचना होगा। किसी भी योजना में धन निवेश अथवा भूमि-भवन की खरीद-फरोख्त करते समय कागजी काम सही तरीके से करें। सप्ताह के अंत में तुला राशि के जातकों को मौसमी बीमारी को लेकर सचेत रहना होगा। इस दौरान पेट संबंधी कष्ट होने की आशंका बनी रहेगी। प्रेम प्रसंग में उतावलेपन और दिखावा करने से बचें। इस सप्ताह अपनों के प्रति आपकी बेरुखी रिश्तों में दरार डालने का काम कर सकती है। मन को चंचलता पर काबू रखें और बड़ों की सीख को इग्नोर न करें।

**उपाय-** प्रतिदिन देवी दुर्गा की विधि-विधान से पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।

### वृष -

वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुखमय और लाभप्रद रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने करियर और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत नौकरीपेशा लोगों के बेहद शुभ रहने वाली है। इस दौरान उन्हें बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आप पर कृपायमान रहेंगे और कनिष्ठ लोगों का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा। जो छात्र किसी परीक्षा-प्रतियोगिता या फिर उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं, उन्हें परिश्रम का पूरा फल प्राप्त होगा। यदि आपके जीवन में बीते कुछ समय से कोई समस्या चली आ रही है तो इस सप्ताह उसका समाधान धीरे-धीरे ही सही निकलता हुआ नजर आएगा। भूमि-भवन से जुड़े विवाद संवाद के जरिए सुलझेंगे। व्यवसाय से जुड़ी यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। आर्थिक दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ साबित होगा। इस दौरान आपको अचानक कहीं से धन की प्राप्ति संभव है। रिश्ते-नाते की दृष्टि से पूरा सप्ताह शुभ कहा जाएगा। आत्मीय लोगों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध में मिठास बनी रहेगी।

**उपाय-** प्रतिदिन स्फटिक के शिवलिंग की पूजा एवं शिव चालीसा का पाठ करें।

### वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के जीवन में इस सप्ताह सुख-सौभाग्य बना रहेगा। सप्ताह की शुरुआत से ही आपको कार्य विशेष को लेकर मनचाही सफलता मिलती हुई नजर आएगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हुए हैं तो इस हफ्ते बाजार में फंसा हुआ धन निकल आएगा। आर्थिक लाभ की दृष्टि से सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले पूर्वार्ध कहीं ज्यादा बेहतर रहेगा। ऐसे में आपको अपने करियर-कारोबार से जुड़े अहम निर्णय इसी दौरान लेने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के मध्य में आपको कार्य विशेष के लिए सम्मानित किया जा सकता है। इस दौरान लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। वृश्चिक राशि के जो जातक किसी परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए हैं, उन्हें इस सप्ताह के अंत तक बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह सुखद व्यतीत होने वाला है। सप्ताहांत अचानक परिवार अथवा आत्मीय लोगों के साथ पिकनिक-पर्यटन आदि का कार्यक्रम बन सकता है। इस सप्ताह आप पर पिता का विशेष स्नेह और आशीर्वाद बरसेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**उपाय-** प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में श्री सुंदरकांड का पाठ करें।

### मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह हफ्ता गुडलक लिए हुए है। यह सप्ताह नौकरीपेशा और व्यापारियों के लोगों के लिए बेहद शुभ एवं लाभप्रद साबित होने वाला है। यदि आप बीते कुछ समय से अपने कार्यक्षेत्र में किसी समस्या से जूझ रहे थे तो इस हफ्ते आपको उसका समाधान मिल जाएगा। विरोधी परास्त होंगे और कार्यक्षेत्र में स्थितियां आपके अनुकूल होंगी। सेहत से जुड़ी समस्याओं में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। चूंकि भाग्य आपके साथ है, इसलिए मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह व्यर्थ की चिंता को छोड़कर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना बेस्ट देने का प्रयास करना चाहिए।रिश्ते-नातों को बेहतर बनाए रखने के लिए मिथुन राशि के जातकों को स्वजनों पर दोषारोपण करने से बचते हुए उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी योजना अथवा बाजार में फंसे धन के निकलने की संभावनाएं बनेंगी। संतान पक्ष से जुड़ी चिंताएं दूर होंगी। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार होगा। भूमि-भवन आदि का सुख प्राप्त होगा। सप्ताह के अंत में अचानक से तीर्थ दर्शन या फिर कहें धार्मिक यात्रा आदि का प्रोग्राम बन सकता है।

**उपाय-** प्रतिदिन उगते हुए सूर्य देवता को जल देकर सूर्यसूक्त का पाठ करें।

### धनु -

धनु राशि के जातकों के जीवन में बीते हफ्ते की भांति इस सप्ताह भी सुख-सौभाग्य बना रहेगा। इस राशि के जातकों को कदम-कदम पर किस्मत का साथ मिलेगा और सोचे हुए कार्य आसानी से बनते हुए नजर आएंगे। सप्ताह की शुरुआत में संतान अथवा किसी सगे-संबंधी से जुड़ा सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है। बेरोजगार लोगों को रोजगार की प्राप्ति तो वहीं पहले से कार्यरत लोगों को मनचाहे स्थान पर तबादला या पदोन्नति का पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी और सीनियर का पूरा आशीर्वाद बरसेगा। यदि आप व्यवसायी हैं तो इस हफ्ते कारोबार में मनचाहा मुनाफा होने की संभावना बनेगी। इस सप्ताह व्यवसाय से जुड़ी यात्राएं और निर्णय काफी अहम साबित होंगे। कुल मिलाकर आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों से मुक्ति मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के कद एवं पद में वृद्धि के योग बनेंगे। आम जनमानस के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आत्मीय संबंधों में मिठास बनी रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच एकता और सामंजस्यता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। विवाहित लोगों को संतान सुख की प्राप्ति संभव है।

**उपाय-** प्रतिदिन भगवान विष्णु की पूजा करें तथा गुरुवार के दिन किसी मंदिर में पूजा की सामग्री दान करें।

### कर्क -

कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुख-सौभाग्य को लिए हुए है। यदि आप बीते कुछ समय से किसी समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे या फिर खुद को हताश-निराश पा रहे थे तो इस हफ्ते उसका समाधान निकलता हुआ नजर आएगा। चीजों के पटरी पर आने से आपका खोया हुआ आत्मविश्वास वापस आएगा और आप अपने करियर-कारोबार को एक बार फिर पूरे जोश के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करेंगे। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपको इष्ट-मित्रों की तरफ से पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा और आप जटिल कार्यों को भी बुद्धि-विवेक से निपटाने का प्रयास करेंगे। सप्ताह के मध्य में आपकी आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोगों की आय के नये स्रोत बनेंगे। व्यवसाय के विस्तार की योजनाएं फलीभूत होती हुई नजर आएंगी। इस सप्ताह आप अपनी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण पा लेंगे, जिससे आपके संचित धन में वृद्धि होगी। कर्क राशि के जातकों को अपने कामकाज के साथ रिश्तों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। विशेष रूप से जीवनसाथी के प्रति उदासीनता से बचें और उसकी भावनाओं की कद्र करें। प्रेम-प्रसंग में स्थितियां सामान्य बनी रहेंगी।

**उपाय-** प्रतिदिन किचन में बनी पहली रोटी गाय को खिलाएं और भगवान बटुक भैरव की प्रतिदिन आराधना करें।

### मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अनुकूल रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरे होंगे। घर और बाहर दोनों जगह आपको सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मान-सम्मान और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो यह हफ्ता आपके लिए काफी लाभप्रद रहने वाला है। कारोबार में आ रही अड़चन दूर होंगी और आर्थिक प्रगति होगी। मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह भूमि-भवन के जरिए विशेष लाभ होने की संभावना बनेगी। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग बनेंगे। सप्ताह के उत्तरार्ध में कार्य विशेष को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी। इस दौरान आपको आय के नये स्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज की तारीफ होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में उच्च शिक्षा की प्राप्ति में आ रही अड़चन दूर होंगी। आप अपनी सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों पर धन खर्च करेंगे। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह हफ्ता शुभ साबित होगा। परिवार में शुभ कार्य संपन्न होंगे। इष्ट मित्रों से मुलाकात होगी। संतान पक्ष की प्रगति से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध में नजदीकियां बढ़ेंगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**उपाय-** प्रतिदिन भगवान शिव को भस्म अर्पित करके रुद्राक्ष का पाठ करें।

### सिंह -

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता लिए हुए है। इस सप्ताह आपको अपने द्वारा किये गये परिश्रम और प्रयास का पूरा फल प्राप्त होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में बहुप्रतीक्षित मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। इस दौरान करियर-कारोबार के सिलसिले में आपके द्वारा बुद्धिमानी पूर्वक लिए गये निर्णय लाभदायक साबित होंगे। व्यवसाय से जुड़े लोग इस सप्ताह कोई बड़ी कारोबारी डील कर सकते हैं। आर्थिक उन्नति के पूरे योग बने हुए हैं। नौकरीपेशा लोगों को अपने सहयोगियों की मदद से कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने की संभावना बनेगी। आमदनी के मजबूत स्रोत बनेंगे। यदि आप किसी योजना आदि में निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना बिल्कुल न भूलें। सिंह राशि के जातकों का इस सप्ताह पारिवारिक एवं आर्थिक जीवन सुखमय बना रहेगा। पिता की तरफ से विशेष आशीर्वाद एवं सहयोग मिलता रहेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में स्वजनों के साथ आमोद-प्रमोद के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ रिश्ते प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**उपाय-** प्रतिदिन भगवान श्री विष्णु की पूजा पीले पुष्प अर्पित करके करें तथा श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें।

### कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को सप्ताह की शुरुआत में कामकाज के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करना होगा। इस दौरान कार्यक्षेत्र में सफलता तो मिलेगी लेकिन आत्मविश्वास में कुछ कमी रहेगी। इस हफ्ते आपको कार्यक्षेत्र में हानि और अपमान से बचने के लिए क्रोध करने से बचना होगा। सप्ताह के मध्य में कामकाज के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा के दौरान प्रभावी लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे, जिनकी मदद से लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको कामकाज से जुड़ी कुछेक मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। यह समय चिंता छोड़ चिंतन करने का रहेगा। इस दौरान दूसरों की आलोचना करने की बजाय स्वयं के भीतर सुधार लाना उपयोगी साबित होगा। इस सप्ताह विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। उन्हें मनचाही सफलता पाने के लिए एकाग्र मन से अध्ययन करते हुए विशेष परिश्रम और प्रयास करना होगा। प्रेम संबंध को मजबूत बनाए रखने के लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखें। मौसमी बीमारी को लेकर सचेत रहें।

**उपाय-** प्रतिदिन शिवलिंग पर जल अर्पित करके शिवमहिम्न स्तोत्र का पाठ करें।

### कन्या -

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में सोचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान आपको घर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो आपको अपने काम में लापरवाही करने से बचना होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय अति व्यस्तता लिए रहने वाला है। इस दौरान आपके सिर पर अचानक से कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। कामकाज की अधिकता के चलते आपकी सेहत और खानपान प्रभावित हो सकता है तो वहीं परिवार को समय न दे पाने से परिजन की नाराजगी भी झेलनी पड़ सकती है। इस सप्ताह आपकी परिवार के प्रति बेरुखी रिश्तों में तनाव ला सकता है। ऐसे में लोगों के साथ विनम्रता के साथ बात-व्यवहार करें तथा उनकी आवश्यकताओं और भावनाओं को समझने का प्रयास करें। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस हफ्ते जोखिम भरे निवेश से बचना चाहिए। आपकी आय और व्यय दोनों यथावत रहेंगे। छात्र वर्ग को मनचाही सफलता के लिए सामान्य से कहीं ज्यादा परिश्रम की आवश्यकता बनी रहेगी।

**उपाय-** प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी को दूर्वा अर्पित करके पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।

### मीन -

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही लाभप्रद साबित होने जा रहा है। इस सप्ताह आपको कामकाज में अनुकूलता बनी रहेगी और स्वजनों से मनचाहा सुख-सहयोग प्राप्त होगा। सप्ताह की शुरुआत साझेदारी में व्यवसाय करने वालों के लिए अत्यंत ही शुभ साबित होगी। इस दौरान उन्हें बिजनेस में मनचाहा लाभ प्राप्त होगा। इस हफ्ते आप कोई बड़ी कारोबारी डील फाइनल कर सकते हैं, जिससे मार्केट में आपकी साख बढ़ेगी। कुल मिलाकर आर्थिक दृष्टि से समय आपके पक्ष में रहने वाला है। जिसके चलते आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी और संचित धन में वृद्धि होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आप किसी वरिष्ठ सदस्य की सलाह और सहयोग से घरेलू समस्या का समाधान खोजने में कामयाब हो जाएंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमता पर भरोसा रखते हुए लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए तथा विरोधियों की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए। पारिवारिक दृष्टि से यह सप्ताह अति उत्तम रहने वाला है। सप्ताह के मध्य में आपके घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। घर के किसी प्रिय सदस्य की उपलब्धि से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेमी जनों को उनके लव पार्टनर से मेल-मुलाकात करने का अवसर प्राप्त होगा। लव पार्टनर के साथ पैदा हुई गलतफहमियां संवाद के जरिए दूर होंगी।

**उपाय-** प्रतिदिन हनुमान जी को बेसन-गुड़ का भोग लगाकर श्री सुंदरकांड का पाठ करें।


# कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद नौतनवॉ, महराजगंज



मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत सरकार



मा. ऋषि त्रिपाठी
विधायक-नौतनवा



मा. योगी आदित्यनाथ जी महराज
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश





लोक आस्था के महापर्व **छठ पूजा** की
आप सभी को ढेर सारी **शुभकामनाएं**



**बृजेश मणि त्रिपाठी**
अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद
नौतनवॉ (महराजगंज)

**संदीप कुमार सरोज**
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद
नौतनवॉ (महराजगंज)

एवं सभी सम्मानित सभासदगण आदर्श नगर पालिका परिषद नौतनवॉ, महराजगंज



